सुप्रभात
रांची, बुधवार
11.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 91



12 सुष्मिता सेन की आर्या सीजन 3 का टीजर रिलीज

# कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के अंतिम दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

## पुष्प वर्षा के बीच मांडर से रांची लाया गया पार्थिव शरीर, लोयला मैदान में आज धर्म विधि-संस्कार

- मांडर से रांची तक विभिन्न पल्ली के लोगों ने बनायी मानव शृंखला
- रोम से पोप के प्रतिनिधि समेत देशभर से आयेंगे बिशप व पल्ली-पुरोहित
- आज सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक कर सकेंगे अंतिम दर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर छह दिनों बाद मांडर के लिंवस अस्पताल से मंगलवार को रांची के संत मरिया महागिरजा चर्च लाया गया। यहां उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की तांता लगा रहा। कार्डिनल के पार्थिव शरीर को फूलों से सजे वाहन में रखकर लाया गया था। स्वागत में रास्ते भर लोगों ने फूल बरसाये। बुधवार को पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन लोग सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर सकेंगे। उसके उपरांत लोयला मैदान में विधि संस्कार होगा। इसमें भारी भीड़ जुटेगी। फिर उनके पार्थिव शरीर को चर्च परिसर में दफनाया जायेगा। अंतिम संस्कार में शामिल होने रोम से पोप के प्रतिनिधि, राज्यभर के बिशप और पल्ली पुरोहित शामिल होंगे। 11 अक्टूबर (बुधवार) को सुबह 7:00 बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और दिन में 01:00 बजे सीएम हेमंत सोरेन कार्डिनल टोप्पो को श्रद्धांजलि देने आयेंगे।

मांडर से पार्थिव शरीर को कंदरी, मखमंदरो, रातू, रिंग रोड, दलादली, कटहल मोड़, अरगोड़ा, मेन रोड होते हुए पुरुलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजा चर्च लाया गया। उनके सम्मान में मांडर से रांची तक 33 किमी में विभिन्न जिलों के पल्ली से आये लोगों द्वारा मानव शृंखला तैयार बनायी थी।

उनके द्वारा कार्डिनल के पार्थिव शरीर के ऊपर रास्ते भर पुष्प वर्षा की गयी। सैकड़ों मोटरसाइकिल सवार लोग यात्रा के आगुवाई कर रहे थे। रांची के मेन रोड में कार्डिनल के सम्मान में संत जॉन्स स्कूल, उर्सूलाइन, संत अलोइस और संत जेवियर कॉलेज के छात्र मौजूद रहे। इस दौरान कार्डिनल के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में पुलिस को काफी परेशानी हुई।

(शेष पेज 11 पर)

### राजकीय सम्मान के साथ होगा कार्डिनल टोप्पो का विधि संस्कार

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार बुधवार को सेंट मैरी कैथेड्रल चर्च, पुरूलिया रोड में राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा। यह निर्देश मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने रांची डीसी को पत्र भेजकर दिया है। विभाग ने रांची डीसी को लिखे पत्र में कहा है कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। इसलिए उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ कराना सुनिश्चित कराया जाये। मालूम हो कि कार्डिनल टोप्पो का निधन 4 अक्टूबर को हो गया था।

### चर्च की पवित्र वेदी की बायीं ओर कब्र में दफनाये जायेंगे कार्डिनल

कार्डिनल के अंतिम संस्कार के दौरान 90 साल पुरानी परंपरा दोहरायी जायेगी। सेंट मेरिज कैथेड्रल में पार्थिव शरीर को दफनाया जायेगा। इसके लिए चर्च की पवित्र वेदी की बायीं ओर कब्र तैयार की गयी है। इससे पहले, 1933 में आर्च बिशप लुई वान होएक को यहां दफनाया गया था। उनके बाद 1960 में आर्च बिशप निकोलस कुजूर को यहीं जगह मिली थी। उनके बाद 1993 में आर्च बिशप पायस केरकेट्टा का भी यहीं अंतिम संस्कार हुआ था। जानकारी के मुताबिक पोप के प्रतिनिधि भी अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए रोम से आयेंगे। जानकारी के अनुसार, मिशनरीज से जुड़े ज्यादातर स्कूल बुधवार को बंद रहेंगे। भीड़ को देखते हुए बुधवार को पुरुलिया रोड में स्कूल बसों का परिचालन नहीं करने को कहा गया है।

## न्यूज डायरी

### भारत-अफगानिस्तान के बीच मुकाबला आज

**नयी दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच वर्ल्ड कप 2023 का मुकाबला बुधवार (11 अक्टूबर) को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जायेगा। अफगानिस्तान के कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी ने भारत के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप मैच से पहले कहा कि उनकी टीम स्पिनरों का सामना करने के मामले में काफी बेहतर हैं।

### चाईबासा में पांच बच्चे समेत सात की मौत

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के नोवामुंडी प्रखंड के दो गांवों में फैली अज्ञात बीमारी से एक हफ्ते के भीतर सात लोगों की मौत हो गयी है। इनमें पांच बच्चे शामिल हैं। दो दर्जन से ज्यादा बच्चे बीमार हैं। नोवामुंडी के रेंगो टोला और कांतोड़ेया में टुई अंगरिया (3), विष्णु सिरका की तीन वर्षीय बेटी, मोची चातोंबा के बेटे दरोगा चातोंबा (10) और बेटी माई चातोंबा (7), सिकुर चातोंबा के तीन महीने के पुत्र की मौत एक जैसे लक्षणों के बाद हुई। इनके अलावा कोंदा हेंब्रम (22) और सारो बिरुवा (56) की भी मौत सिर और बदन दर्द की शिकायत के बाद हुई।

### बंगाल में फैली अमर्त्य सेन की मौत की अफवाह

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दोपहर से लेकर शाम तक मशहूर अर्थशास्त्री और नोबेल विजेता अमर्त्य सेन के निधन की खबरें फैल गयी थीं। हालांकि, बाद में पता चला कि यह केवल अफवाह थी और अमर्त्य सेन सही सलामत हैं। उनकी बेटी नंदना देब सेन ने मौत की खबर का खंडन किया और कहा कि वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

### इतालवी रक्षा कंपनियों के सीइओ से मिले राजनाथ

**नयी दिल्ली।** इटली यात्रा के दूसरे दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को रोम में इतालवी रक्षा कंपनियों के सीइओ और अन्य शीर्ष उद्योग प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान रक्षा मंत्री ने इतालवी रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो के साथ अपनी गर्मजोशी भरी मुलाकात को याद किया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए सीएम, कहा

# आप राज्य के ग्रामीण युवाओं के आइकॉन बनें

- मुझे पूरा विश्वास है, आपने राष्ट्र सेवा की जो शपथ ली है, उसपर आप खरा उतरेंगे
- कठिन प्रशिक्षण से आपकी कार्य कुशलता, आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ेगा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ हजारीबाग।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज आपके लिए अत्यंत गर्व का दिन है। आप एक नयी जिंदगी की शुरुआत करने जा रहे हैं। अब आपको कर्तव्य पथ पर चलना है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपने यहां जो राष्ट्र सेवा की शपथ ली है, उसपर आप खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के युवा बड़े-बड़े पदों पर आ रहे हैं। वह युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करेगा। मेरा मानना है कि आप ग्रामीण नौजवानों के लिए आइकॉन बनें। मुख्यमंत्री सोरेन मंगलवार को हजारीबाग के झारखंड पुलिस अकादमी में 7वीं से 10वीं बैच के 39 प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों और 14 जिला समादेष्टाओं (गृह रक्षा वाहिनी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। मौके पर उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली।

उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों और उनके अभिभावकों को नयी शुरुआत के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर अमर शहीद जवानों को नमन किया।

मौके पर एसटीएफ जवान बबलू नायक और अभिजीत ने खुद से उकेरी गयी सीएम हेमंत सोरेन की खूबसूरत तस्वीर उन्हें सप्रेम भेंट की। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, अंबा प्रसाद, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) प्रिया दुबे, पुलिस महानिरीक्षक, (प्रशिक्षण) मनोज कौशिक, झारखंड पुलिस अकादमी के संयुक्त निदेशक संजय रंजन सिंह भी उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण से चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने यहां जो कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह आपके जीवन में ऐतिहासिक कार्य के रूप में अंकित होगा। प्रशिक्षण से आपका आत्मबल और विश्वास बढ़ेगा। यह आपकी कार्य कुशलता को बढ़ायेगा। खासकर, प्रशिक्षण के दौरान आपने जो सीखा है, वह कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान जो चुनौतियां मिलेंगी, उससे निपटने में मददगार साबित होगा। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आपकी सेवा आम नागरिकों को समर्पित है। आप सभी इस बात से भली-भांति वाकिफ हैं कि झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। यहां के लोग काफी भोले-भाले, सीधे और सरल होते हैं। वे जब आपके पास अपनी परेशानियों को लेकर आयेंगे, तो आपसे उम्मीद है कि उनकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनेंगे और उसका समाधान करेंगे।

**इडी समन का मामला**

### सीएम की याचिका पर सुनवाई आज

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा इडी के समन के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को सुनवाई होनी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी की ओर से पक्ष रखने और डिफेक्ट दूर करने के लिए 11 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की थी। सीएम की ओर से झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता पियूष चित्रेश पक्ष रख रहे हैं। उन्होंने पिछली सुनवाई के दौरान अदालत में जानकारी दी थी कि उनकी ओर से वरीय अधिवक्ता बहस करेंगे। इडी की ओर से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया एसवी राजू पक्ष रख रहे हैं। 23 सितंबर को इडी के समन के खिलाफ हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट की शरण ली थी। बता दें कि सीएम ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर इडी की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।

## इजराइल के साथ मजबूती से खड़े हैं भारत के लोग : पीएम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टेलीफोन कर उन्हें गाजा पट्टी से हमास आतंकियों के हमले के बाद छिड़े युद्ध से जुड़े वर्तमान हालात से अवगत कराया। इस दौरान पीएम मोदी ने इजराइल के पीएम को आश्वस्त किया कि भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में आपके साथ मजबूती से खड़े हैं। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि वे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को उनके फोन कॉल और मौजूदा हालात से अवगत कराने के लिए धन्यवाद देते हैं। भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजराइल के साथ मजबूती से खड़े हैं। भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करता है।

उल्लेखनीय है कि हमास आतंकियों ने फिलिस्तीनी-इजराइल संघर्ष के तहत शनिवार को गाजापट्टी से एक बड़ा हमला किया था। हमले में इजराइली नागरिकों की मौत और कई नागरिक हमास आतंकियों की कैद में है। भारत ने इस पूरे घटनाक्रम में इजराइल के साथ एकजुटता दर्शायी है और आतंकी हमले की निंदा की है।

### हमास-इजराइल युद्ध पर अरब लीग देशों की आज आपात बैठक

**काहिरा/रियाद।** इजराइल पर हमास के आक्रमण के बाद नभ से थल तक गरज रही मिसाइलों से इस्लामिक देशों में हलचल बढ़ गयी है। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति के अलावा मिस्र और जॉर्डन से बातचीत की है। इस बीच अरब लीग में शामिल देशों के विदेश मंत्रियों की बुधवार को आपात बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गयी है। अरब लीग में इराक, जॉर्डन, सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, मोरक्को, ओमान, कतर सहित 22 सदस्य देश हैं।

# खिलाड़ियों के मार्ग में पैसे को बाधा नहीं बनने देंगे : पीएम मोदी

## एशियाई खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से मिले प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एशियाई खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि भारत सरकार खिलाड़ियों को सभी प्रकार की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खिलाड़ियों के मार्ग में पैसों की कमी को कभी बाधा नहीं बनने देंगे। पीएम मोदी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से बातचीत कर रहे थे। भारत ने इन खेलों में अबतक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 107 मेडल जीते हैं। भारत इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा है।

मौके पर प्रधानमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए 2014 से पहले और बाद में देश के खेल इको सिस्टम में आये बदलाव का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले भी देश में योग्यता और जीत के जज्बे की कमी नहीं थी, लेकिन खिलाड़ियों को कई अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। सरकार देश के सपोर्ट इको सिस्टम का कायाकल्प करने में जुटी है।

हमारा प्रयास खिलाड़ियों को दुनिया की बेस्ट ट्रेनिंग देना और यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें देश और विदेश में ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले। इसके अलावा चयन में पारदर्शिता का ध्यान रखा जा रहा है, ताकि किसी के साथ भेदभाव ना हो। गांव-देहात में रहने वाले सपोर्ट टैलेंट को भी ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलें, यह सुनिश्चित किया जा रहा है।



### ...और क्या बोले पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री ने बताया कि आज देश का खेल बजट को तीन गुना बढ़ा है। टॉप और खेलो इंडिया जैसी योजनाएं गेम चेंजर साबित हुई हैं। इन खेल अभियानों से कई प्रतिभाएं खोजी गयी हैं और इनमें 40 से ज्यादा ने ही इन एशियाई खेलों में मेडल जीता है। इससे स्पष्ट है कि अभियान सही दिशा में है। इसके तहत 3,000 प्रतिभाओं को ट्रेनिंग, कोचिंग, मेडिकल, डाइट और 6 लाख स्कॉलरशिप दी जा रही है।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 5 सालों में देश खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा खर्च करेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका जज्बा दर्शाता है कि भारत के बेटियों का सामर्थ्य क्या है। इन खेलों में आधे से ज्यादा पदक महिलाओं ने जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने कम उम्र के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि कम उम्र के खिलाड़ियों से एक्सपोर्टिंग नेशन की पहचान बनती है। इससे वह लंबे समय तक देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश का खिलाड़ी केवल अच्छे प्रदर्शन तक नहीं, बल्कि जीत चाहता है। इसके लिए उन्होंने एक शब्द गोट (जीओएटी) का भी प्रयोग किया, जिसका अर्थ होता है (ग्रेटेस्ट आफ ऑल टाइम)।
- उन्होंने जीतने वाले खिलाड़ियों से अपने प्रभाव का उपयोग कर ड्रग्स और डाइट के कुप्रभावों के बारे में युवा खिलाड़ियों को जागरूक करने की बात कही। कहा कि जीत की चाह में कुछ खिलाड़ी गलत रास्ते पर चले जाते हैं, उन्हें सतर्क करें। आहार के लिए गाइड करें और मिलेट व पोषण मिशन में भी भूमिका निभायें। पीएम ने हारने वाली खिलाड़ियों को निराश नहीं होने और नये प्रयास करने की सीख दी।

## गांव को कुपोषण मुक्त करना चाहती हैं आंगनबाड़ी सेविका पुर्ति

# गीता को दिल्ली में स्मृति इरानी ने किया सम्मानित



नयी दिल्ली में गीता पुर्ति को सम्मानित करतीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पश्चिम सिंहभूम के नक्सल प्रभावित क्षेत्र रेंगड़ाहातू टोंटो प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका गीता पूर्ति को दिल्ली में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की मंत्री स्मृति इरानी और सचिव इंदिवार पांडेय ने सम्मानित किया। गीता पूर्ति 20 वर्षों से आंगनबाड़ी सेविका का दायित्व निभा रही हैं। वह 589 लोगों की जनसंख्या वाले इस गांव में निवास करनेवाले अनुसूचित जनजाति के शून्य से पांच वर्ष के 105 बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाएं एवं परामर्श देती आ रही हैं।

गीता प्रत्येक माह सभी बच्चों का वजन करती हैं और पोषण ट्रैकर के मापदंडों के अनुसार बच्चे के पोषण स्तर का आकलन कर उनके माता-पिता को परामर्श देती हैं। अबतक सेविका द्वारा करीब सौ से ज्यादा अति गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल एवं उपचार के लिए कुपोषण उपचार केंद्र में रेफर किया गया है।

बकौल गीता पूर्ति, वे गांव को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त बनाना चाहती हैं। समारोह में भाग लेने के लिए निदेशक शशि प्रकाश झा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह, खूंटपानी परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका प्रीति कुमारी, राजनगर परियोजना बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुप्रिया शर्मा, अनीता कुजूर, रामगढ़ दुलमी की परियोजना पदाधिकारी पूनम कुमारी एवं अर्जुन बिला आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका शकुंतला सवैया भी शामिल थे।

### आइएमएफ ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान में इजाफा किया है। आइएमएफ ने वित्त वर्ष 2023-24 की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर अनुमान को मामूली रूप से 0.2 फीसदी बढ़ाकर 6.3 फीसदी कर दिया है। आइएमएफ ने मंगलवार को जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य में चालू वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 फीसदी रहने का अनुमान जताया। आइएमएफ ने अप्रैल-जून के दौरान उम्मीद से अधिक मजबूत खपत के चलते ऐसा किया है। इस तरह, आइएमएफ ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपने पूर्वानुमान में 0.2 फीसदी की बढ़ोतरी की है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वैश्विक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर तीन फीसदी कर दिया है।

## खबर एक नजर में

### गवर्नर से मिले जेएसएससी के अध्यक्ष



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा मिले। जेएसएससी अध्यक्ष राज भवन पहुंचकर गवर्नर से शिष्टाचार भेंट की।

### हाई कोर्ट ने रासबिहारी सिंह और वीरेंद्र राम को फिर से नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

रांची। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति की सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने पूर्व अभियंता प्रमुख रासबिहारी सिंह तथा निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी 2024 को होगी। सुनवाई के दौरान खंडपीठ को बताया गया कि अदालत द्वारा इन्हें जारी नोटिस नहीं मिला है। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वीरेंद्र राम के मामले में ईडी 39 .28 करोड रुपए की संपत्ति अटैच कर ली है, लेकिन रासबिहारी सिंह का मामला वर्ष 2017 से ही एसीबी के पास जांच के लिए लंबित है। इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड : विधायक शशिभूषण मेहता समेत छह लोगों को जारी होगा नोटिस

रांची। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की शिक्षिका रही सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड मामले में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर व पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता सहित छह लोगों को बरी किए जाने के रांची की निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने मामले के सूचक गोविंद पांडे के आग्रह पर बरी किए गए शशि भूषण मेहता समेत छह लोगों को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। दरअसल 20 दिसंबर 2019 को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची की शिक्षिका सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड मामले में शशि भूषण मेहता समेत राजनाथ सिंह, प्रदीप कुमार पासवान, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर, अनूप सिंह एवं सत्य प्रकाश को निचली अदालत ने बरी कर दिया था। मृतका सुचित्रा मिश्रा के भाई गोविंद पांडे ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में एक्विटल अपील दाखिल कर चुनौती दी है।

### रतन हाइट्स : हाईकोर्ट में अंतिम बहस 1 नवंबर को, पुराने बिल्डर नरेंद्र बुटाला को नोटिस जारी

रांची। मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स के मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ बिल्डर वीकेएस रियलिटी और लैंड ओनर की अपील की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने रतन हाइट्स के पुराने बिल्डर नरेंद्र बुटाला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इससे पहले सभी पक्षों की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने अंतिम बहस के लिए 1 नवंबर की तिथि निर्धारित की। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। रतन हाइट्स की ओर से बताया गया कि मामले में एकल पीठ ने उनके पक्ष में फैसला दिया है, लेकिन बिल्डर एवं लैंड ओनर ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया है। जिसे लेकर उन्होंने अवमानना याचिका दायर की है, जिस पर सुनवाई 3 नवंबर को होनी है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि एकल पीठ के आदेश के बावजूद बिल्डर ने रतन हाइट की बहु मंजिली इमारत के सामने स्थित गड्ढे को नहीं भरा है।

### बाल विवाह रोकने के लिए 16 अक्टूबर को चलेगा राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान

रांची। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से बाल विवाह की रोकथाम के लिए 16 अक्टूबर को राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। विभाग के सचिव कृपानंद झा ने पत्र लिखकर कहा है कि इस पर रोक लगाने के लिए जमीनी स्तर पर जनमानस को जागरूक कर राज्य में बाल विवाह के विरुद्ध सकारात्मक माहौल तैयार करने की जरूरत है। प्रत्येक बच्चे को एक पूर्ण जिम्मेदार व्यक्ति के रूप में विकसित होने का अधिकार होता है। कम उम्र में विवाह से संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन होता है। इसके कारण बहुत सारे बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं।

### मुख्य सचिव 16 को करेंगे लंबित मामलों की समीक्षा,

रांची। झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह अब 16 अक्टूबर को 4 वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों की समीक्षा करेंगे। बता दें कि 10 अक्टूबर को होने वाली समीक्षा अपरिहार्य कारण से रदद् कर दी गई है। लंबित मामलों को लेकर मुख्य सचिव पुलिस विभाग की वर्चुअल समीक्षा करेंगे। लंबित मामलों के कारण और अनुसंधान की प्रगति की जानकारी लेंगे। समीक्षा के दौरान लंबित होने का कारण पूछा जाएगा। साथ ही विस्तृत रिपोर्ट मांगी जाएगी। बैठक में रांची, पलामू के जोनल आईजी, जोनल डीआईडी, और डीआईजी रेल, एसएसपी ओर एसपी शामिल होंगे। मुख्य सचिव अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा करेंगे।

**मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी** : लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है। इस बीच लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में तेजी आयी है।

### बच्चों को नशा से बचाने के मामले में हाईकोर्ट ने झारखंड बेवरेज कॉरपोरेशन से मांगा जवाब

रांची। स्कूलों और अन्य शिक्षण संस्थानों के बच्चों को नशे से बचाने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने झारखंड राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन को 19 जनवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने प्रार्थी से कहा है कि यदि वह कारपोरेशन के शपथपत्र पर अपना जवाब दाखिल करना चाहे, तो तीन सप्ताह में जवाब दाखिल कर सकते हैं। इस संबंध में श्रीकांत पांडेय ने जनहित याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि रांची के स्कूलों के आसपास शराब की दुकानें और नशीले पदार्थों का कारोबार होता है। नशीले पदार्थों की बिक्री का स्कूली बच्चों पर कुप्रभाव पड़ रहा है और वह नशे के आदी होते जा रहे हैं। इसलिए राज्य सरकार को इस पर रोक लगाने के लिए नियम बनाना चाहिए।

## नक्सलियों के अभियोजन स्वीकृति का प्रस्ताव मिलने पर भी गंभीर नहीं हुआ गृह विभाग

**इन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ भेजा गया था प्रस्ताव**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रांची | 11 | गोड्डा | 02 | पलामू | 04 | सिमडेगा | 04 |
| चाईबासा | 52 | हजारीबाग | 10 | लातेहार | 08 | लोहरदगा | 09 |
| गढ़वा | 12 | चतरा | 09 | बोकारो | 14 | ------- | |
| गुमला | 03 | सराइकेला | 07 | दुमका | 08 | ------- | |

**गृह विभाग को 155 नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ भेजा गया था प्रस्ताव**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने 15 जिलों में सक्रिय नक्सलियों व अपराधियों के लिए अभियोजन स्वीकृति का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा पर, नक्सलियों के अभियोजन स्वीकृति के मामले में गृह विभाग गंभीर नहीं है।

अभ्योजन स्वीकृति की अनुशंसा 155 नक्सलियों समेत अपराधियों को भेजा था। इनमें भाकपा माओवादी के 110 नक्सली, पीएलएफआई के 25, टीपीसी के 10, जेजेएमपी के 4, जेपीसी के 2 उग्रवादी और अमन श्रीवास्तव गिरोह का एक अपराधी शामिल है।

## सहकारिता भवन में ए-हेल्प एप का शुभारंभ, पशु सखियों को किया जायेगा प्रशिक्षित

# राज्य की जीडीपी में कृषि व पशुपालन का 20 प्रतिशत योगदान करने का लक्ष्य : कृषि मंत्री

### ए-हेल्प के माध्यम से बदल जायेगी ग्रामीणों की जीवनशैली

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्रों के पशुपालकों को पशु चिकित्सा संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए हेसाग स्थित पशुपालन एवं सहकारिता भवन में मंगलवार को ए-हेल्प योजना का शुभारंभ किया। योजना का शुभारंभ करते हुए मंत्री बादल ने कहा कि राज्य की जीडीपी में कृषि और पशुपालन का 20 प्रतिशत योगदान सुनिश्चित करने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। उन्होंने ए-हेल्प के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना से राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की लाइफ स्टाईल में बदलाव आयेगा और पशुपालकों की सोच में भी परिवर्तन आयेगा। उन्होंने कहा कि ए-हेल्प योजना के तहत पशु सखियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। श्री बादल ने बताया कि निरंतर प्रयास से आज हर दिन ढाई लाख लीटर दूध का संग्रह संभव हो सका है। इस उद्यमिता से करीब 50 हजार किसानों को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही जमशेदपुर और गिरिडीह में दूध का प्लांट शुरू किया जायेगा। कैटल फीड पर भी सब्सिडी दी जायेगी। उन्होंने राज्य में मिल्क पाउडर प्लांट की स्थापना पर जोर दिया।

उन्होंने पशु सखियों से कहा कि ए-हेल्प की ट्रेनिंग में मिली जानकारियां पशुओं की सेवा में मददगार होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों को बीमा की सुविधा भी देने पर विचार कर रही है। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के संबंध में कहा कि पशुधन योजना के लाभ के लिए आप अपने पंचायत प्रधान, ग्राम प्रधान से ही जाति प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। इसके लिए किसी भी महिला को बाहर या अपने मायके जाने की जरूरत नहीं है।



**इस बार भी मॉनसून ने दिया धोखा :** उन्होंने कहा कि इस बार भी मॉनसून ने धोखा दिया है और बारिश हुई है तो वह बेमौसम हुई, जिससे खेती को नुकसान हुआ है। अतिवृष्टि से किसानों पर दोहरी मार पड़ी है, इसलिये पशुपालन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक बेहतर विकल्प बन सकता है। बोकारो में मुर्गी पालन और गुमला में अंडा प्रोडक्शन को लेकर बड़ा काम करने जा रहे हैं।

**ए-हेल्प मॉड्यूल को गंभीरता के साथ लागू करने की जरूरत : राजीव रंजन**
गो सेवा आयोग के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि यह हमारे लिए एक अवसर है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है कि इस योजना की सफलता के लिए हम लगातार प्रयास जारी रखें। उन्होंने कहा कि इस मॉड्यूल को गंभीरता के साथ राज्य में लागू करने के लिए पशु सखियों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

**पशुपालकों से सीधा संवाद ही पशु सखियों का कर्तव्य : अबू बकर सिद्दिकी**
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने कहा कि पशुओं की जिंदगी का भी उतना ही महत्व है जितना हमारा और हमारे परिवार का है। इसलिए पशुओं की सेवा में समर्पण भी वैसा ही होना चाहिए, जैसा समर्पण हम अपने परिवार के प्रति दिखाते हैं। ए-हेल्प योजना के माध्यम से पशु सखियों को सीधे पशुपालकों से जुड़ना है और कम्युनिटी सर्विस के साथ वॉलिंटियर के रूप में भी सर्विस देनी है। उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में सुझाव देते हुए कहा कि पशु सखियों को प्रशिक्षित करते समय इस बात की भी ट्रेनिंग दी जानी चाहिये कि विभाग की कौन सी योजनाएं है और उनका लाभ लेने के लिये किन प्रक्रियाओं को पूरा करने की जरूरत है। उन्होंने इस संबंध में एक पुस्तक प्रकाशन की भी बात कही।

**ए-हेल्प से पशुपालकों को उनके घरों तक मिलेगी सुविधा :** आदित्य रंजन
पशुपालन विभाग के निदेशक श्री आदित्य रंजन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालन का आजीविका में एक महत्वपूर्ण योगदान है। विभाग का प्रयास है कि उद्यमिता विकास और ब्रीड डेवलपमेंट में बदलाव होना चाहिये। साथ ही पशुपालकों के घर तक पशुओं स्वास्थ्य की सुविधा मिले, इसके लिए ए-हेल्प की शुरूआत की गयी है। इसके लिए सामुदायिक स्तर पर समूह तैयार किये गये हैं, जिन्हें ट्रेनिंग दी जा रही है। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक मजबूत कदम है। यह योजना अब तक आठ प्रदेशों में लांच की गयी है।

### 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का है लक्ष्य : अल्का उपाध्याय

केंद्र में पशुपालन विभाग की सचिव अलका उपाध्याय ने पशु सखियों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में आजीविका के क्षेत्र में बेहतर काम हुआ है। कई संगठन बनाये गये हैं। उनमें से करीब 15 संगठनों में महिलाएं आगे बढ़कर काम कर रही हैं और इन आंकड़ों से साफ है कि बड़ी संख्या में झारखंड की महिलाएं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य है और डेयरी उद्योग एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें दो करोड़ महिलाओं को जोड़कर लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग भी ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सेवा दे रहा है। हमने मोबाईल वेटनरी क्लिनिक की भी शुरूआत की है। हमारा प्रयास है कि डेयरी उद्योग से जुड़ी महिलाओं को सर्विस सेक्टर से भी जोड़ा जाये।

**धनबाद एमपी के पास पहुंचा बाजार समिति का मामला**

## सांसद ने कृषि सचिव से अबतक हुई कार्रवाई संबंधी मांगी रिपोर्ट

**पीएन सिंह ने पूछा–क्या प्रभारी सचिव को दुकान आवंटन का है अधिकार**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। धनबाद बाजार समिति के मार्केट सेक्रेटरी राकेश सिंह द्वारा नियम विरुद्ध पैसे लेकर दुकान आवंटन मामले में लोकसभा सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक को पत्र लिखकर बाजार समिति धनबाद के प्रभारी सचिव के खिलाफ कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

**बाजार समिति भंग होने के बाद कैसे आवंटित कर दिये गये दुकान :** बाजार समिति भंग होने के बावजूद दुकानों एवं गोदाम का आवंटन धनबाद बाजार समिति में धड़ल्ले से किया जा रहा है। उन्होंने कृषि सचिव से जानना चाह है कि क्या प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी को दुकान एवं गोदाम आवंटन का अधिकार है? उन्होंने कृषि सचिव को लिखा है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों पर उचित कार्रवाई करें और जांच रिपोर्ट से मुझे भी अवगत करायें।

**यूपी के व्यापारी से पैसे लेकर बेच दी दुकानें :** बताते चलें कि धनबाद बाजार समिति के सचिव राकेश सिंह ने पैसे लेकर यूपी के व्यापारी के हाथों दुकानें बेची है। दुकान बेचे जाने से संबंधित आवंटन पत्र वायरल होने के बाद कई अखबारों में इसकी खबर प्रमुखता से छपी थी। इसके बाद कृषि सचिव ने मार्केटिंग बोर्ड के एमडी और धनबाद डीसी से जांच करा कर 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने को कहा था। कृषि सचिव अबू बकर सिद्दिक के निर्देश पर धनबाद डीसी ने एडीएम स्तर से अधिकारी से जांच कर कर कृषि सचिव को भेज दिया है। वहीं, मार्केटिंग बोर्ड ने बोर्ड के सचिव के साथ-साथ पत्राचार लिपिक से जांच कर कर जांच रिपोर्ट कृषि सचिव को भेजा है।

**पार्टनरशिप के नाम पर शुरू हुआ खेल :** राज्य की कई कमेटियों में मोटी रकम लेकर दुकानों में साझेदार नियुक्त किए गए हैं। रांची के एक व्यापारी ने बताया की राजधानी के एक व्यापारी ने 85 लाख रुपए में दुकान बेचकर 80% की साझेदारी पर दुकान का सौदा कर दिया है।

**पंडरा बाजार समिति की जांच करेंगे पत्राचार लिपिक**

रांची। पंडरा बाजार समिति में दुकान आवंटन में अनियमितता की शिकायत की जांच करने के लिए मार्केटिंग वोर्ड ने एक कमेटी बनायी है। इस कमेटी का प्रभारी मार्केटिंग बोर्ड के सचिव अनुज कुमार प्रसाद को बनाया गया है। उनके सहयोगी के रूप में दो पत्राचार लिपिक विनोद उरांव और अर्जुन कुमार पंडित को लगाया गया है। बोर्ड के एमडी कमलेश्वर प्रसाद सिंह बोर्ड के सचिव से जल्द से जल्द जांच प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा है। मालूम हो कि पंडरा बाजार समिति में भी दुकानों के आवंटन में अनियमितता का आरोप लगा है।

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को लिखी चिट्ठी, मांग की**

## झारखंड में लगायें राष्ट्रपति शासन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिखकर झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने का आग्रह किया है। श्री मरांडी ने लिखा कि झारखंड में संवैधानिक तंत्र विफल हो गया है। राज्य में मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार की जांच कर रही जांच एजेंसियों के प्रति राज्य सरकार और उसके अधिकारियों का रवैया ठीक नहीं है। जांच एजेंसियां 2022 से राज्य के मुख्य सचिव के कार्यालय को पत्र लिख रही है और उनसे कार्रवाई करने का अनुरोध कर रही है लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मनी लॉन्ड्रिंग के कुछ मामलों में ईडी की तरफ से कई अनुरोध भेजे गये हैं। लेकिन उन पर ना कोई कार्रवाई हुई और न ही जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के कार्यालय में भ्रष्टाचार के मामलों में उच्च अधिकारियों के खिलाफ दस से अधिक मामले लंबित हैं। जांच एजेंसियों को न तो कोई जवाब दिया गया है और न ही कोई कार्रवाई की गई है। इससे यह साबित होता है कि राज्य सरकार सक्रिय रूप से आरोपी व्यक्तियों को बचा रही है। सरकार संविधान की मूल भावना के विपरीत कार्य कर रही है। इसके कारण संवैधानिक तंत्र टूट गया है। राज्यपाल से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

### केंद्रीय एजेंसियों के प्रवक्ता बन गए हैं भाजपा के नेता : विनोद पांडेय

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य में राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा संबंधी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मांग पर झामुमो ने कड़ा प्रहार किया है। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेता केंद्रीय एजेंसियों का प्रवक्ता बनकर घूमते चल रहे हैं। पिछले चुनाव में जनता ने इन्हें नकार दिया था। बाबूलाल ने भाजपा के विरोध में वोट मांगकर चुनाव जीता और भाजपा में ही शामिल हो गए। राज्य में राष्ट्रपति शासन के लिए दलीलें देना यह प्रमाणित करता है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर उनका विश्वास नहीं है। विनोद पांडेय ने कहा कि एक साल में राज्य में विधानसभा के चुनाव होंगे। बाबूलाल मरांडी को चाहिए कि वे जनता की अदालत में दो-दो हाथ कर लें। वे राज्य भर में दौरा कर अनाप-शनाप बोल रहे हैं। झारखंड में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने का इनका मंसूबा सफल नहीं होगा। यहां से भाजपा का पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

## कमांडेंट आइपीसी की परीक्षा पास नहीं कर पाये 12 पुलिस उपाधीक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में सीधे नियुक्त हुए 53 में 12 डीएसपी और कमांडेंट आईपीसी की परीक्षा पास नहीं कर पाये। डीएसपी और समादेष्टा का 21 अगस्त से 28 अगस्त तक बाहरी विषयों की परीक्षा आयोजित करायी गयी थी, जिनमें कुल 53 अधिकारी शामिल हुए थे। इन अधिकारियों का फॉरेंसिक साइंस, डिजास्टर मैनेजमेंट, कम्युनिटी पुलिसिंग, क्रिमिनोलॉजी की परीक्षा ली गयी थी।

**प्रशिक्षण में 41 डीएसपी हुए उत्तीर्ण :** प्रशिक्षण में 41 डीसीएपी और कमाडेंट उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें अनुभव भारद्वाज, अजय आर्यन, आकाश भारद्वाज, अमित कुमार सिंह, अर्चना स्मृति खलको, अमित रविदास, अकरम रजा, चिरंजीव मंडल, दुसरु वानसिंह, फैजान अहमद, प्रशांत कुमार 1, कुमार गौरव, कैलाश प्रसाद महतो, नीलम कुजुर, प्रदीप कुमार साव, मो. अरमानुल हक, प्रशांत कुमार, चंद्र शेखर, राजीव रंजन, पूजा कुमारी, प्रभात कुमार बेक, अमरेंद्र कुमार, पूजा कुमारी 2, रामप्रवेश कुमार, रविकांत साव, रूपक कुमार सिंह, राजेश यादव, रमाकांत रजक, सन्नी वर्धन, शिव शंकर मरांडी, विनित कुमार किंडो, आशीष मिश्रा, अमरेंद्र कुमार, किरण कुमारी, चंदन कुमार तुरी, कौशिक कुमार, मो इम्तियाज, रोहित आनंद, सतीश कुमार पाठक और सूरज कुमार का नाम शामिल है।

### विधि-व्यवस्था को लेकर डीजीपी कल करेंगे बैठक

रांची। पर्व-त्योहार के दौरान राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिले के एसएसपी, एसपी भी शामिल होंगे। इसके बाद सीएम हेमंत सोरेन 13 अक्टूबर को विधि व्यवस्था लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। डीजीपी ने बैठक के मद्देनजर सभी रेंज के डीआईजी और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे संबंधित बिंदुओं पर जिलवार तैयारी की रिपोर्ट दें।

## कम्युनिटी पुलिसिंग से जुड़ रहे ग्रामीण जवान दे रहें बच्चों को शिक्षा

# बूढ़ा पहाड़ की बदलने लगी है फिजां, भय की जगह सरकार के प्रति विश्वास ग्रामीणों को बना रहा सबल

**बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में आधारभूत संरचना के निर्माण में हो रहा बदलाव तो ग्रामीणों को मिल रहा बाजार**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत ने दिसंबर 2022 में जब दशकों से उपेक्षित बूढ़ा पहाड़ का दौरा किया तो सहसा किसी को यकीन नहीं हुआ कि यहां की फिजां देखते ही देखते बदल जायेगी। बूढ़ा पहाड़ के चौमुखी विकास के लिए प्रस्तुत रूप रेखा बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अनुरूप संपन्न हो रहे कार्यों ने क्षेत्र के लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत कुल 27 ग्रामों का सर्वेक्षण कर सामाजिक और आधारभूत संरचनाओं का आकलन कराया गया। इसी प्रकार बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत कुल 3809 परिवारों का सर्वेक्षण कर विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक पैमानों पर आवश्यकताओं का आकलन किया गया। बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत रहनेवाले कुल 19836 व्यक्तियों का भी व्यक्तिगत सर्वेक्षण कर रणनीति बनाई गई कि सरकार की किस योजना के तहत किस व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सकता है। यहां 100 बिरसा आवास का आवंटन एवं 8 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र शुरू करने की योजना और छूटे हुए ग्रामों का विद्युतीकरण करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।



### सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास बढ़ा

मुख्यमंत्री के दौरा के बाद स्थानीय जनमानस में सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास बढ़ा है। सुरक्षाबलों को जनता का सहयोग प्राप्त हो रहा है। बूढ़ा पहाड़ के क्षेत्र की सुरक्षा के लिए कुल्ही से बूढ़ा पहाड़ तक कुल पांच कैंप कूल्ही, हेसातु, बेहराटोली झालुडेरा तथा जेटीएफ पुंदाग स्थापित है। इनमें क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा को समर्पित सीआरपीएफ, जैप, झारखंड जगुआर, तथा जिला बल की 8 कंपनियां प्रतिनियुक्त है। सुरक्षाबलों के द्वारा क्षेत्र में नियमित रूप से विभिन्न अभियान संचालित कर स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित की जाती है।

### समय निकालकर जवान दे रहे बच्चों को शिक्षा



बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में सीआरपीएफ जवान बच्चों के लिए एक अस्थायी विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जहां बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जा रही है। आरंभ में बच्चों की संख्या 8–10 थी, जो वर्तमान मे बढ़कर 46 हो गई है। क्षेत्र में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण और पुराने का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। सुरक्षाबलों की कंपनी में प्रतिनियुक्त प्रशिक्षित मेडिकल प्रैक्टिशनर के द्वारा भी अभियान के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जाती है। सहिया की सहायता से डोर टू डोर चिकित्सा सर्वे की जा रही है।

### कम्युनिटी पुलिसिंग से जुड़ रहे ग्रामीण

सुरक्षाबलों के द्वारा पूर्व में भी जनता के सहयोग के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग की जाती रही है लेकिन, मुख्यमंत्री के दौरा के बाद लोगों के सहयोगात्मक रवैया में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। इस क्रम में गढ़वा के एसपी दीपक कुमार पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक विशेष अभियान के तहत कुछ दिनों पूर्व बूढ़ा पहाड़ पहुंचे। कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत भारी संख्या में ग्रामीण उनसे मिलने पहुंचे। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत झालुडेरा में एक कूप निर्माण किया गया है। जिसका प्रयोग स्थानीय ग्रामीण भी अपने दैनिक पेयजल के लिये कर रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## वर्ल्ड पोस्टल डे पर बोकारो में होंगे विविध कार्यक्रम



**बोकारो।** बदलते समय के साथ इंडिया पोस्ट के सशक्त हुए आयामों की स्मृति में राष्ट्रीय डाक सप्ताह का शुभारंभ हुआ। बोकारो में डाक कर्मियों ने ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित कराकर वर्ल्ड पोस्टल डे मनाया। राजकीयकृत उच्च विद्यालय लकड़ा खंदा एवं पेंटेकॉस्टल स्कूल में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रधान डाकघर में भी इस दिवस को मनाया गया। मौके पर सहायक डाक अधीक्षक बोकारो अभिजीत रंजन डाक निरीक्षक अमित कुमार प्रधान डाकघर के डाकपाल सतीश कुमार विपणन अधिकारी कौशल कुमार उपाध्याय आदि मौजूद रहे। लकडाखंदा विद्यालय में प्रधानाचार्य डा उदय चंद्र झा शिक्षक राखी वर्णवाल खुशबू प्रसाद अनिता कुमारी विनय कुमार पाण्डेय आशुतोष कुमार राय एवं पेंटेकोस्टल स्कूल के मोहन कुमार मिश्रा ने बच्चों को पत्र लेखन प्रतियोगिता के लिए प्रेरित किया। वरीय डाक अधीक्षक धनबाद उत्तम कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय डाक की गौरव गाथा को लोगों ने स्मरण किया। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत लगातार सात दिनों तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## फुसरो : व्यवसायी के घर का ताला तोड़ चोरी

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो के शांति नगर निवासी कोयला व्यवसायी अरुण सिंह के बंद आवास में बीती रात्रि चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी पड़ोसियों द्वारा बेरमो थाना को दिया गया दी गया। सूचना पाते ही बेरमो थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे और आवास जाकर जायजा लिया। घटना के संबंध में पड़ोसियों ने बताया कि अरुण सिंह पिछले 10 दिनों से अपने बेटा बहू से मिलने के लिए मुंबई गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने बंद आवास में घटना को अंजाम दिया चोरों ने घर के पीछे खिड़की का ग्रिल व खिड़की का लॉक तोड़कर घर में प्रवेश किया उसके बाद घर में रखें सामानों को कंगाला साथ ही अलमीरा गोदरेज लॉक तोड़कर उसमें रखें सामानों की चोरी की घटना को अंजाम देकर चारदीवारी फांद कर पड़ोसी के चारदीवारी में पहुंचे तब पड़ोसी की नजर चोरों पर पड़ी उसके बाद घटना की जानकारी दी।

## श्राद्ध कर्म के लिए मृतक के आश्रित को मदद की

बेरमो। गिरीडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो के द्वारा नावाडीह प्रखण्डए पंचायत अंतर्गत चपरीए ग्राम मुंगो निवासी ;1द्ध पुरेन्द्र कुमार महतो; मृतकद्धए पिता. स्व गुरुदयाल महतो ;2द्ध स्व पिच्चा मोदी; मृतकद्धए पुत्र. रामेश्वर मुण्डाए मदन मुण्डा एंव ;3द्ध ग्राम चपरीए टोला डकवाटांड निवासी स्व काली सिंह; मृतकद्धए पुत्र . शंकर सिंहए उमेश सिंह साथ ही परिजनो को श्राद्ध कर्म हेतू आर्थिक सहयोग पहुचाया गया। इस मोके पर बोकारो जिला मुखीया संघ अध्यक्ष जयलाल महतो उर्फ जैली एचपरी मुखिया प्रतिनिधि सुन्दर महतो आदि मुख्य रूप से उपिस्थित थे।

**सूचना**

आर.एम. इंटर कॉलेज, चास के शासी निकाय में दानदाता सदस्य के चुनाव हेतु वैसे दान दाताओं से दिनांक 12.10.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है, जिन्होंने 25,000/– (पच्चीस हजार) रुपये से अधिक नगद राशि दान दिया हो। आवेदन डाक द्वारा या फिर महाविद्यालय में प्राचार्य के पास जमा किया जा सकता है।
निवेदक : श्रवण कुमार, प्रभारी प्राचार्य, आर.एम. इंटर कॉलेज, चास

# पोषण माह : विभिन्न गतिविधियों में धनबाद को राज्य में तीसरा स्थान

● समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** विगत एक सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित पोषण माह के दौरान विभिन्न तरह की गतिविधियों के लिए धनबाद जिला पूरे राज्य में तीसरे स्थान पर आया है। इसकी जानकारी आज निदेशक एनईपी इंदु रानी की अध्यक्षता में आयोजित समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि पोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों, प्रखंड एवं जिला स्तर पर जागरूकता के लिए धनबाद में चार लाख 23 हजार 87 गतिविधियों की गई। इसके लिए पूरे झारखंड में धनबाद ने तीसरा स्थान हासिल किया है। बैठक के दौरान पूरक पोषाहार योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सरकारी एवं किराये पर संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, शौचालय एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति, पोषण ट्रैक्टर डैशबोर्ड, पोषण ट्रैक्टर डैशबोर्ड में आधार सत्यापित तथा असत्यापित लाभुक, सामाजिक कुरीति निवारण योजना, निशक्त कल्याणार्थ योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को पोशाक की समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक एनईपी इंदु रानी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, डीएमएफटी के सज्जाद अंसारी, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका मौजूद थे।



**किशोरी समृद्धि योजना में निरसा की उपलब्धि शत-प्रतिशत**

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में निरसा एवं बाघमारा प्रखंड ने शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। जबकि धनबाद सदर ने 90.85 प्रतिशत, झरिया 90.87 प्रतिशत, तोपचांची 96.14 प्रतिशत, बलियापुर 93.10 प्रतिशत, टुंडी 99.42प्रतिशत तथा गोविंदपुर ने 89.15 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। निदेशक एनईपी ने इन प्रखंड के सीडीपीओ एवं पर्यवेक्षिका को दो दिन में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया।

**मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में तोपचांची ने हासिल किया लक्ष्य**

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में तोपचांची प्रखंड ने शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। निदेशक एनईपी ने अन्य प्रखंडों को कार्य में प्रगति लाकर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

## मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक

**कुमारधुबी।** मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तत्वावधान में एगयारकुंड प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को एगयारकुंड प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार की अध्यक्षता में दूसरे दिन बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दी गई।प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने कहा कि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के रूप में स्वीप को जाना जाता है। यह भारत में मतदाता शिक्षा मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए यह एक प्रमुख कार्यक्रम है।

## सविमं सिनीडीह का अर्धवार्षिक रिजल्ट घोषित

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** मंगलवार को अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के परीक्षा प्रमुख कमलेंदु नारायण चंद्र ने प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को प्रगति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि परिश्रम करने वाले कभी असफल नहीं होते। ऐसे भैया- बहन जो हर कार्य को चुनौती मानते हुए परिश्रम करते हैं, वे शत-प्रतिशत सफलता के हकदार होते हैं। उन्होंने भैया -बहनों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आप अपने समय का सदुपयोग करते हैं, तो निश्चित तौर पर आप सफलता प्राप्त करते हैं। अपने उद्बोधन में विद्यालय के उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने कहां कि प्रत्येक भैया-बहन यदि समय सारणी के अनुसार अध्ययन करें तो प्रत्येक कक्षा में एक नहीं बल्कि एक से अधिक प्रथम, एक से अधिक द्वितीय एवं एक से अधिक तृतीय स्थान प्राप्त कर सकते हैं। इस परीक्षा परिणाम में कक्षा दशम₹ब₹के छात्र ऐशिक चंद्रा ने सर्वाधिक 99.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इस परीक्षा परिणाम की घोषणा के समय सभी आचार्य उपस्थित रहे।

## तोपचांची : फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**तोपचांची।** मंगलवार को एस एस क्लब, शक्तिपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। दीप नारायण सिंह ने फिता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हूए तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन फुटबॉल पर किक मार कर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत टुंडी विधानसभा क्षेत्र में खेल के क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। गांव के युवा कई प्रकार के खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र का नाम रोशन रहा है। परन्तु खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में क्षेत्र के सांसद और विधायक का कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। आज सरकारी, अर्द्ध सरकारी और निजी क्षेत्र के संस्थानों में खेल कोटा खत्म हो रहा है और सांसद विधायक चुप है। गांव के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आर्थिक तंगी के कारण खेल के क्षेत्र से दूर हो रहे हैं। खेल के क्षेत्र में भविष्य को संवारने के लिए युवाओं को अपने हक और अधिकार के लिए लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है, ताकि फिर से खेल के क्षेत्र में नियोजन हेतु खेल कोट में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सहदेव सिंह, जदयू प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ बिन्दु देवी, तोपचांची प्रखंड जदयू के वरिष्ठ नेता तारा बाबू, अमित यादव,सुरज किस्कू, रितेश यादव, शिवलाल मुर्मू, राम चंद्र हेम्ब्रम, प्रिंस कुमार, अभिषेक दसौंधी,आदि मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब कतरास की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**कतरास।** मंगलवार को प्रेस क्लब कतरास के संरक्षक एवं पदाधिकारी की बैठक वरीय संरक्षक दिलीप अंजाना की अध्यक्षता में प्रेस क्लब के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में धनबाद प्रेस क्लब की सदस्यता लेने पर सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ की प्रेस क्लब धनबाद प्रेस क्लब झरिया और प्रेस क्लब कतरास की संयुक्त बैठक कर निर्णय लेने के बाद ही धनबाद प्रेस क्लब की सदस्यता पर विचार विमर्श किया जाएगा। शारदीय नवरात्रि पूजा 2023 दुर्गा पूजा के शुभ मौके पर शहर के विभिन्न पूजा पंडालो में प्रेस क्लब कतरास का बैनर लगाने पर सहमति बनी। निर्णय लिया गया कि प्रेस क्लब कतरास के पुराने सदस्यों को सदस्यता शुल्क 500 रुपये रहेगी।

## विधायकों ने की कुलपति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**बोकारो।** झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ सख्त अनुशासनिक कार्रवाई करने की मांग की है। राज्यपाल को बताया कि कुलपति ने रानी शिक्षण संस्थान एवं विधि महाविद्यालय सहित सभी बीएड कालेज से रुपये की वसूली की गई है।

## झरिया अंचल में विधिक प्रदर्शनी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम शर्मा के निर्देश पर झरिया अंचल में विधिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस संबंध में अवर न्यायाधीश सह सचिव, डालसा, श्रीमती निताशा बारला ने बताया कि 100 दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर के आयोजन के तहत आज विधिक सहायता केंद्र झरिया अंचल में डालसा के राजेश कुमार सिंह, डिपेंटी कुमारी गुप्ता, पिएलवी हेमराज चौहान के द्वारा विधिक प्रदर्शनी के माध्यम से न्यायिक प्रणाली एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उद्देश्यों, लोक अदालत, मध्यस्था आदि के बारे मे लोगों को बताया गया। साथ ही झरिया के सुदूर ग्रामीण इलाकों में डालसा द्वारा मोबाइल वैन के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता प्रदान की गई।

# सिंदरी में बीबीएमकेयू इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री रेस

प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** बीबीएमकेयू धनबाद के चौथे इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता (छात्र/छात्रा) सिंदरी कॉलेज सिंदरी द्वारा मंगलवार को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 6 कॉलेजों के 19 छात्रा और 9 कॉलेजों के 30 छात्र प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू सीसीडीसी डॉ ए के माजी ने प्रतिभागियों को खेल के प्रति प्रेरित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्रा वर्ग तथा छात्र वर्ग के चयनित सभी 12 प्रतिभागी इंटर यूनिवर्सिटी क्रॉस कंट्री रेस में बीबीएमकेयू का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्रा प्रतिभागियों ने साढ़े पाँच किलोमीटर की रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में बीएसके कॉलेज मैथन की अनिता दास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बीएसके कॉलेज मैथन की सीमा बैद्यकर ने द्वितीय, आरएसमोर गोविंदपुर की हेमंती किस्कू तृतीय, पी के रॉय मेमोरियल कॉलेज की निशा कुमारी चतुर्थ, बीएसके कॉलेज मैथन से संध्या कुमारी पाँचवें तथा सिंदरी कॉलेज, सिंदरी से खुशबू कुमारी ने छठा स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग प्रतियोगिता में साढ़े बारह किलोमीटर की रेस में भाग लिया। रेस में बीबीएम कॉलेज बलियापुर से पंकज कुमार महतो ने प्रथम, बीबीएम कॉलेज बलियापुर से ही अरुण कुमार राय द्वितीय, गुरु नानक कॉलेज से सूरज कुमार तृतीय, पी के रॉय मेमोरियल कॉलेज से विकास कुमार महतो चौथे, पी के रॉय मेमोरियल कॉलेज से महेंद्र महतो पाँचवें और आर एस पी कॉलेज झरिया से विराट कुमार राय छठे स्थान पर रहे।

## बीएसएल में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से अक्टूबर 2023 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति सेजुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से एचआरडी सेंटर के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नए मेडिक्लेम योजना एनपीएस योजना इत्यादि की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया गया। एसीएमओ डॉ साकेत मिश्रा और योग विशेषज्ञ विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक मुकेश कुमार ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। एसीटी सुश्री संगीता कुमारी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबंधक अंकिता देव ने किया।

## एक नजर में

### उपायुक्त ने की धनबाद, गोविंदपुर सीओ पर कार्रवाई

■ राजस्व कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर वेतन स्थगित

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा धनबाद अंचल के अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार लायक एवं गोविंदपुर अंचल के अंचलाधिकारी रामजी वर्मा पर राजस्व के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर कार्रवाई करते हुए वेतन पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। जिला समन्वय समिति की बैठक में बार-बार दिए गए दिशा निर्देश के बावजूद धनबाद एवं गोविंदपुर के अंचलाधिकारी द्वारा अपने अंचल अंतर्गत राजस्व के कार्यों में अपेक्षित गति नहीं लाया जा रहा था। इसके बाद सरकारी कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही को देखते हुए उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने धनबाद एवं गोविंदपुर के अंचलाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया।

### स्थानीय को रोजगार देने को लेकर जेबीकेएसएस की बैठक

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के बगीयारी डीवीसी चौक में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कसमार पेटरवार एवं जरीडीह इकाई की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता दुगार्पुर मुखिया सह जेबीकेएसएस सदस्य अमरेश कुमार महतो ने व संचालन सुखदेव राम ने किया। बैठक में भारतमाला फेज टू के तहत बनने वाली वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेस वे ग्रीन पर निर्माण कम्पनी एचजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराने हेतु भारत सरकार द्वारा संवेदक नियुक्त किया गया है जिसमें मजदूर ड्राइवर मुंशी सुपरवाइजर इत्यादि के कार्यों में शत प्रतिशत स्थानीय को नियोजित करने की बात कही गयी। मौके पर श्री महतो ने कहा कि ऐसा नहीं होने पर उक्त कंपनी के खिलाफ जन आंदोलन किया जाएगा और कंपनी का सारा काम बंद कर दिया जायेगा। मौके पर सृष्टिधर महतो दीपक महतो रवि रंजन कुमार जयपाल महतो रामचंद्र मुर्मू दुर्गा चरण मांझी सुभाष कुमार महतो फिरोज अंसारी मंटु कुमार महतो आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा।

"भर्त्ती कैम्प–2023"
–: सूचना :–

एतद् द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : 13 अक्टूबर, 2023 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोकाई, कोडरमा में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक एक दिवसीय "भर्त्ती कैम्प– 2023" का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| S. N | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age | Pay & Allow. | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Career Tree HR Solutions Pvt. Ltd, Chennai (Hiring for Suzuki Motor Gujarat) | Trainee Operator | 500 | ITI Trade, Fitter, Diesel Mechanic, Motor Mechanic, Turner, Machinist, Welder, Electrician, Tool & Die Maker | 18-24 Yrs. | For FTC Scheme CTC 21,500 PM For Apprentice Scheme CTC-17,900 PM | Hansalpur Plant, Near Bechraji, Mehsana (Gujarat) |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त "भर्त्ती कैम्प" में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में "भर्त्ती कैम्प" में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह/0
जिला नियोजन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 308796 Labour Employment and Traning(23-24)D

समेकित जनजाति विकास अभिकरण, सिमडेगा

झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर मान्यता प्राप्त नर्सिंग एवं आई0टी0आई0 शैक्षणिक संस्थानों के लिए शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण एवं अध्ययनरत छात्र/छात्राओं हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना :–

सूचना

झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर मान्यता प्राप्त नर्सिंग एवं आई0टी0आई0 शैक्षणिक संस्थानों के लिए शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण एवं उक्त शैक्षणिक संस्थानों में सत्र–2022–23 में अध्ययनरत अनुसूचति जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रक्रियात्मक कारवाई से पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (P.R. No:- 306426) के क्रम में पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है:–

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा:–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कारवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कारवाई के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 23.10.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 03.11.2023 |
| 3 | संबधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 10.11.2023 |

नोटः– नर्सिंग एंव आई0टी0आई0 शैक्षणिक संस्थानों के अलावा अन्य शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन देने पर स्वीकार नहीं किए जाऐंगे।
शेष दिशा निर्देश Webite- ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR.NO.308776 Welfare(23-24):D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

ई-प्रोक्युरमेंट सूचना

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/SIMDEGA/04/2023-24

अल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या RDD/SD/SIM/04/2023-24 द्वारा आमंत्रित निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से निम्नांकित योजनाओं के लिए ई०निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Construction of Signage Board, Dustbin, Bala Painting in Tourist place of Simdega District. | 11.23335 | 22500.00 | 2500.00 | चार माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 14.10.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में
3. ई० निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.10.2023 से 25.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit एवं Bank Certificate for Credit facility जमा करने की तिथि एवं समय :– 26.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
8. ई० निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष संख्या :– 9060405905
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा के पद नाम से देय हो देना होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र का राशि का 2% (प्रतिशत) राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 2146 (एस) दिनांक 09.09.2020 से झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका 163 (a) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया गया है। सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होंगी एवं निदेश है कि 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से (i) 10 से 20 प्रतिशत below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। जिसे निविदा के साथ ही जमा करना होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172 (a) के रूप में समाहित होगा। पूर्व के संहिता/ नियम/ परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझें जायेगें।
12. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताये निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www. Jharkhandtender.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

PR 308754 Rural Development (23-24)_D

# ई एजुकेशन का असर

हाल ही में स्कूल ऑफ बिजनेस में सैंटर फॉर इनोवेशन एटरप्रेन्योरशिप की मदद से एक सर्वे ऑनलाइन शिक्षा की स्थिति का आकलन करने के लिये किया गया था। इस सर्वे में समभागी बने लोगों में से 93 फीसदी लोगों ने यही माना है कि ऑनलाइन शिक्षा से बच्चों के सीखने और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पर बुरा प्रभाव पड़ा है, घरों में कैद होकर भी वे ऑनलाइन अपराधों के शिकार हुए, उनमें मानसिक विकृतियां पनपीं। इससे बच्चों पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी पड़ा है। बच्चों के समग्र विकास की संभावनाओं का प्रकटीकरण रूका है। बच्चों का शिक्षा से मोहभंग हो गया। बच्चे अपराध एवं यौन शोषण के शिकार हुए हैं। ये स्थितियां गंभीर एवं घातक होने के साथ चुनौतीपूर्ण बनी हैं। भले ही ताजा आंकड़ों में पहले की तुलना में आपराधिक मामलों में कुछ कमी दर्ज हुई है, मगर वह संतोषजनक नहीं है। कई मामलों में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं बढ़ी हैं। बच्चों को टारगेट करने वाले लोगों को पीडोफाइल कहा जाता है। इनका रुझान शुरू से बच्चों की तरफ होता है। वे वयस्कों की बजाय बच्चों को देखकर उत्तेजित होते हैं। ऐसे ही बीमार मानसिकता के लोगों ने पूर्णबंदी के दौरान बच्चों पर विकृत मानसिकता के हमले जहां-जैसे मौके मिले किये। बंदी की वजह से बच्चों को घरों में बंद रहने पर मजबूर होना पड़ा था, ऐसे में उनके माता-पिता का अनुशासन और हिंसक व्यवहार कुछ अधिक देखा गया। बाल अपराध, बाल अधिकारों के हनन, बेवजह प्रताड़ना, बाल मजदूरी, यौन शोषण आदि के खिलाफ कड़े कानून हैं, मगर उनका कितना पालन हो पा रहा है, इसका अंदाजा ताजा आंकड़ों से लगाया जा सकता है। बच्चों के खिलाफ आपराधिक घटनाओं के मामले में मध्य प्रदेश अव्वल है, फिर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और बिहार हैं।

# सार्थक प्रयास

बैंक ऑफ फिनलैंड ने घोषणा की है कि सन 2050 तक उसका निवेश पोर्टफोलियो कार्बन-न्यूट्रल हो जाएगा। इस विषय में पढ़ते हुए मुझे जानकारी मिली कि कई पश्चिमी केंद्रीय बैंक ऐसी घोषणाएं कर रहे हैं। यह दिलचस्प बात है क्योंकि केंद्रीय बैंक अक्सर अपना अधिकांश निवेश पोर्टफोलियो स्वर्ण, राष्ट्रीय और विदेशी नकदी तथा सॉवरिन बॉन्ड के रूप में रखते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति यह आकलन कैसे करेगा कि बॉन्ड और नकद परिसंपत्तियां कार्बन-न्यूट्रल हैं या नहीं? अजीब बात यह भी है कि सोने को कार्बन-न्यूट्रल आकलन से बाहर रखा गया है क्योंकि इसका आकलन करने का कोई तरीका मौजूद नहीं था। सोने की खदान में होने वाला काम कार्बन-न्यूट्रल है, लेकिन फिलहाल इसे जाने दें। सरकार का राजस्व सीधे व्यय से संबद्ध नहीं है। सरकार अपना कर राजस्व बढ़ाने के लिए व्यय नहीं करती। यह बात डेट के जरिये भरपाई किए जाने वाले सरकारी व्यय पर भी लागू होती है। यदि ऐसे डेट फाइनैंसिंग वाले व्यय का इस्तेमाल केवल पूंजीगत व्यय के लिए किया जाए तो भी पूंजीगत व्यय के पोर्टफोलियो का आकलन उसके कार्बन प्रभाव के आधार पर नहीं किया जा सकता है क्योंकि ऐसे निवेश का बड़ा हिस्सा वित्तीय निवेश होता है। ऐसा भी नहीं है कि वे राजस्व केवल इसलिए जुटाते हैं ताकि आम परिवारों की तरह वस्तुएं एवं सेवाएं जुटा सकें। इसके अलावा सरकारी व्यय का बड़ा हिस्सा स्थानांतरण में होता है जो अर्थव्यवस्था में संसाधनों का आवंटन एवं वितरण को प्रभावित करना चाहती है। जिस संदर्भ में कंपनियां और आम परिवार करते हैं। घरेलू कर्ज का इस्तेमाल उच्च कार्बन निवेश की भरपाई के लिए किया जाता है तो ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे कोई केंद्रीय बैंक ऐसे ऋण जारी करने से इनकार कर सके क्योंकि यह केंद्रीय बैंक के काम का हिस्सा नहीं है।

# आपातकाल और लोकनायक जयप्रकाश





- सुधीर शर्मा

> पहलेसे ही रामवृक्ष बेनीपुरी लिखित जीवनी भी सिन्हा लाइब्रेरी में उपलब्ध थी ही।( रामवृक्ष बेनीपुरी जेपीके लिए सिर्फ जीवनी लेखक नहीं थे,वह उनकी समाजवादी विचारधाराकी वैचारिक क्रांतिके थिंक टैंक भी थे, जिन्होंने सर्वोदय आंदोलनके लिए जेपीके जीवनदानको पलायनवादिता माना था।

भारतीय लोकतंत्र के महानायक जयप्रकाश नारायण का जन्म 11 अक्टूबर, 1902 को बिहार के सिताबदियारा गांव में हुआ था। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ जब देश विदेशी सत्ता के अधीन था और स्वतंत्रता के लिए छटपटा रहा था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा सारन और पटना जिले में हुई । वे विद्यार्थी जीवन से ही स्वतंत्रता के प्रेमी थे और पटना में बिहार विद्यापीठ में उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश लेने के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने लगे। वे 1922 में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चले गये। जहां उन्होंने 1922 से 1929 तक कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय व विसकांसन विवि में अध्ययन किया।

वहां पर अपने खर्चे को पूरा व नियंत्रित करने के लिए खेतों व रेस्टोरेंट में काम किया। वे मार्क्स के समाजवाद से प्रभावित हुए। उन्होनें एमए की डिग्री प्राप्त की। इसी बीच उनकी माता जी का स्वास्थ्य काफी बिगड़ने लगा जिसके कारण वे अपनी पढ़ाई को छोड़कर स्वदेश वापस आ गये। भारत वापस आने पर उनका विवाह प्रसिद्ध गांधीवादी बृजकिशोर प्रसाद की पुत्री प्रभावती के साथ हुआ।

जब वे अमेरिका से वापस लौटे तब भारत में स्वतंत्रता आंदोलन चरम सीमा पर था। वे भी भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का हिस्सा बने। 1932 में गांधी तथा सहित अन्य नेताओं के जेल जाने के बाद उन्होंने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। अंततः उन्हें भी 1932 में जेल में डाल दिया गया। नासिक जेल में उनकी मुलाकात मीनू मसानी ,अच्युत पटवर्धन ,सी के नारायणस्वामी सरीखे कांग्रेसी नेताओं के साथ हुई।

जेल में चचाओं के बाद कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का जन्म हुआ। यह पार्टी समाजवाद में विश्वास रखती थी। 1939 में उन्होंने अंग्रेज सरकार के खिलाफ लोक आंदोलन का नेतृत्व किया। सबसे बड़ी बात यह है कि जेपी स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में हथियार उठाने के पक्षधर थे। उन्होंने सरकार को किराया और राजस्व को रोकने का अभियान चलाया। टाटा स्टील कंपनी में हड़ताल करवाकर यह प्रयास किया कि अंग्रेजों को स्टील, इस्पात आदि न पहुंच सके। जिसके कारण उन्हें फिर हिरासत में ले लिया गया। उन्हें नौ माह तक जेल की सजा सुनायी गयी।

आजादी के बाद जयप्रकाश नारायण ने 19 अप्रैल 1954 को बिहार के गया में विनोबा भावे के सर्वोदय आंदोलन के लिए जीवन समर्पित कर दिया। 1959 में उन्होंने लोकनीति के पक्ष में राजनीति करने की घोषणा की। 1974 में उन्होंने बिहार में किसान आंदोलन का नेतृत्व किया और तत्कालीन बिहार सरकार के इस्तीफे की मांग की। जेपी प्रारम्भ से ही कांग्रेसी शासन विशेषकर इंदिरा गांधी की राजनीतिक शैली के प्रखर विरोधी थे। 1975 में इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को बचाकर रखने के लिए आपातकाल लगा दिया। आपातकाल के दौरान देश के विपक्षी दलों के नेताओं को जेलों में डाल दिया गया । लगभग 600 से अधिक नेताओं को जेल में डाला गया तथा उन पर जेलों में अमानवीय अत्याचार किया गया। जनता पर प्रतिबंध लगाये गये।

आपातकाल में अत्याचारों से परेशान जनता कांग्रेस से बदला लेने के लिए उतावली हो रही थी। जनता व नेताओं को अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए जेपी ने अथक प्रयासों से विपक्ष को एक किया और 15 जून 1975 को पटना में ऐतिहासिक रैली में जेपी ने सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान किया। 1977 के चुनाव में देश को पहली बार कांग्रेस से मुक्ति मिली। लेकिन भारत के दुर्भाग्यवश जेपी का यह अथक प्रयास बीच में ही टूट गया और उनके प्रयासों से बनी पहली गैर कांग्रेसी सरकार बीच में ही बिखर गयी। इससे उनको मानसिक दुःख पहुंचा।पाँच जून के पहले छात्रों - युवकों की कुछ तात्कालिक मांगें थीं, जिन्हें कोई भी सरकार जिद न करती तो आसानी से मान सकती थी। लेकिन पाँच जून को जे॰ पी॰ ने घोषणा की–

भ्रष्टाचार मिटाना, बेरोजगारी दूर करना, शिक्षा में क्रांति लाना, आदि ऐसी चीजें हैं जो आज की व्यवस्था से पूरी नहीं हो सकतीं; क्योंकि वे इस व्यवस्था की ही उपज हैं। वे तभी पूरी हो सकती हैं जब सम्पूर्ण व्यवस्था बदल दी जाए और सम्पूर्ण व्यवस्था के परिवर्तन के लिए क्रान्ति, सम्पूर्ण क्रान्ति आवश्यक है। सम्पूर्ण क्रान्ति के आह्वान उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी की सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए किया था।लोकनायक नें कहा कि सम्पूर्ण क्रांति में सात क्रांतियाँ शामिल है– राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रांति। इन सातों क्रांतियों को मिलाकर सम्पूर्ण क्रान्ति होती है।

सम्पूर्ण क्रांति की तपिश इतनी भयानक थी कि केन्द्र में कांग्रेस को सत्ता से हाथ धोना पड़ गया था। जय प्रकाश नारायण जिनकी हुंकार पर नौजवानों का जत्था सड़कों पर निकल पड़ता था। बिहार से उठी सम्पूर्ण क्रांति की चिंगारी देश के कोने-कोने में आग बनकर भड़क उठी थी। जे॰ पी॰ के नाम से मशहूर जयप्रकाश नारायण घर-घर में क्रांति का पर्याय बन चुके थे। लालमुनि चौबे, लालू प्रसाद, नीतीश कुमार, रामविलास पासवान या फिर सुशील मोदी, आज के सारे नेता उसी छात्र युवा संघर्ष वाहिनी का हिस्सा थे।

लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्पूर्ण क्रांति में विश्वास रखते थे। उन्होंने बिहार से ही सम्पूर्ण क्रांति का आरम्भ किया था । वे घर- घर क्रांति का दीया जलाना चाह रहे थे। जेपी का जीवन बहुत ही संयमित व नियंत्रित रहता था । वे राजनीतिक जीवन में उच्च आदर्शों का पालन करते थे जो देश के कई राजनीतिक दलों को पसंद नहीं थे। बिहार के अधिकांश नेता मसलन लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और रामविलास पासवान आदि कभी जेपी आंदोलन के युवा नेता हुआ करते थे। आपातकाल के खिलाफ सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान करने वाले नायक समाजसेवक लोकनायक जयप्रकाश को 1998 में उन्हें मरणोपरांत भारतरत्न से सम्मानित किया गया। लोकनायक को 1995 में मैगसेसे पुरस्कार प्रदान किया गया। 08 अक्टूबर 1979 को जेपी का निधन हुआ। उनके निधन पर तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया था। **(लेखक शिक्षाविद और चिंतक हैं।)**

## खास बात

### बेहाल हमास

इजराइल की सेना ने कहा कि उसे इजराइली क्षेत्र में लगभग 1,500 हमास आतंकवादियों के शव मिले हैं क्योंकि उसने दक्षिण में प्रभावी नियंत्रण हासिल कर लिया है और सीमा पर पूर्ण नियंत्रण बहाल कर लिया है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि क्या वे संख्याएँ फिलिस्तीनी अधिकारियों द्वारा पहले बताई गई मौतों से मेल खाती हैं। प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने कहा कि कल रात से हमास का कोई भी लड़ाका इस्राइल में नहीं घुसा है, हालांकि घुसपैठ अभी भी संभव हो सकती है। इजराइल के प्रधानमंत्री द्वारा इस्लामिक आतंकवादी समूह के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की कसम खाने के बाद, जो पीढ़ियों तक गूंजता रहेगा इजरायली युद्धक विमानों ने मंगलवार तड़के लगातार बमबारी के साथ हमास सरकार के केंद्र गाजा शहर पर हमला किया।

4 दिन पुराने युद्ध में पहले ही कम से कम 1,600 लोगों की जान जा चुकी है इजराइल ने दशकों में पहली बार अपने शहरों की सड़कों पर बंदूक की लड़ाई देखी और गाजा में पड़ोस मलबे में तब्दील हो गए। हमास ने भी बिना किसी चेतावनी के नागरिकों को निशाना बनाने पर पकड़े गए इजरायलियों को मारने की प्रतिज्ञा करते हुए संघर्ष को बढ़ा दिया। इजराइल ने कहा कि गाजा में हमास और अन्य आतंकवादी समूहों ने इजराइल के अंदर से छीने गए 150 से अधिक सैनिकों और नागरिकों को पकड़ रखा है, क्योंकि हमले के बाद उसके शक्तिशाली सैन्य और खुफिया तंत्र पूरी तरह से सतर्क हो गए थे।

जैसे ही इजरायली सेना ने बड़े पैमाने पर लामबंदी में 300,000 रिजर्विस्टों को सक्रिय किया, एक बड़ा सवाल यह था कि क्या यह छोटे भूमध्यसागरीय तटीय क्षेत्र में जमीनी हमला शुरू करेगा। आखिरी जमीनी हमला 2014 में हुआ था। गाजा के पास एक दर्जन से अधिक शहरों से हजारों इजरायलियों को निकाला गया, और नई घुसपैठ से गाजा सीमा बाड़ में उल्लंघनों की रक्षा के लिए टैंक और ड्रोन तैनात किए गए। गाजा में, हवाई हमलों में इमारतें ध्वस्त होने के कारण हजारों लोग अपने घर छोड़कर भाग गए। वैसे युद्ध में दावा प्रतिदावा का दौर चलता है लेकिन इसके बीच इसरायल हावी है।

# गुरु ऋण

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**जनक** ने जैसे ही कहा कि कया धरती वीरों से खाली हो गयी है। लक्ष्मण खड़ा हो गये और बोले महाराज जनक जिस सभा में श्री राम उपस्थित हों वहां ऐसी भाषा नहीं बोली जाती है। वे महर्षि विश्वामित्र की ओर देखकर बोले मुझे आज्ञा हो। यह धनुष भंग कौन सी बड़ी बात है। मैं तो सारा ब्रह्मण्ड ही उठा लूंगा। मुझे आर्शिवाद दीजिये। महर्षि विश्वामित्र ने लक्ष्मण को अपने नजदीक बैठाया और कहा। श्री राम आप उठिये। जाइये धनुष तोड़िये। श्री राम जी मन ही में वसिष्ठजी को स्मरण कर कहा हे गुरुजी आपने भेजा और मैं महर्षि विश्वामित्र के साथ यहां आया और धनुष तोड़ने की आज्ञा है। मैं धनुष तोड़ने जा रहा हूं। मैं कहीं नहीं हूं, मेरी कोई इच्छा नहीं है। आपकी आज्ञा में आपके लिये मैं यह काम कर रहा हूं। उन्होंने धनुष उठा लिया और धनुष को धुमाया और तोड़ दिया। धनुष दो खंडों में तोड़ दिया। जब श्री राम धनुष तोड़ दिया तो शोर मच गया। चारों तरफ लोग कहने लगे की श्री राम ने धनुष तोड़ दिया। शिवधनुष तोड़ने की चर्चा चल ही रही थी कि वहां परशुराम जी आ गये। परशुराम के गुरु शिवजी थे और यह धनुष शिव जी का ही था। परशुराम जी पितृ और मातृ ऋण से उऋण हो चुके थे। वे गुरु ऋण से उऋण होने के लिये शिव के पास गये और बोले कि आप गुरु दक्षिणा मांगिये, मैं गुरु के ऋण से उऋण होना चाहता हूं। शिवजी ने उन्हें समझाया कि गुरु ऋण से उऋण होने की बात नहीं सोची जाती है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**जिन** से शरीर मिला है, पुष्ट हुआ है, सुरक्षित रहा है और जीवन संस्कार से युक्त बना है उन पितरों के प्रति व्यक्ति को कृतज्ञ रहना चाहिए । वे जीवित हों तो सेवा और दिवंगत हो तो उनके निमित्त सत्कर्म करते रहना चाहिये। उनको तृप्त करना ही तर्पण है।

**– रमेश भाई ओझा, कथावाचक**

## आपके ट्वीट

हजारीबाग स्थित पुलिस अकादमी में प्रशिक्षणरत 7वीं और 10वीं बैच के प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों एवं जिला समादेष्टाओं (गृह रक्षा वाहिनी) के पासिंग आउट परेड में शामिल हुआ। अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





आदिवासी देश के बजट के 100 में से मात्र 10 पैसे पर निर्णय लेते हैं - ये बहुत शर्मनाक है! हम आदिवासी, दलित और ओबीसी समुदाय का अपमान होने नहीं देंगे - जातीय जनगणना करवा कर रहेंगे, उन्हें सही हिस्सेदारी दिला कर रहेंगे। **- राहुल गांधी**

## कॉर्टून वर्ल्ड

महंगाई-महंगाई...




# अमिताभ बच्चन : एक अथक योद्धा, देश की शान

**आरती श्री**

## जन्म दिन



करियर के शुरूआती दौर में दर्जन भर फ्लॉप फिल्में देने के बाद भी जो अपने कदम पीछे न हटाए, वही अमिताभ बनता है. जो कर्तव्य पथ पर बिना रुके, बिना थके आगे बढ़ता जाए, वही महानायक कहलाने का अधिकारी होता है. वासुदेव कृष्ण के उपदेश- 'कर्म करो, फल की चिंता मत करो' को पूरी तरह आत्मसात कर लेना, शनैःशनैः किस तरह आपको शिखर पर पहुंचा देता है, यह हम अमिताभ बच्चन के व्यक्तित्व से समझ सकते हैं. अमिताभ बच्चन, जो 11 अगस्त को अस्सी वर्ष के हो रहे हैं, आज जहां हैं, वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने लंबी यात्रा तय की है. इस यात्रा में अस्वीकार, उपेक्षा, अपमान व असफलता के साथ-साथ अपार धैर्य- जो संभवतः बहुत कम लोगों के पास होता है- भी उनका साथी रहा है.

दुबला शरीर, साधारण नैन-नक्श, भारी-भरकम आवाज के कारण जब शुरूआती दिनों में सदी के महानायक को अस्वीकृति और अपमान सहना पड़ा था, तब स्वयं उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि उनका धैर्य उन्हें ऐसा प्रतिफल देगा. एक बार नहीं दो-दो बार. एक बार तब जब लंबे समय तक असफल रहने के बाद उन्होंने जंजीर, दीवार जैसी फिल्मों से एंग्री यंग मैन का नया व्यक्तित्व गढ़ा और लोगों के जनमानस पर लंबे समय तक छाये रहे. उनकी अभिनय प्रतिभा और गहरी आवाज के दर्शक दीवाने हो गये. वर्ष 1969 में सात हिंदुस्तानी से रुपहले पर्दे का सफर शुरू करने वाले अमिताभ बच्चन को 1972 तक इक्का-दुक्का ही सफलता मिली थी. पर उसके बाद 1975 से 1988 तक उन्होंने हिंदी फिल्म जगत पर एकछत्र राज किया. इसके बाद उनका करियर ढलान की ओर बढ़ने लगा, हालांकि इस दौर में भी उन्होंने कुछ उत्कृष्ट फिल्में कीं. वर्ष 1996 में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'एबीसीएल' लॉन्च की, जो उनकी भयंकर भूल साबित हुई. वे कर्ज में डूब गये. उनका फिल्मी करियर भी तब अधर में लटक गया जब 1999 में एक के बाद एक चार फिल्में फ्लॉप हो गयीं.

पर जिसने हारना न सीखा हो, उसका मनोबल कौन तोड़ सकता है भला. वर्ष 2000 में जब अमिताभ को टेलीविजन क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' होस्ट करने का अवसर मिला, तो उन्होंने इसे भी एक अवसर के रूप में लिया और अपने अनूठे प्रस्तुतिकरण के कारण दर्शकों के दिलो-दिमाग पर छा गये. अमिताभ आज भी केबीसी होस्ट कर रहे हैं. शो व उनकी लोकप्रियता अभी भी बरकरार है. इसी वर्ष फिल्मों में भी उन्होंने नयी भूमिका के साथ दूसरी पारी की शुरूआत की. अपने लिए उसी तरह का चरित्र चुना जो उनकी उम्र व व्यक्तित्व से मेल खाता हो. यहां भी सफलता ने एक बार फिर उन्हें अपना लिया. सच कहें, तो अमिताभ बच्चन ने कबीर की इस साखी को चरितार्थ किया है- 'धीरे-धीरे रे मना, धीरे सबकुछ होय/माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु आये फल होय.'

अमिताभ शतायु हों और इसी तरह ऊजावान बने रहें. नित नये प्रतिमान गढ़ते रहें.

## लेटर टू एडिटर

### सोच बदलें

**देश** की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछेक रूढ़िवादी विचारधाराओं और धर्म के ठेकेदार लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। देश का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, जब तक हर वर्ग के शत प्रतिशत लोग लड़का-लड़की के बीच भेदभाव का भाव नहीं त्याग देते। **–राजेश चौहान, रामगढ़**

### नशा का कुचक्र

**कई** अभिनेताओं की संदिग्ध मौत ने फिल्मी जगत में नशे के भयावह रूप को उजागर कर दिया है। बॉलीवुड और ड्रग तस्करों का गठजोड़ आज सबके सामने है। मायानगरी में लोग नाम, शोहरत और पैसा कमाने आते हैं, विडंबना देखिये कि वे कामयाबी हासिल करने के बाद ड्रग्स के खेल में संलिप्त हो जाते हैं। अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या भी कर लेते हैं।

**– विवेक, मेदिनीनगर**

# तीर्थाटन ने देश का एक सूत्र में बांधा है

**किशन नैन**

## पर्यटन

एक समय समूचा भारत उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पच्छम तक तीर्थ मार्गों के जरिये आपस में जुड़ा हुआ था। ज्ञान पिपासु, घुमक्कड़, तपस्वी और साधु-महात्मा अस्वाभाविक सीमाओं की अवहेलना करते हुए परमात्मा की चाहत में पर्वतों के पार, नदियों के साथ-साथ चहुं ओर लंबी-लंबी यात्राएं किया करते थे।

प्रख्यात पौराणिक कथा विशेषज्ञ देवदत्त पट्टनायक हमें भारतवर्ष के 32 तीर्थस्थलों की अंतर्दृष्टि से भरपूर तारणीय यात्रा पर ले जाते हैं, जहां प्राचीन और नवीन इष्ट उस धरा के पेचीदा और परतदार इतिहास, भूगोल व अपरंपार वैभव को जाहिर करते हैं, जिसे कभी जंबुद्वीप, आर्यदेश, भरतखंड, सिंधुस्थल और हिंदुस्थान के नाम से पुकारा जाता था।

जंबुद्वीप की प्राचीनता का जिक्र करते हुए लेखक ने लिखा है कि ऋषभ के पुत्र भरत जंबुद्वीप के सबसे पुराने शासकों में से एक थे। महाद्वीप को जीतने के बाद, भरत अपना नाम मेरु पर्वत पर अंकित करना चाहते थे। परंतु जब वे शिखर पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि ढलानों पर उन सैकड़ों राजाओं के नाम पहले से लिखे थे, जिनमें से प्रत्येक का यह मानना था कि वे ही जंबुद्वीप को जीतने वाले पहले राजा थे। यह कहानी हमें भारतीय लोकाचार के सनातन विचार के बारे में बताती है।

दरअसल हम अनंत के आवरण में जी रहे हैं। कुछ भी अद्वितीय या नया नहीं है। सब कुछ पहले घट चुका है। सब कुछ फिर से घटेगा। किंतु हम भूल गए हैं जब तक ऋषि हमारी स्मृति को वापस नहीं ले आते। भरतवंशी राजाओं ने कोई तीन हजार वर्ष पूर्व, भारत के प्राचीनतम हिंदू ग्रंथ ऋग्वेद को व्यवस्थित किया। यह सब उस भूमि पर हुआ जिसे अब हम कुरुक्षेत्र के नाम से जानते हैं। वैदिक युग में सर्वाधिक तेज व लोकप्रिय समूह घुमक्कड़ पशुचारकों के थे, जिनके पास एक सशक्त भाषा थी; वे अपने अश्वों और रथों पर गंगा के मैदानी इलाकों के घने वनों में अपनी राह बनाते हुए राज्य स्थापित करने में सफल रहे। उनकी महान कथाएं रामायण एवं महाभारत जैसे महाकाव्यों में सदियों से कही जाती रही हैं। इन महाकाव्यों में हमें पुलस्त्य और विश्रवा के बारे में पता चला, जो यक्षों व राक्षसों के पिता थे; कश्यप के विषय में जानकारी मिली जो देवों, असुरों, नागों व गरुड़ों के पिता थे; दीर्घात्माओं का सुराग लगा जो अंग, वंग और कलिंग नरेशों के पिता थे; इक्ष्वाकु और इला के बारे में जाना, जो मनु के पुत्र व पुत्री थे, जिन्होंने सूर्यवंश व चंद्रवंश के राजाओं को जन्म दिया।

काशी, कुरुक्षेत्र, द्वारका, पुष्कर, उज्जैन, प्रयाग, बोधगया, गुवाहाटी और पुरी जैसे तीर्थों के बारे में भी वैदिक और पौराणिक ग्रंथों से हमें अच्छी जानकारी मिली। काशी में शिव भगवान काशी विश्वनाथ के रूप में बसते हैं। आदिशक्ति यहां अन्नपूर्णा के रूप में वास करती है। बौद्ध इस नगरी से प्रेम करते हैं क्योंकि यह सारनाथ के निकट है। जैन इसे पवित्र मानते हैं क्योंकि चंद्रप्रभा व पार्श्वनाथ समेत चार तीर्थंकरों का जन्म यहीं पर हुआ था। रचना भोला यामिनी द्वारा अनुवादित यह कृति भारत के पुण्य तीर्थों व मंदिरों के इतिहास के बारे में उम्दा जानकारी देती है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48438
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### छावनी परिषद ने रामगढ़ में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**रामगढ़।** दुर्गा पूजा को लेकर छावनी परिषद द्वारा मंगलवार को शहर में पुनः अतिक्रमण हटाओ अभियान आरंभ किया गया। अभियान 11:00 आरंभ किया गया। अभियान के दौरान रामगढ़ थाना पुलिस, यातायात पुलिस , छावनी परिषद के अधिकारी व कर्मचारियों की टीम मौजूद थी। शहर के पुराना बस स्टैंड के निकट से अतिक्रमण हटाओ अभियान आरंभ किया गया और सुभाष चौक, थाना चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला में अभियान के दौरान फुटपाथ दुकानदारों को हटाया गया। प्रशासन की ओर से कहा गया कि त्योहारों के दौरान शहर में यातायात में कोई परेशानी नही हो इसको लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। वहीं, फुटपाथ दुकानदारों ने कहा की आनेवाले त्योहारों में हमारी अच्छी कमाई होती थी, जिससे हमें परिवार के भरण पोषण में मदद मिलती थी। लेकिन प्रशासन द्वारा हमारी दुकान हटाने से मुश्किल बढ़ गई है।

### पूर्व छात्र परिषद की बैठक संपन्न



**रामगढ़।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ के पूर्व छात्र परिषद की बैठक विद्यालय परिसर में मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व छात्र परिषद के संयोजक प्रवीण कुमार सोनू ने एवं संचालन सह संयोजक आलोक कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 18 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण चौधरी , आचार्य दिनेश महतो एवं संचालन समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए। प्रवीण कुमार ने बताया कि आगामी 18 अक्टूबर को 3:00 बजे से रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ के पुरातन भैया बहनों का विद्यालय परिसर में सम्मेलन होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र संगठन मंत्री, विद्या भारती (उ.पूर्व क्षेत्र) के ख्यालीराम जी का सानिध्य प्राप्त होगा।

### जुबिली कॉलेज में लगा स्वास्थ्य शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और दो के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को महाविद्यालय के भवन संख्या 2 में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि आज के परिवेश में विशेषकर कोरोना काल के बाद स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना हमसबों के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है। शिविर में करीब 35 शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों का बीपी, शुगर तथा बीएमआई आदि का जांच किया गया। साथ ही उचित परामर्श भी दिए गए। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, डॉ. बी रविदास, प्रो. अब्बास अली, भूषण शर्मा, प्रो. आलोक कुमार, डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रो. बाल कृष्णा, प्रो. मनोज कुमार दास, डॉ. एसएस पांडेय व अन्य मौजूद थे।

### नीचे धौड़ा स्कूल में ड्रेस वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा नलकारी नदी के समीप राजकीय प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा में मंगलवार को विद्यार्थियों के बीच भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने कक्षा वन से टू तक के छात्र-छात्राओं के बीच दो-दो शेट शर्ट व पैंट, एक स्वेटर व जूता-मोजा का वितरण किया। पासवान ने कहा कि बच्चों को पठन-पाठन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। उन्होंने शिक्षको व अभिभावको से भी बच्चों को पढ़ाई-लिखाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर उप मुखिया संजीत राम, प्रधानाध्यापक रंजीत राम, शिक्षिका प्रेमलता कुमारी, रसोईया बबिता देवी, तनुवा देवी, सुंदुवा देवी सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

### सांडी : मोबाइल दुकान में चोरी

**कुजू।** सांडी स्थित एक मोबाइल दुकान से चोरी होने को लेकर कोयरी टोला, सांडी निवासी पिंटू कुमार कुजू ओपी में आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि सांडी चौक स्थित माही टेलीकॉम मोबाइल दुकान सोमवार रात अज्ञात चोरों ने शीट तोड़कर नये व रिपेयर के लिए आये कुल ग्यारह मोबाइल चोरी कर ली। पिंटू ने बताया कि तीन नये मोबाइल की कीमत तीस हजार रुपया है। जबकि रिपेयरिंग हुआ मोबाइल की कीमत करीब 60 हजार है। उन्होंने पुलिस से उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### सड़क को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन



**बरही।** विकास की रूपरेखा तैयार करने के दृष्टिकोण से भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने प्रखंड के खोडाहर पंचायत के दौरवा गाँव के फूटानी चौक से जावातरी तक सड़क निर्माण को लेकर भाजपा सांसद जयंत सिन्हा को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सांसद को अवगत कराते हुए कहा कि प्रखंड अंतर्गत खोडाहर पंचायत का दौरवा गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र है। आजादी के 75 वर्ष बीतने के बाद भी इन क्षेत्रों के गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ा नही गया है।जिसके कारण गावों का विकास नही हो पाया है।उन्होंने इसे गांवों की गंदी राजनीति करार देते हुए कहा कु साफ सुथरी राजनीति का नाम विकास है।जिसे मात्र भाजपा ही दे सकती है। यदि दौरवा गांव के फूटानी चौक से जावातरी तक लगभग 2 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो जाता है तो दौरवा और जवातरी के स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सांसद श्री सिन्हा ने आश्वस्त किया कि जिला खनिज मद या किसी अन्य मद से जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू भी मौजूद रहे। ज्ञापन में कविता कुमारी, ऋतुराज सिंह, अंशु टोप्पो, दिलीप पंडित, राजू तिर्की, आनिल प्रजापति, माला देवी, ललिता देवी, बसंती देवी, कौशल्या देवी सहित सैकड़ों लोगों का हस्ताक्षर शामिल है।

# हजारीबाग में सड़क के किनारे सूखे पेड़ कटेंगे

- शहर में कई लोग हो चुके हैं सड़क दुर्घटना के शिकार
- डीएफओ पूर्वी से मिला सांसद का प्रतिनिधिमंडल, सौंपी सूची

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर के लोगों के लिए जी का जंजाल बने सड़क किनारे लगे सूखे पेड़ो को जल्द ही काट कर हमेशा के लिए हटा दिया जायेगा। इन सूखे पेड़ो के कारण कई दफा जान माल का नुकसान शहर के लोगो ने उठाया है। इस पेड़ो को हटाने को लेकर अनेको बार उपायुक्त व वन विभाग को लोगो ने आवेदन दिए लेकिन कभी कोई कार्रवाई नहीं हुयी। मामले की जानकारी जब सांसद जयंत सिन्हा के पास पहुंची तो उन्होंने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एक प्रतिनिधिमंडल डीएफओ पूर्वी से बात करने को भेजा । प्रतिनिधिमंडल ने डीएफओ पूर्वी को सारे मामले से अवगत कराया और उन्हें सूखे हुए पेड़ो और उनके लोकेशन की सूचि सौपी। इसमें मुख्य रूप से पीडब्लूडी चौक से नीलांबर पीतांबर चौक तक, पीडब्लूडी चौक से पी टीसी चौक तक, पीटीसी चौक से एसपी कोठी तक, कन्हरी हिल से होमगार्ड चौक तक, नीलांबर पीतांबर चौक से कोर्रा चौक तक, कोर्रा चौक से जबरा तालाब तक, कन्हरी हिल से जबरा पार्क तक, जबरा पार्क से सिंघानी चौक तक, संत कोलम्बस चौक से कोर्रा चौक एवं संत कोलंबस कॉलेज से क्षितिज हॉस्पिटल तक सूखे पेड़ की सूची डीएफओ पूर्वी को सौंपा गया। डीएफओ पूर्वी ने इस मामले पर कहा कि सांसद के द्वारा पूर्व में ही विभाग को निर्देशित किया गया था कि इस तरह के खतरनाक हो चुके पेड़ को तत्काल हटाया जाए, जिससे आम नागरिकों के जीवन की रक्षा हो सके। वन विभाग ने इस पर कार्यवाही करते हुए बिजली विभाग को तत्काल इन खतरनाक हो चुके पेड़ों को हटाने में सहयोग देने की बात पत्र के माध्यम से कहीं।वन विभाग के पास पेड़ हटाने के संसाधन नहीं होने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि पेड़ को काटने में क्रेन और पेड़ काटने की मशीन बिजली विभाग के पास उपलब्ध है, अगर उनका सहयोग वन विभाग को मिल जाएगा तो क्रमबद्ध तरीके से सारे खतरनाक हो चुके पेड़ों को हटाया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने से उन्हें आश्वासन दिया गया कि बिजली विभाग से सहयोग हेतु सांसद अपना भरपूर सहयोग करेंगे। शीघ्र ही बिजली विभाग के जी एम को तत्काल पत्र के माध्यम से सहयोग करने का आग्रह करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में सांसद प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार, सांसद जयंत सिन्हा के निजी सचिव हिमांशु कुमार, सांसद प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण अरविंद सिंह पप्पूएवं सांसद मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा उपस्थित।



हजारीबाग में डीएफओ से मिला प्रतिनिधिमंडल।

# पतरातू में टीपीसी के दो नक्सली गिरफ्तार

**भरत के इशारे पर पेट्रोल पंप पर हुई थी फायरिंग : एसडीपीओ**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातू पुलिस को सावित्री फ्यूल पेट्रोल पंप में हवाई फायरिंग मामले में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। मंगलवार को एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि 5 अक्टूबर की रात को बाइक सवार अपराधियों ने सावित्री फ्यूल पेट्रोल पंप में हवाई फायरिंग किया था।

मामले को लेकर पेट्रोल पंप मालिक द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। इसके बाद एसपी ने मामले के उद्भेदन को लेकर एसआईटी टीम का गठन किया। टीम को अनुसंधान में पता चला कि लेवी नहीं मिलने के कारण टीपीसी उग्रवादी संगठन के भरत जी के इशारे पर हवाई फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। घटना में टेरपा गांव निवासी आदित्य सिंह उर्फ रिंकू और हफुआ के इचापिरी गांव निवासी महेंद्र गंझू आदि शामिल थे। टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए अपाचे बाइक को बरामद कर लिया गया। अपराधियों के पास से दो मोबाइल भी जब्त किया । एसडीपीओ ने बताया कि महेंद्र गंझू पूर्व में भी एक मामले में जेल जा चुका है। अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है। टीम में पतरातू थाना प्रभारी राजदीप कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद, बरकाकाना ओपी प्रभारी अमर शुक्ला, एसआई सुरेंद्र सिंह कुंटीया, एसआई सोनू कुमार, एसआई चेतन कुमार, एसआई निर्मल उरांव, एसआई मंटू चौधरी समेत सशस्त्र बल शामिल थे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते एसडीपीओ व अन्य

### विस्थापितों की समस्याओं का हल करे कंपनी : मनोज महतो



**बासल (रामगढ़)।** एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक) की बैठक मंगलवार को हरिहरपुर पंचायत के चेतमा गांव में हुई। इसकी अध्यक्षता किशोर कुमार महतो एवं संचालन रमेश महतो ने किया। बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रखंड सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड मनोज कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित थें। बैठक में कहा गया कि हरिहरपुर पंचायत के विस्थापितों की समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया के कारण पंचायत के विभिन्न गांवों में एनटीपीसी कंपनी के खिलाफ भारी आक्रोश है। कॉ. मनोज कुमार महतो ने कहा कि एनटीपीसी कंपनी को आए हुए 5 वर्ष हो गए हैं। लेकिन कंपनी हरिहरपुर पंचायत के विस्थापित परिवारों के युवाओं को न तो चिन्हित की है और न ही रोजगार से जोड़ रही है। ना ही सीएसआर के माध्यम से विस्थापित गांवो का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक सभी विस्थापित गांव में बैठक कर विस्थापित ग्रामीणों को गोल बंद करेगी। अधिकार के लिए चरणबंद आंदोलन करेंगे।

### चलकुशा पावर सबस्टेशन में 33 हजार लाइन बरकट्ठा से जायेगा : अमित यादव

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने मंगलवार को बिजली समस्या को लेकर जीएम से मुलाकात की। विधायक ने कहा कि चलकुशा पावर सबस्टेशन में बरकट्ठा से 33 हजार का लाइन जाएगा। इसके लिए बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ हुए बैठक में निर्णय लिया गया। विधायक ने बताया कि बरकट्ठा के बरकनगांगो, चुगलामो, गैंडा बिजली के लो वोल्टेज से लोग जूझ रहे हैं। बरही के गुडियो विजैया में स्थापित पावर सबस्टेशन से जोड़ने पर समस्या दूर हो जाएगी।

### बरही बीडीओ ने की सभी पोस्टमास्टरों के साथ बैठक

**बरही।** बीडीओ पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी पोस्ट ऑफिस के पोस्टमास्टर के साथ वोटर कार्ड वितरण के लिए बैठक हुई। उन्होंने पोस्टमास्टरों को वोटर कार्ड ससमय वितरण करने क' निर्देश दिया। उन्होंने कार्ड वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्रवाई होगी। बैठक में सावना मांझी बीपीआरओ बरही, राजवीर कुमार ठाकुर बीओ देवचंदा, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

# पूरनाडीह में मिट्टी उठा रहे मशीन व हाइवा पर पथराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहरा कला स्थित पूरनाडीह में टांड़ से मिट्टी उठाव कर रहे पोकलेन मशीन और हाइवा वाहन पर गांव के ही एक परिवार ने पथराव किया। इसमें जहां हाइवा और मशीन के शीशे टूटे। वहीं नौ लोग जख्मी हो गए। जख्मी होने वालों में महबूब अंसारी पिता मुस्लिम अंसारी, मंजुर अंसारी पिता सराफत अंसारी, रामावतार यादव पिता चोलेश्वर यादव, सैरुना खातून पति छ्टु मियां, मुस्तकीम अंसारी पिता रमजु मियां, इसरैल अंसारी पिता रमजु मियां, सैदुना खातून पति मुस्तकीम अंसारी, सहादत अंसारी पिता बंधन मियां और मुमताज अंसारी पिता अब्दुल वदुद शामिल हैं। सभी का प्राथमिक उपचार सीएचसी बरकट्ठा में किया गया। चोटिल लोगों ने बताया कि कोनहरा कला निवासी मकबूल अंसारी वगैरह के जमीन से मिट्टी उठाकर गांव के ही समीम अंसारी अपने खेत में मिट्टी भर रहा था। इसी बीच मोहम्मद ताज के परिजनों ने आकर मशीन और हाइवा पर पथराव करने लगे और दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जानकारी देते हुए बताया कि मो ताज के परिजन समेत दर्जनों लोंगो ने एक माह पूर्व पुलिस पर हमला करते हुए पथराव किया था। प्राथमिकी भी दर्ज हुई। लेकिन पुलिस के चुपी और लापरवाही के कारण उसका हौसला बढ़ा है। समाचार संकलन करने पहुंचे एक समाचार पत्र के संवाददाता ईश्वर यादव से भी बदसलूकी की गई। संवाददाता ने बताया कि विवाद और दो पक्षों में मारपीट के साथ वाहन पर पथराव की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचकर तस्वीर और वीडियो लेने लगे तो इसी बीच मो ताज के परिजनों ने डंडा लेकर पत्रकार के साथ बदसलूकी करते हुए तस्वीर लेने से मना करने लगे। वहां उपस्थित लोगों ने दौड़कर आये पत्रकार को बचाया।



### सुनील प्रसाद फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम शिवाडीह में कुशवाहा समाज के सौजन्य से आयोजित शहीद सुनील प्रसाद की 6वी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। शहीद सुनील प्रसाद फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन इनटेक के प्रदेश अध्यक्ष सुमित उर्फ अंकित राज जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ,मुखिया सुलेखा कुमारी व केंद्रीय कुशवाहा समाज प्रखंड अध्यक्ष सोहनलाल मेहता ने किक मारकर किया।

### जेएम कॉलेज में अमृत कलश यात्रा आयोजित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में मंगलवार को महाविद्यालय प्रांगण में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी एवं डॉ. शीला सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलती है। साथ ही हमसबों में देश व राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत होता है।

# अंक को कभी तनाव में नहीं लें छात्र : चौहान

**जुबिली कॉलेज और भुरकुंडा हाई स्कूल में खुशी क्लास आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली कॉलेज और भुरकुंडा हाई स्कूल में मंगलवार को खुशी क्लास हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास का संचालन खुशी दूत संदीप शाह ने किया। संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें। सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। श्री चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। चौहान ने सकारात्मकता की ताकत से जुड़ी एक कहानी भी सुनाई। एक अध्यात्म गुरु अध्यात्म-सभा के दौरान जोरदार चुटकुला सुनाई। सभी लोग ठहाके लगा उठें। कुछ देर बाद अध्यात्म गुरु उसी चुटकुला को रिपीट किए। इस बार हंसी कम हो गई। तीसरी बार भी उन्होंने वही चुटकुला सुना दिया। इस बार चंद लोग सिर्फ मुस्कुरा के रह गए। जब चौथी बार अध्यात्म गुरु ने वही चुटकुला सुनाया तो कोई भी नहीं हंसा। उल्टा सभी बोर होने लगें। अध्यात्म गुरु कहते हैं पहली बार जिस चुटकुला को सुनकर आप सभी दिल खोल कर हंसे। वही चुटकुला तो मैं बार-बार सुना रहा था फिर भेद-भाव कैसा। हर बार आप सभी को हंसना चाहिए था। पर ऐसा नहीं हुआ। ठीक इसी तरह जिंदगी में भी सुख-दुख लगातार एक सी फीलिंग नहीं देती। यूं कहें तो स्थायी नहीं रहती। इसलिए दुख में टूटे नहीं, क्योंकि इसे जाना ही है। सुख में अहंकार भी नहीं पालें, क्योंकि इसका असर भी कमना ही है। अंत में चौहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें। शिक्षकों ने छात्रों से कहा कि खुशी क्लास का प्रयास अद्भुत है। सही मायने में जिंदगी की सार्थकता ही इसी में है। मौके पर जुबिली कॉलेज में प्राचार्य प्रो. एन के तिवारी, डॉ. बी रविदास, महेंद्र पांडेय और हाई स्कूल भुरकुंडा में प्रधानाध्यापक मो शदरूल हक अंसारी, मुकुल प्रसाद, कृष्णा प्रसाद,सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।



## एक नजर में

### स्व. बीरबल प्रसाद मेहता फुटबॉल टूर्नामेंट



**इचाक।** समाजसेवी सह राजनीतिक कार्यकर्ता स्व. बीरबल प्रसाद मेहता के14 वीं स्मृति पर सिझुआ स्कूल के ग्राउंड में फुटबॉल टूर्नामेंट हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मेहता के आदमकत प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा किक मारकर किया गया। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि व्यक्ति की कृति कभी नहीं मरती। सामाजिक सरोकार वाले व्यक्ति को लोग युग युगांतर तक याद करते हैं। मेहता गरीबों के हितैषी एवं कमजोर के सहारा थे। यही वजह है कि उनकी स्मृति में खेल का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने स्वर्गीय बीरबल प्रसाद मेहता के गुणों का बखान करते हुए उनके सपनों को साकार करने में सहयोग की अपील समाज के प्रबुद्ध लोगों से किया। इस अवसर पर उद्घाटन मैच सिझुआ बनाम बरियत बालिका के बीच खेला गया।जिसमे दोनो टीम बराबर पर रही। टूर्नामेंट में प्रखंड के 32 टीमों ने भाग लिया। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री विवेकानंद सिंह, कांग्रेसी डॉक्टर आरसी प्रसाद, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, पूर्व प्रमुख चंद्रदेव प्रसाद मेहता, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल सहित कई खिलाड़ी मौजूद थे।

### अडाणी फाउंडेशन ने लगाया चिकित्सा शिविर

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फाउंडेशन ने पिछले दस दिनों में बड़कागांव प्रखंड के चार स्थलों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। इस दौरान प्रखंड के करीब दस गांव के 138 पुरुष और 131 महिलाओं का इलाज किया गया। इन सभी को निःशुल्क दवाईयां भी दी गई। अधिकतर लोगों को अर्थराइटिस, एग्जीमा, कुपोषण और गैस्ट्रिसिस की बीमारी शिविर में मरीजों का इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ बिजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकतर ग्रामीणों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याएं पाई गई है, जिसमें अर्थराइटिस, पॉली अर्थराइटिस, एग्जीमा, कुपोषण, सामान्य सर्दी, गैस्ट्रिसिस, एनीमिया, डायरिया, आंखों की समस्याएं और सामान्य दर्द शामिल है। सभी मरीजों को डॉक्टर ने आवश्यक सलाह दी और उसे ईमानदारी से पालन करने की अपील की। जिन जगहों पर ये चिकित्सा शिविर लगाए गए उसमें ब्लॉक मोड़ हाई स्कूल मैदान, शिवाडीह, कुमारडीहा और पिपरडीह शामिल हैं। इस चिकित्सा दल में डॉक्टर के अलावा फार्मासिस्ट संगीता कुमारी, एसपीओ त्रिलोक कुमार झा आदि शामिल थे।

### दिलचंद साव को अंबा प्रसाद ने दिया राशन

**बड़कागांव।** प्रखंड के चेपाखुर्द गांव के निवासी दिलचंद साव के पिता स्वर्गीय अमीर साव के दशकर्मा में विधायक अम्बा प्रसाद ने राशन उपलब्ध कराया है। कांग्रेस पार्टी डाड़ीकलां के पंचायत अध्यक्ष पदुम साव के हाथो राशन का सामग्री सौपा गया। मौके पर डाड़ीकलां पंचायत अध्यक्ष पदुम साव,सीताराम साव,दिलचंद साव, आशीष साव,आकाश साव,अभिषेक कुमार,कौशिल्य देवी,आशा देवी,रंजीत साव,जीबलाल साव,रामनाथ साव आदि लोग मौजूद थे।

### विष्णुगढ़ में बीडीओ ने पथ का किया शिलान्यास

**विष्णुगढ़।** प्वेडरा में कब्रिस्तान गेट से लेकर शमशान शेड तक मिटटी मोरम पथ का शिलान्यास बीडीओ पंचायत के मुखिया निर्मल कुमार कुमार पंचायत समिति सदस्य उप मुखिया मनरेगा बीपीओ बीपीओ जे नीरज हजारी अविनाश कुमार पंचायत 20 सूत्री सदस्य कपिल देव चौधरी के नारियल फोड़कर किया गया। मनरेगा योजना से संचालित योजना मिट्टी मोरम पथ प्रखंड में 15 सालों से बंद पड़ा था प्रखंड के अधिकारियों के सहयोग से आज इस योजना का शिलान्यास किया गया। इस के बन जाने से आसपास के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। 20 सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव ने कहा कि हजारीबाग के माननीय उपायुक्त महोदय उप विकास आयुक्त महोदय के प्रयास से इस योजना आज धरातल पर उतरी है इसके लिए उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को बहुत-बहुत धन्यवाद। इस मौके पर पंचायत सेवक बैकुंठ दुबे, रोजगार सेवक राहुल कुमार दास, ग्रामीण संजय सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, शब्बीर अंसारी इत्यादि काफी संख्या में लोग उपस्थित है इत्यादि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नुनू लाल मरांडी ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**दारू।** रामदेव खरिका पंचायत के फुटबॉल खेल मैदान में सोमवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के छोटे भाई नूनू लाल मरांडी ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के नवयुवक प्रतिभावान होते हैं जो राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजई हासिल कर सकते हैं परंतु आर्थिक तंगी के कारण वह आगे नहीं बढ़ पाते है। आरके क्लब के अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि अभी मैच की एंट्री जारी है आज 12 से अधिक टीम अपना एंट्री करा चुके हैं संभावना है कि मैच मे लगभग 50 से 60 टीम भाग ले सकते है, अगले दिन भी एंट्री जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मैच की एंट्री फी1100 है और प्रथम पुरस्कार 31000 वही दूसरी विजेता को 21000 दिया जायेगा। मैच की शुरूआत जिनगा एवं रामदेव खरिका के बीच नुनु लाल मरांडी ने कीक लगाकर की जिसमे रामदेव खरिका ने जिनगा को 2-1 से हराया। वही दूसरी मैच कारीडीह और बिरबीर के बीच खेला गया जिसमें बिरबिर ने कारीडीह को 1-0 से हराया। मौके पर एसटी एससी जिला महामंत्री रमेश हेंब्रम, दारू प्रमुख प्रतिनिधी कैलाश कुशवाहा, भाजपा प्रदेश के प्रशिक्षण प्रभारी रामजी कुशवाह, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ,प्रखंड उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, समाजसेवी प्रभात सिंह, प्रमोद राम, बसंत नारायण सिंह, अशोक कुशवाह इत्यादि कई लोग शामिल थे।

### बड़कागांव सीओ का किया गया स्वागत

**बड़कागांव।** कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा बड़कागांव के नए अंचलाधिकारी बालेश्वर राम को गुलदस्ता देकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि लंबे समय से स्थाई अंचलाधिकारी नहीं रहने के कारण रैयतों का भूमि संबंधी कार्य का निष्पादन सुचारू रूप से होने के लिए विलंब हो रही थी अब स्थाई अंचलाधिकारी का पदस्थापन होने पर कार्य सुचारू रूप एवं तेज गति से आगे बढ़ेगी। स्वागत करने वालों में समिति के अध्यक्ष मोहम्मद फयूम, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, सचिव मोहम्मद शमीम, विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर राम, पदुम साव, अब्दुल जब्बार, जमाल अंसारी, मोहम्मद मसकूर आलम, कृष्ण ओझा, सीताराम साहू सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### चरही स्वास्थ्य केंद्र का लेबर रूम का सीलिंग गिरा

**चरही।** चरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित लेबर रूम की छत की सीलिंग के साथ एक अन्य रूम की सीलिंग गिर रहा है। दो वर्ष पहले ही लेबर रूम की रिपेयरिंग हुई ही थी। बारिश के कारण पूरी बिल्डिंग में सीलन हो चुकी है। लेबर रूम को सबसे पुराने बिल्डिंग में संचालित किया गया है। बिल्डिंग कमजोर होने के बावजूद उसी की ही रिपेयरिंग साल - दो साल में करा दी जाती है। बिना गुणवत्ता के संवेदक द्वारा काम किये जाने के कारण इस तरह की घटना होती है। संवेदक लिपा पोती कर चला जाता है। लेबर रूम के आलावा एक दूसरे रूम जहां जच्चा -बच्चा को बेड लगा रहता है, उस कमरे की छत की सीलिंग तो और बुरी तरह से गिरा है। संयोग था कि उस वक्त कोई मरीज नही थी। उसी भवन के एक कमरे में नेत्र जांच केंद्र भी संचालित है। बीते दिन लगातार बारिश की वजह से प्रसव केंद्र का पूरा बिल्डिंग में रिसाव हो चुका है।पानी के रिसाव से बिजली की करंट प्रवाहित हो रही है। बिजली के प्रवाह से नेत्र जांच केंद्र का पंखा जल चुका है। बगल के दूसरे बिल्डिंग जिसमे कुपोषण केंद्र के नाम से संचालित था। उस केंद्र में वर्तमान में गार्ड रह रहे हैं। उनकी भी शिकायत है कि बिल्डिंग में सिलन के कारण बिजली का झटका महसूस होता है।

## स्पीड न्यूज

### डंडई में शांति समिति की बैठक संपन्न

**डंडई।** डंडई प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को थाना प्रभारी शाबाज अंसारी की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ राहुल कुमार सोनू, अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम सहित प्रखंड के जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। पर्व के दौरान असामाजिक तत्व के लोग बाधा उत्पन्न न करे इस पर पूजा कमेटी के लोग विशेष ध्यान देंगे। पर्व के दौरान कोई गलत तरीके से अशांति फैलाने का कार्य करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर विशेष नजर रहेगी। मौके पर अलख निरंजन प्रसाद, रामनाथ पासवान, महेश्वर राम, हरिशंकर ठाकुर, जयराम चैधरी, दिलीप पटवा, शशि भूषण मेहता, कन्हाई प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने निकाली प्रभातफेरी

**चतरा।** नालसा नई दिल्ली, झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के द्वारा के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत संथॉमस स्कूल शीला के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर महिला बच्चे और दिव्यांगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कानून की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संत थॉमस विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजीत कुमार कुशवाहा, सहायक शिक्षक सुजीत प्रसाद, इंद्रजीत कुशवाहा, बृजेश कुमार, संजय तुरी, पूनम देवी, बबीता देवी संहित अन्य शिक्षको का अहम योगदान रहा।

### 15वीं आदिवासी युवा संस्कृति आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 20 सदस्यीय दल चंडीगढ़ रवाना

**चतरा।** सीआरपीएफ 190 वीं बटालियन एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 15वीं आदिवासी युवा सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत 20 सदस्यीय दल चंडीगढ़ रवाना हुआ। दल को सीआरपीएफ कमांडेंट मनोज कुमार एवं नेहरू युवा केन्द्र की समन्वयक ललिता कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दल में सदर प्रखंड अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के चयनित 10 युवक एवं 10 युवतियों को शामिल हैं। कमांडेंट मनोज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पिछड़े क्षेत्र के लोगों को विकसित राज्यों का भ्रमण कराकर वहां की संस्कृति से अवगत कराना है तथा वहां के कल्चर को सीखकर यहां के लोगों को अवगत कराएंगे। ताकि लोग समाज की मुख्य धारा से जुड़कर अपना विकास कर सकें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान 220 युवाओं को 10 राज्यों का भ्रमण कराना है। मौके पर उप कमांडेंट राम भरोस सहित अन्य उपस्थित थे।

### पंचायत स्वयंसेवक संघ की बैठक आयोजित

**धुरकी।** प्रखंड के वन विभाग परिसर में मंगलवार को प्रखंड के सभी पंचायत स्वयंसेवक संघ की बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष लवकुश प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राजभवन रांची के समीप विगत तीन महीने से चल रहे आंदोलन को तेज करने और संघ की मजबूती पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष प्रजापति ने कहा कि जब तक सरकार हमारे संघ की मांगे पूरी नहीं करती तब तक कोई भी स्वयंसेवक आवास का काम नहीं करे। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्वयंसेवक अपनी मांग को लेकर एकजुट हैं। जरूरत पड़ेगी तो रांची राजभवन पर भी जाकर हम लोग अपने संघ के समर्थन में खड़ा होंगे। बैठक मे स्वयंसेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश राम, मीडिया प्रभारी सुभाष कुमार, मुनिलाल, चंदन कुमार, चंदा देवी, गीता कुमारी, कुंटल प्रजापति, जुगेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### अवैध ढीबरा उत्खनन कार्य में लिप्त 1 जेसीबी, 2 शक्तिमान एवं 3 लोग गिरफ्तार

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान के नेतृत्व में डोमचांच पुलिस के द्वारा बेलाटांड़ ध्जवा जंगल स्थित वन भूमि में जेसीबी की मदद से अवैध ढीबरा उत्खनन कार्य में लिप्त एक जेसीबी और दो शक्तिमान के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबध में एसपी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जेसीबी चालक पवन कुमार पिता कामेश्वर कुमार ढोढ़ाकोला, शक्तिमान चालक हीरालाल मेहता पिता स्व बद्री मेहता महेशपुर, अशोक मेहता पिता स्व नुनमन मेहता नावाडीह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### कोसमाडीह ने गुमो को 4-1 से हराया

**डोमचांच (कोडरमा)।** चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय मैदान में मंगलवार को राजेश मेमोरियल नॉक आउट फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन किया गया। इस टूनामेंट का उद्घाटन प्रमुख ने किया। उद्घाटन मैच कोसमाडीह और गुमो के बीच खेला गया, इस मुकाबले में कोसमाडीह ने गुमो को 4-1 से हराया। बताते चलें कि इस टूनामेंट में कुल 16 टीम ने भाग लिया है। मौके पर आयोजक पूर्व मुखिया सुरेश कुमार, समाजसेवी प्रदीप यादव, सुरेश पहलवान, नवनीत ओझा, गणेश यादव आदि मौजूद थे।

### मवेशी लदा एक टाटा मैजिक जब्त, चालक गिरफ्तार

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पचगांवा में डोमचांच पुलिस ने बीती रात मवेशी लदा एक टाटा मैजिक जेएच11डब्लू/9212 को जब्त किया है। इस संबध में पुलिस ने गिरफ्तार चालक से कागजात की मांग किया, चालक प्रमोद यादव पिता जीवलाल यादव करखांगो राजधनवार निवासी ने कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। वहीं इस मामले में पचगांवा निवासी राजेन्द्र मेहता पिता कार्तिक मेहता व प्रमोद मेहता पिता जीवलाल मेहता को मवेशी खरीद बिक्री मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में पीटीएम का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतिलैया में मंगलवार को पीटीएम का आयोजन किया गया। यह पीटीएम नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों के लिए था। पूर्वाह्न नौ बजे से बच्चे अपने पेरेंट्स के साथ स्कूल पहुंचे और टर्म वन तथा पीटी टू परीक्षा की मूल्यांकित कॉपियों को देखा। कॉपियों को देखकर बच्चे और अभिभावक काफी खुश दिखे। वहीं स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बताया कि कॉपियों का मूल्यांकन त्रुटि रहित हुआ है, बच्चों ने काफी अच्छा किया है। मौके पर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, स्वीटी सिन्हा समेत अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## मंत्री ने किया डंडा में 33 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र का शिलान्यास

# विकसित राज्य बनेगा झारखंड : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



पूजा अर्चना कर शिलान्यास करते मंत्री

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के डंडा प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को झारखंड संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत 33/11 केवी के विद्युत शक्ति उपकेंद्र का शिलान्यास किया गया। इसका शिलान्यास गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से संपूर्ण डंडा प्रखंड को निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी।

मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि डंडा प्रखंड पहले बिजली के लिए दूसरे ग्रिड पर निर्भर था। जिससे पावर कट की समस्या बनी रहती थी। इस समस्या को देखते हुए 2/5 एमवीए क्षमता की 10 किलोमीटर लंबी 33 केवी लाईन का डंडा ग्राम में विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण किया जा रहा है। यहां बी मोड़ ग्रिड से फरठिया शक्ति उपकेंद्र, फरठिया शक्ति उपकेंद्र से कुंडी शक्ति उपकेंद्र तथा कुंडी शक्ति उपकेंद्र से डंडा शक्ति उपकेंद्र को 33 केवी लाईन की आपूर्ति की जाएगी। इस ग्रिड के निर्माण से डंडा प्रखंड के तीनों पंचायत के सभी सात गावों की लगभत 22 हजार की आबादी लाभान्वित होगी।

मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला का प्रत्येक गांव बिजली से रौशन होगा। सिंचाई, उद्योग आदि कार्यों में सुविधा होगी। सरकार जनता को 100 यूनिट बिजली फ्री दे रही है।

मंत्री ने कहा की आने वाले समय में गढ़वा सहित झारखंड संपूर्ण विकसित राज्य के रूप में प्रस्तुत होगा। उन्होनें आगे कहा कि वे उच्च विद्यालय डंडा को प्लस टू करने के लिए प्रयासरत हैं। मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के गांव-गांव में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधा पहुंचाने के लिए दृढ़ संकलिप्त है। मौके पर मुख्य रूप से विद्युत अधीक्षण अभियंता असगर अली अंसारी, विद्युत कार्यपालक अभियंता, डंडा बीडीओ, तनवीर, सचिव मनोज ठाकुर, नितेश, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा, चंदा देवी, सुषमा, नसीम, संजय, नंदू, रूपा देवी, वीरेंद्र, नारद, विजय, कामेश्वर, तौकीर, पार्वती, अनिल, दशरथ, उदय, चंदन, बिंदेश्वर, नंददेव, नरेश सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## व्यक्ति के लिए शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों बहुत जरूरी : डॉ. रमण

बुधवार व शनिवार मनोचिकित्सीय ओपीडी, मुफ्त दवा व मनोवैज्ञानिक परामर्श



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल के ओ.पी.डी. प्रतिक्षालय में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही जरूरी हैं। अगर कोई व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ है, लेकिन उसका मानसिक स्वास्थ्य खराब है तो उसे अपने जीवन में कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मानसिक स्वास्थ्य से व्यक्ति की अपनी क्षमताओं का पता चलता है कि वे जीवन में तनाव से सामना कर सकते हैं। इसलिए अगर आप अपने जीवन में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करते हैं तो इसके बारें में जानना, चिकित्सक की मदद लेना और ईलाज करवाना बेहद जरूरी है। वहीं उपाधीक्षक सदर अस्पताल सह राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य का किसी भी व्यक्ति की दिनचर्या पर काफी असर पड़ता है। ऐसे में मानसिक समस्याओं से बचाव करना जरूरी है। मौके पर डॉ. मणिकांत गुप्ता, सिद्धान्त, प्रवीण, प्रदीप ईलाज हेतु आये मरीज आदि मौजूद थे।

## भद्रकाली मंदिर का संचालन अब न्यास बोर्ड के जिम्में

**इटखोरी।** ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर के संचालन की जिम्मेवारी झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के द्वारा गठित कमेटी ने पूरी तरह संभाल लिया है। मंदिर के बैंक खाता के संचालन की जवाबदेही भी न्यास बोर्ड की कमेटी को सौंप दिया गया है। मंगलवार को मंदिर के कार्यालय कक्ष में न्यास बोर्ड की कमेटी की पहली विधिवत बैठक हुई। बैठक के पश्चात उन्होंने बताया कि चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी के निर्देश पर मां भद्रकाली मंदिर के विभिन्न बैंक खातों में लगाए गए हाल्ट को हटा दिया गया है। मंदिर के बैंक खाता का संचालन अब न्यास बोर्ड की कमेटी करेगी। मंदिर में आने वाले दान, चढ़ाए जाने वाले जेवर तथा शुल्क आदि की रसीद भी न्यास बोर्ड द्वारा गठित कमेटी के द्वारा निर्गत किया जाएगा। न्यास बोर्ड की कमेटी के अध्यक्ष ने हाईकोर्ट में दर्ज किए गए मुकदमे को लेकर बताया कि प्रबंधन समिति के सदस्य के द्वारा दर्ज किया गया मामला पूरी तरह निराधार है। बैठक में न्यास बोर्ड की समिति के सचिव अमित, उपाध्यक्ष मंगल, बद्री, कोषाध्यक्ष बिजय, सदस्य श्याम, प्रकाश, योगेश्वर, अनिल कुमार, बालगोविंद, अशोक उपस्थित थे।




## ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ जेएसएमडीसी एमडी से करेगा मुलाकात

**कोडरमा।** ढिबरा व्यवसाय शुरू कराने को लेकर ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ, लगातार सक्रिय रही है। ढिबरा संघ को कांग्रेस नेता बंधु तिर्की का भी भरपूर समर्थन मिला है। मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की और वर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के सतत प्रयास से जेएसएमडीसी में रिक्त पड़े एमडी पद पर सरकार ने एमडी की प्रतिनियुक्ति की। एमडी के प्रतिनियुक्ति के बाद को-ऑपरेटिव के जरिये ढिबरा कारोबार शुरू होने की आस जगी है। ढिबरा व्यवसाय को कानूनी मान्यता के साथ शुरू करने को लेकर दुगार्पूजा से पहले ढिबरा स्क्रैप संघ, कांग्रेस नेता बंधु तिर्की के नेतृत्व में एमडी से मुलाकात करेगी।

## जीएन कॉन्वेंट में दी गई डेंगू, चिकूनगुनिया, मलेरिया से बचाव की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग गढ़वा के विशेषज्ञों ने मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव के लिए जागरूक किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि डेंगू एक अत्यंत खतरनाक बीमारी है, जो मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है। जिस कारण अचानक तेज बुखार, पहचान खोना, सिर में तेज दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द, छाती और हाथों में खसरा जैसे चकते, मसूड़ों से खून आना, भोजन से अरुचि, भूख न लगना आदि जैसे लक्षण प्रकट होते है। ऐसी स्थिति में निकट के सरकारी अस्पताल या योग्य चिकित्सक से सलाह लेना अत्यावश्यक है। किसी भी बुखार को हल्का में नहीं लेना है, यह डेंगू या चिकनगुनिया हो सकता है। मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम गढ़वा की ओर से आए विशेषज्ञ फिरोज खान एवं संजय कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया से बचाव एवं उपचार से संबंधित जानकारी दी। मौके पर उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, खुर्शीद, मुकेश, संजीव, अजय, नीरा, सरिता, सुनिता, सुषमा, नीलम, शिवानी संतोष आदि लोग उपस्थित थे।


## सामूहिक विवाह को सफल बनाने को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिनियां।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के द्वारा चलाए जा रहे दहेज प्रथा बाल विवाह को बहिष्कार के लिए अभियान तथा छह दिसंबर को आयोजित 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए गढ़वा जिले के चिनियां प्रखंड में एक बैठक की गई। मौके पर बीडीओ, प्रमुख तथा 20 सूत्री अध्यक्ष ने इस कार्य को सराहनीय करते हुए सभी लोगों को मदद करने के लिए तथा अपनी-अपनी कन्याओं को इस संस्था से निबंध करने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। संस्था के सचिव ने कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के उद्देश्य एवं लक्ष्य के बारे में सारी जानकारी दिया। साथ ही साथ सभी पंचायत प्रतिनिधि के समक्ष आग्रह किया गया कि अपने-अपने पंचायत में बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसे अभिशाप को जड़ से मिटाना है। वैसे लोगों की सूची बनाकर प्रखंड कार्यालय को प्रस्तुत करने की अपील की जिससे कि कन्याओं को लाभान्वित किया जा सके। बैठक में पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव सहित संस्था के लोग आदि उपस्थित थे।

## भद्रकाली महाविद्यालय में कंप्यूटर लैब का हुआ उद्घाटन



**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में अत्याधुनिक एवं सुसज्जित कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन संयुक्त रूप से सीसीएल कुजू आरा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक के प्रतिनिधि प्रताप रंजन, महाविद्यालय के सचिव सह विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह, प्राचार्य डॉक्टर दुलार हज्जाम,वरिष्ठ समाजसेवी पवन शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर और नारियल तोड़कर किया। महाविद्यालय को 30 सेट कंप्यूटर कुर्सियों एवं फर्नीचर के साथ सीसीएल के सौजन्य से सीएसआर मद द्वारा प्रदान किए गए है। इसके पूर्व प्रताप रंजन के महाविद्यालय पहुंचने पर सचिव,प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार ने उन्हें पुस्पगुछ प्रदान कर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रताप रंजन ने कहा कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्र में अवस्थित इस महाविद्यालय में जहा 80 प्रतिशत लड़कियां अध्ययनरत है कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा।

## कमता में लाठी खेल प्रतियोगिता सह सद्भावना मेला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा(चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कमता में लाठी खेल प्रतियोगिता सह सद्भावना मेला का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता मौजूद हुए। लाठी खेल प्रतियोगिता सह सद्भावना मेला की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष शाहबाज अंसारी व संचालन हाफिज अफरोज आलम ने किया। इस दौरान लाठी खेल प्रतियोगिता की शुभारंभ मुख्य अतिथि सत्यानंद भोगता एवं कमेटी के अध्यक्ष शाहबाज अंसारी ने लाठी भांज कर किया। तत्पश्चात आए अतिथियों को कवाली टीम एवं कमेटी के पदाधिकारीयों ने पुष्प गुच्छा व पगड़ी पहना कर एवं स्वागत गान के साथ स्वागत किया। तत्पश्चात कई टीमों द्वारा एक से बढ़कर एक लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें अच्छे प्रदर्शन करने वाले टीम को हौसला अफजाई हेतु पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान श्रम मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में से कमता में इस प्रकार से आयोजित लाठी खेल प्रतियोगिता सह सद्भावना मेला का आयोजन बहुत ही सराहनीय रहता है, और आगे भी इस प्रकार से होता रहे। आगे कहा कि श्रम नियोजन विभाग के तहत बहुत सी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे गरीबों एवं तमाम झारखंड वासियों को लाभ मिल रहा है, जैसे लेबर कार्ड के माध्यम से लोग अपनी बीमारियों को रांची के नामकुन समीप हॉस्पिटल में इलाज करवा रहे हैं एवं यदि अन्य जगहों पर रेफर किए जाने पर भी अच्छी सुविधा दी जा रही है। साथ ही राज्य में यदि किसी व्यक्ति की कोई हादसा के पश्चात मौत होती है तो उनके आश्रितों को मुवाबजा दिलाने की काम की जा रही है। साथ ही मेरा साढ़े तीन साल की कार्यकाल में लगभग पच्चास हजार कंपनियों में लोगों को रोजगार देने की काम किया हूं इस प्रकार से राज्य सरकार की कई उपलब्धियां गिनाएं। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव उपाध्यक्ष नीरज तिवारी चतरा सांसद प्रत्याशी डॉ अभिषेक कुमार अंचलाधिकारी राजेन्द्र कुमार दास इंस्पेक्टर विजय सिंह गुंजन कुमारी समेत कई गणमान्य मौजूद थें।

## एक नजर में

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर अस्पताल के पीछे अम्बेडकर नगर निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर किया। मिली जानकारी के अनुसार 34 वर्षीय विक्की राम पिता स्व नारायण राम सोमवार रात खाना खाकर सो गया। सुबह परिजनों ने जगाने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खोलने के बाद दरवाजा तोड़कर देखा गया तो फांसी के फंदे पर लटका था, आनन फानन में युवक को सदर अस्पताल इमरजेंसी वार्ड ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि मृतिक की पत्नी और बच्चे मायके गई हुई थी। घटना की सूचना पाकर कोडरमा थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया एवं पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

## 14 अक्टूबर को चतरा कॉलेज में होगा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**2000 से अधिक शिक्षकों को किया जाएगा सम्मानित**



पद्मश्री मुकुन्द नायक व राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा सहित कई गणमान्य अतिथि, शिक्षाविद भी होंगे कार्यक्रम में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/चतरा।** पासवा चेयरमैन आलोक दूबे ने कहा 14 अक्टूबर को चतरा जिला में अबतक का सबसे बड़ा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित होगा। जिसमें निजी विद्यालय के साथ साथ सरकारी स्कूलों के शिक्षक भी आमंत्रित किए जाऐंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अबतक 1500 शिक्षकों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। 14 अक्टूबर को ऑनस्पाट रजिस्ट्रेशन पूर्वाह्न 8.30 से 10.00 बजे तक होगा। शिक्षकों को मोमेंटो, सर्टिफिकेट से नवाजा जाएगा। पूरे कार्यक्रम के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। पासवा चेयरमैन ने कहा झारखंड में 40000 छात्रों को अब तक पासवा सम्मानित कर चुकी है और 15000 शिक्षकों को सम्मानित किया जा चुका है और यह कारवां निरंतर बढ़ता जा रहा है।

14 अक्टूबर को आयोजित हो रहे शिक्षक सम्मान समारोह की सफलता को लेकर पासवा कोर ग्रुप की बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए पासवा पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारी भी सौंपी गई है जिसमें शिक्षकों को आमंत्रित करने हेतू अलग अलग प्रखंडों में टास्क फोर्स गठित की गई है।

बैठक में प्रदेश पासवा महासचिव नीरज सहाय,चतरा जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह,जिला महासचिव नेसार अंसारी,जिला कार्यकारिणी सदस्य मो शकील,सत्येन्द्र कुमार,नन्द कुमार यादव,पप्पू गौतम, सूर्यभूषण कुमार, निरंजन कुमार, शकील अहमद, छोटू कुमार साव , मो मोजम्मिल, मो रागीब खान,मनोहर पांडे,संदीप अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय डाक दिवस का आयोजन



**कोडरमा।** जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय डाक दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों को पोस्ट ऑफिस में होने वाले विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी दी गई और पोस्ट बॉक्स का भी परिचय दिया गया। इस गतिविधि को जिला प्रशासन के देख-रेख में तितली संस्था द्वारा संचालित किया गया और इसका उद्देश्य बच्चों को संचार के विभिन्न प्रकार के महत्व के साथ जानकारी प्राप्त कराना था। यह गतिविधि बच्चों के बीच सामाजिक जागरूकता और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण थी और उन्हें विभिन्न संचार माध्यमों के माध्यम से विशेषज्ञता प्राप्त करने में मदद करेगी।

AFFIDAVIT

I, Ranjit Kumar s/o Late Dhaneshwar sahu aged about D.O.B. 10.06.1971, resident of At P.0 Korrah Dist- Hazaribag (Jharkhand) do heraby solemnly affirm delcare as follows:

1. That my correct name spelling is RANJIT KUMAR, mentioned in my Aadhar Card No. 2777 1775 0052.
2. That my name Issue Passport my name mentioned as RANJEET KUMAR.
3. That RANJIT KUMAR and RANJEET KUMAR both names are same and one person I.e myself.
4. That I an swearing this affidavit for name correction in Passport as RANJIT KUMAR In place of RANJEET KUMAR.
5. That the attachments are true and correct.

टी.डी.एम. +2 विद्यालय (टी.डी.एम. इंटर कॉलेज)
अधौरा, नगरउंटारी, गढ़वा
(झारखण्ड अधिविद् परिषद् की स्थाई संबद्ध इकाई)

आवश्यकता

निम्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
शिक्षक – हिन्दी 01 पद, अंग्रेजी 01 पद, जीव विज्ञान 01 पद, दर्शनशास्त्र 01 पद, गृहविज्ञान 01 पद
अहर्ता – संबंधित विषय में स्नातकोत्तर एवं बी.ऐड की उपाधि
आदेशपा – 02 पद – योग्यता मैट्रिक / नन मैट्रिक

आवेदक अपना आवेदन पत्र 700 रुपये बैंक ड्राफ्ट के साथ महाविद्यालय में स्वयं अथवा डाक के माध्यम से 25/10/2023 तक जमा कर सकते है। बैंक ड्राफ्ट सचिव, टी.डी.एम. इंटर कॉलेज, अधौरा के नाम नगरउंटारी में भुगतान हेतु स्वीकार किया जायेगा। नियुक्ति में सरकार की आरक्षण नीति एवं नियुक्ति नियमावली का पूर्णतः पालन किया जायेगा। साक्षात्कार दिनांक 06/11/2023 को संस्थान के कार्यालय में लिया जायेगा।

ह./– प्राचार्य

उपायुक्त-सह-जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह
(जिला योजना शाखा)
Email :-dpo.giridih@gmail.com/dpo-giridih@jharkhandmail.gov.in

–:: नियुक्ति से संबंधित सूचना ::–

इस कार्यालय के विज्ञापन संख्या–01 / 2023–24 द्वारा गिरिडीह जिला अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम हेतु Aspirational Block Fellow की नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित करते हुए दिनांक 05 / 10 / 2023 तक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों की Scruitny के उपरान्त तत्संबंधी चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए Accepted/rejected आवेदन की सूची www.giridih.nic.in पर upload कर दिया गया है।
एतद् द्वारा उक्त Scruitny में सफल पाए गए अभ्यर्थियों के लिए चयन प्रक्रिया निम्नवत् निर्धारित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | तिथि एवं समय | स्थान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Computer Test | | | |
| | Theoretical Test | 18-10-2023 (11:00 AM to 11:30 AM) | समाहरणालय सभागार, गिरिडीह। (Reporting time will be10:30 AM) | परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। |
| | Practical Test | 18-10-2023 (12:30 PM onwards as per schedule displayed at the exam centre) | | |
| 02 | Interview | 19-10-2023 (11:00 AM onwards as per schedule displayed at the exam centre) | समाहरणालय गिरिडीह, अवस्थित जल शक्ति केन्द्र। (Reporting time will be10:30 AM) | अंतर्वीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को सभी शैक्षणिक / अनुभव अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा। |

जिला योजना पदाधिकारी
गिरिडीह

PR 308814 Planning and Development(23-24).D

## स्पीड न्यूज

### जतरा देखने गए युवक की बाइक हुई चोरी

**चंदवा।** प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत किता गांव में रविवार को लगे जतरा मा से डब्लू सिंह पिता जगन्नाथ सिंह ग्राम (निंद्रा डुमारो चंदवा) की बाइक जेएच01 सीटी-2207 की चोरी अज्ञात लोगों ने कर ली। इस संबंध में डब्लू सिंह के भाई प्रदीप सिंह ने चंदवा थाना को आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। आवेदन में प्रदीप ने कहा है कि उसका छोटा भाई डब्लू उक्त बाइक को लेकर कीता गांव में आयोजित जतरा मेला देखने गया था, गांव में ही उसने गाड़ी खड़ी की थी, मेला घूमने के बाद जब वह वापस लौटा तो देखा कि वहां उसकी बाइक खड़ी नहीं है। काफी खोजबीन के बाद भी उसे बाइक नहीं मिली, सोमवार को चंदवा थाना को आवेदन देकर उसने मदद की गुहार लगायी है।

### रांची जिला डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में आसिफ अली प्रिंस ने लाया ब्रोंज मेडल


सम्मानित करते खेल पदाधिकारी।

**लातेहार।** रांची जिला डेडलिफ्ट चैंपियनशिप 2023 का आयोजन बीते 8 अक्टूबर रविवार को वर्कआउट जिम रांची में किया गया। जिसमें भारत माता भवन में स्थित जिम ट्रेनर आसिफ अली (प्रिंस) ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें सीनियर कैटेगरी में डेडलिफ्ट 72 किलो वेट कैटेगरी (पावरलिफ्टिंग) में ब्रोंज मेडल लाया। जिसके बाद मंगलवार को लातेहार जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने आसिफ अली प्रिंस को सम्मानित किया और जिले का नाम ऐसे ही रौसन करने की बात कही। वहीं उन्होंने आगे कहा कि जिले में युवा को इस तरह खेल प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना काफी सराहनीय है। वहीं प्रिंस ने कहा कि इस तरह और कोशिश जारी रहेगा। ताकि हमारे जिले का नाम रोशन हो और हमारे जितने भी लातेहार के युवा हैं उन्हें प्रेरित होना चाहिए। और फिटनेस में ध्यान देना चाहिए।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने लिया प्रभार


पदभार ग्रहण करते बीडीओ।

**बालूमाथ।** प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराव ने मंगलवार को अपना पदभार ग्रहण किया पूर्व बीडीओ ललिता बाखला ने प्रभार देने की औपचारिकता पूरा की। प्रभार लेने के बाद बीडीओ सोमा उरांव ने प्रखंड कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। व कहा कि टीम भावना से काम करें तो प्रखंड में विकास दिखेगा। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण योजनाओं को हर सुदूर ग्राम में रहने वाले ग्रामीणों तक पहुंचाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। कोई भी गरीब ग्रामीण जनता को किसी भी प्रकार की आवश्यकता हो तो हमारे कार्यालय में आकर अपनी समस्या रख सकते हैं। इस मौके पर बीपीओ मुजफ्फर कमाल, प्रखंड नाजिर सुमित कुमार सिन्हा, लेखपाल राजीव रंजन, सहायक अभियंता दिनेश सिंह, कनिय अभियंता बाबूलाल उरांव, मोहम्मद राशिद, पंचायत सेवक रीना कुमारी, जीपीएस अरविंद कुमार, पीएम आवास बीपीओ आशीष केसरी, प्रखंड कर्मी वकील उरांव, समेत कई लोग उपस्थित है।

### हिंडाल्को चकला कोल ब्लॉक ने नगर हाई स्कूल में 200 विद्यार्थियों को दिया बैग


विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग का वितरण करते हिंडाल्को के सीएसआर हेड।

**चंदवा।** हिंडाल्को चकला कोल ब्लॉक के द्वारा मंगलवार को प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत श्रीश्री उग्रतारा उच्च विद्यालय नगर में शिविर आयोजित कर विद्यालय में अध्यनरत 200 विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि हिंडाल्को के सीएसआर हेड अनुंय कुमार, मयंक तिवारी, उत्तम कुमार, मो. अल्फाक ने बच्चों के स्कूल बैग देते हुए अच्छे से बधाई कर जीवन मे आगे बढ़ने की बात कही। आगे कहा कि हिंडालको चकला कॉल ब्लॉक अपने सभी सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करने में तत्पर है। जिसके तहत समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, सामग्री वितरण शिविर, कोचिंग चला रही है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## मनिका प्रखंड में 16वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू

# खिलाड़ियों को मिलेगी बेहतर सुविधा : धीरज प्रसाद साहू

▶▶ इस अवसर पर यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किए राज्यसभा सांसद


फुटबॉल टुर्नामेंट का शुभारंभ करने पहुंचे सांसद धीरज प्रसाद साहू।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में गरीबों का मसीहा कहे जाने वाले कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू का 16वीं पुण्यतिथि उनके निवास स्थान एसबीआई रोड स्थित जगपति भवन में श्रद्धांजलि समारोह के रूप में उनके चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। वही श्रद्धांजलि सभा संपन्न होने के उपरांत प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के खेल के मैदान में यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, समेत अन्यों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बॉल को किक मारकर मैच का शुभारंभ किया। शुरूआती मैच भरलगा (लातेहार) और लंका (मनिका) के टीमों के बीच खेला गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू हमारे बहुत ही गहरे मित्र थे आज उनके याद में उनके पुत्र राजीव रंजन कुमार साहू, रंजीत कुमार साहू और सुजीत कुमार साहू के द्वारा प्रत्येक वर्ष फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है भगवान सभी को ऐसा पुत्र दें जो अपने पिता के आदर्शों पर चलकर समाज की सेवा करें और अपने पिता का मान बढ़ाए रखें। उन्होंने कहा कि मैं घोषणा करता हूं कि बहुत ही जल्द इस खेल के मैदान को एकेडमी बनाया जाएगा और यहां कोलकाता, वेस्ट बंगाल जैसे राज्यों के खिलाड़ी खेल में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि खेल में किसी भी तरह का राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मैं हर तरह से तैयार हूं : साहू

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मैं हर तरह से सहयोग करने के लिए तैयार हूं। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा की स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू समाजसेवी और संघर्षील कांग्रेसी नेता थे उनकी हत्या 10 अक्टूबर 2007 को उग्रवादियों के द्वारा उनके पैतृक गांव बंदुआ में गोली मारकर कर दी गई थी। उन्होंने अपने जीवन काल में गरीबों को निस्वार्थ भाव से मदद करने का काम किया वे कांग्रेस पार्टी के मनिका प्रखंड अध्यक्ष पद पर भी कई वर्षों तक रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा कई वर्षों से जातीय जनगणना की मांग कर रहा था जिसके लिए वर्षों से धरना प्रदर्शन,मशाल जुलूस प्रदर्शन कर राज्य में ही नहीं पूरे देश में दबाव बनाने का काम किया। हमारी संख्या राज्य में 50% है लेकिन हमें हमारा हक केवल 14 प्रतिशत मिल रहा है यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है देश को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को मजबूत होने की जरूरत है। आज हमारी मांगों को राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मुकाम देने का काम किया है। वहीं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू हमारे परम मित्र और भाई दोनों थे उनकी याद आज भी मनिका वासियों को खलती है यह हमारे पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है मौके पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर अध्यक्ष विष्णु कुमार, प्रदेश सचिव अरुण साहू, लातेहार जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, सुरेंद्र पासवान, बलवंत सिंह, विश्वनाथ पासवान, पप्पू पासवान, जितेंद्र प्रसाद यादव, बल्ली यादव, रामसेवक उरांव, सुरेंद्र भारती, लालू प्रसाद, महावीर प्रसाद, विजय प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, बच्चन यादव, मुकेश कुमार गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, लल्लू राम, वीरेंद्र कुमार यादव, विकेश ठाकुर, विक्की कुमार, रंजन कुमार, सागर कुमार यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण


निरीक्षण करते उपायुक्त।

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन के द्वारा मंगलवार को इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सफाई इत्यादि का जायजा लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी अमित कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांस उपस्थित थे।

### नेतरहाट आवासीय विद्यालय योग दल के दो छात्रों का हुआ राष्ट्रीय स्तर पर चयन


छात्रों के साथ प्रचार्य।

**लातेहार।** जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के दो छात्र अंकित कुमार एवं दिलीप गंझू का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ज्ञातव्य हो कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय के सात छात्र राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में लातेहार जिला की तरफ से सम्मिलित हुए थे। इनमें से सभी छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा किंतु दो छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। यह दोनों छात्र अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित होने वाले दोनों छात्रों को आज सम्मेलन में विद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने प्रमाण पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य छात्रों का भी प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा एवं उन्हें भी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय के योग प्रशिक्षक बसंत तिर्की को भी प्राचार्य ने सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि योग दल के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में बसंत तिर्की जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची जिले का प्रथम स्थान रहा वहीं लातेहार जिला तृतीय स्थान पर रहा। राष्ट्रीय स्तर पर अंकित कुमार एवं दिलीप गंझू के चयन होने पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष एवं खुशी का माहौल है।

## तेतरियाखांड कोलियरी में रंगदारी को लेकर एसपी से ट्रक मालिको ने लगाई न्याय की गुहार

**खबर मंत्र संवाददाता**



**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में एक बार फिर से ट्रकों के प्रवेश को लेकर रंगदारी शुरू हो गई है। बालूमाथ समेत पूरे जिले के ट्रकों को प्रवेश से रोका जा रहा है। रंगदारी का आलम यह है कि विगत माह पूर्व लातेहार एसडीओ शेखर कुमार की अध्यक्षता में हुए फैसले को भी मानने से इंकार करते हुए ट्रकों को प्रवेश से रोक दिया गया है और जब ट्रक ड्राइवर कोलियरी में ट्रक लेकर पहुँचे तो तीन ट्रक ड्राइवर के साथ जमकर मारपीट की गइ। जिसके बाद बालूमाथ ट्रक ऑनर एशो. अध्यक्ष संजीव सिन्हा के नेतृत्व में ट्रक मालिको ने लातेहार एसपी अंजनी अंजन से बालूमाथ थाना में मुलाकात कर तेतरियाखांड कोलियरी में हो रहे रंगदारी में न्याय की गुहार लगाई। जिस पर लातेहार एसपी ने कार्रवाई करने की बात कही। ट्रक मालिक कमलेश सिंह ग्राम कोमर थाना बालूमाथ निवासी, आलोक कुमार थाना बारियातु निवासी, मो. नौशाद ग्राम इटके थाना बारियातु निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि हमलोगों का ट्रक ज्यो ही तेतरियाखांड कोलियरी में प्रवेश हेतु गया। तो बुधन यादव, सुरेश यादव दोनो पिंडारकोम ग्राम निवासी एवं प्रभु साव, तिलकधारी साव दोनो ग्राम नगड़ा ने ट्रकों को प्रवेश से रोक दिया। और ड्राइवर के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट किया। और कहा कि कोलियरी में बिना कृष्ण साव, प्रदीप यादव के आदेश के गाड़ी नहीं चलेगा। हमलोग पुलिस-प्रशाशन के आदेश को नही मानते है। बुधन यादव ने ड्राइवर को चेतावनी देते हुए कहा की हमलोग प्रदीप यादव के आदमी है। प्रदीप यादव जो पहले जेएलटी नामक उग्रवादी संगठन का लेवी वसूलता था। और पूर्व में हाईवा में आग इसी कोलियरी में लगा दिया था। उसका पहुंच बहुत ऊपर है गाड़ी लेकर भाग जाओ नहीं तो गाड़ी में आग लगा देंगे। वही पुलिस दिए गए आवेदन के आधार पर छानबीन कर रही है। बता दे कि एक माह पूर्व लातेहार एसडीओ शेखर कुमार की अध्यक्षता में ट्रकों के प्रवेश को लेकर बैठक हुई थी। जिसमे बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, तेतरियाखांड पिकेट प्रभारी नीतीश कुमार की मौजूदगी में समन्वय बनाकर ट्रकों के प्रवेश को लेकर निर्णय लिया गया था। लेकिन निर्णय को धत्ता बताते हुए बसिया गांव के स्वघोषित विस्थपित नेता द्वारा ट्रकों को प्रवेश से रोका जा रहा है ।

### 6 दिन बाद मिला सुरेन्द्र कोरवा का शव

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के गणेशपुर पंचायत अंतर्गत दोरहा टोला निवासी सुरेंद्र कोरवा का शव 6 दिन बाद सोमवार को परिजनों ने काफी खोज बीन करने के उपरांत छिपादोहर थाना क्षेत्र के चेमों सालया गांव के कोयल नदी से बरामद कर लिया है। ज्ञातब्य हों कि सुरेन्द्र आँध्र प्रदेश के विशाखापटनम से बुधवार को ही काम कर गारू से बाजार करते हुये अपने घर दोरहाटोला गणेशपुर वापस आ रहा था। इसी क्रम में कार्रवाई के कोयल नदी पार करने के दौरान बाढ़ के तेज बहाव में बह गया था।

### जेबीकेएसएस प्रखंड समिति का हुआ गठन


गठन के मौके पर मौजूद लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के घासीटोला में मंगलवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मती से मो. इमरान को प्रखंड अध्यक्ष, आशा कुमारी एवं दिपक नायक को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुये पप्पु यादव ने कहा कि जेबीकेएसएस के द्वारा काफी समय से राज्य में नियोजन निति लागु करने की लड़ाई लड़ी जा रही है। हमें जरूरत है एक साथ होकर अपने हक एवं अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने की। वहीं राहुल कुमार ने कहा कि टाईगर जयराम महतो राज्य के युवाओं के हित के लिए लड़ाई लड़ रहे है। जरूरत है हमलोगों को उनका साथ देने की। आज इस राज्य में अधिक से अधिक अन्य राज्यों से आकर सरकारी नौकरी कर रहें है। और यहां के युवा हांथ पर हांथ धरे बेरोजगार बैठे हुये हैं। हमें अपने आने वाले कल एवं अपने बच्चों के भविष्य के बारे में सोचने की जरूरत है। जब तक नियोजन निति पुर्ण रूप से लागु नहीं हो जाती है। तब तक हमें संघर्ष करने की जरूरत है। और इसके लिए हमलोग जेबीकेएसएस के साथ मिलकर संघर्ष करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष मों. इमरान ने कहा कि जिस विश्वास के साथ पार्टी ने मुझे कार्य का जिम्मेवारी दिया है उस पर मैं खरा उतरने की पुर्ण कोशिश करूंगा। प्रखंड क्षेत्र में वार्ड स्तर से पार्टी का विस्तार करते हुये संगठन को मजबुत कर संघर्ष किया जायेगा। इस मौके पर प्रवीण कुमार, मो. कलाम, हासीम शाह, सदीक मियां, शिशुपाल उरांव, संजीव प्रसाद, सत्यानंद कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।

### उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का किया गया आयोजन

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। इस दौरान चंदवा प्रखंड के टुटामू ग्राम निवासियों ने मेनोनाइट कैम्पस के सामने लगे विद्युत ट्रांसफार्मर विगत 4 महीनों से खराब होने के संबंध में उपायुक्त को अवगत कराते हुए विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की गई। ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य रूप से जमीन विवाद, मुआवजा, रोजगार, नियोजन आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

## विधायक ने किया सोलर सिचाई योजना का शिलान्यास, दो सौ किसान होंगे लाभान्वित

**बरवाडीह ।** बरवाडीह प्रखंड अन्तर्गत मंगरा एवं उकामाड़ पंचायत में सोलर आधारित सिंचाई योजना का शिलान्यास मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर और सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और रुर्बन मिशन प्रोजेक्ट ऑफिसर इन्दु भुषण मौजूद रहे। शिलान्यास के अवसर पर विधायक रामचद्र सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित किसान भाईयों को संबोधित करते हुए कहा कि सोलर आधारित सिंचाई योजना किसानों को उनकी जमीन पर उन्नत खेती के साथ सालो भर कृषि कार्य करने में मदद करेगा। झारखंड में रुर्बन मिशन पूरी तरह सफल रहा है, मंगरा रुर्बन कलस्टर एक आदर्श क्लस्टर के रूप में विकसित हो रहा है। जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि यहां कि अधिकांश आबादी कृषि पर आधारित है। ऐसे सिंचाई की समस्या से बहुफसलीय खेती नहीं कर पा रहे थे, परियोजना यहां के लोगो के लिए वरदान बन कर आयी ही। वहीं सांसद प्रतितिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि केद्र सरकार लगातार यहां के लोगो को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। बीडीओ राकेश सहाय ने कहा समुदाय आधारित लिफ्ट सिंचाई इकाई की शुरूआत की गई है, इस सिंचाई इकाईं के जरिए बदलाव जल्द ही दिखेगा। यहां के किसान आसानी से साल में तीन फसल की खेती कर पाएंगे। उन्होंने मार्केट कॉम्प्लेक्स, रूरल हाट, बरवाडीह से छिपादोहर रोड, गढ़वाटांड से लेदगाई एवं मुरु ग्राम का सड़क निर्माण और कोल्ड रूम आदि बनाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, मंगरा पंचायत के मुखिया विपिन बिहारी सिंह, उकामाड़ मुखिया पूनम देवी, कैलास सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविन्द्र राम, सुरेश यादव, घनश्याम सिंह, अजय सिंह, अनिल सिंह और सुरेश मिश्रा समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।


शिलान्यास करते विधायक व अन्य।

### मनिका प्रखंड में नवनिर्वाचित बीडीओ ने लिया पदभार

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में दिन मंगलवार को नवनिर्वाचित बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने पूर्व बीडीओ वीरेंद्र किंडो से पदभार लिया। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मचारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के सभी लोगों से आपसी समन्वय बनाकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को विकास की ओर ले जाना मेरा पहली प्राथमिकता होगी और मेरा प्रयास होगा कि यहां के लोगों को प्रखंड कार्यालय में अपने किसी भी कार्य के लिए परेशानी ना हो क्षेत्र के लोगों को प्रखंड कार्यालय संबंधित किसी भी कार्य के लिए परेशानी होने पर वे सीधा मुझसे मिलकर अपनी समस्या बता सकते हैं मैं हर संभव उनकी मदद करने का प्रयास करूंगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, अंचलाधिकारी अजय कश्यप, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, पूर्व प्रमुख उमेश यादव, मिथिलेश पासवान, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अपहृत नाबालिक युवती का चार दिनों बाद भी नहीं मिला सुराग डॉग स्क्वायड की टीम ने की जांच


जांच करते टीम।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुराना कस्तूरबा विद्यालय के समीप से 4 दिन पूर्व 15 वर्षीय अपहत नाबालिक युवति का अब तक सुराग नहीं मिल पाया है सोमवार की देर शाम लातेहार एसपी अंजनी अंजन बालूमाथ पहुंचकर पूरे घटना की जानकारी ली। वहीं युवती के घर जाकर उसके परिजनों से मुलाकात किया। व घटना की विस्तार पूर्वक जानकारी लि। जबकि मंगलवार को दो अलग-अलग डॉग स्क्वायड की टीम युवती के घर पहुंच कर जाँच शुरू किया। पहला टीम पलामू पुलिस एवम दुशरा टीम सीआईडी रांची द्वारा लड़की के घर से जांच आरंभ किया जो पुराना कस्तूरबा विद्यालय होते हुए बालूमाथ वीडिओ आवास होते हुए मुख्य पथ पर यात्री सेड के पास जाकर रुक गया ।बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन ने कहा कि लड़की के सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस विभाग सभी टेक्निकल सेल की मदद ले रही है। शीघ्र ही मामले का उद्वेदन कर लिया जाएगा। एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि एसडीपीओ दिलु लोहरा के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन कर मामले को उद्वेदन करने के लिए पुलिस प्रयासरत है। लातेहार पुलिस अलग-अलग टीम बनाकर सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। शीघ्र ही मामला का उद्वेदन कर लिया जाएगा। जांच के दौरान प्रभारी सीडीपीओ दिलु लोहारा, बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन, बरियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, एस आई कुबेर साब, धीरज सिंह, नीतीश कुमार, दुति कृष्ण महतो, कैलाश वाडा, समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## कुपोषण वार्ड में भर्ती बच्चों और उनकी माता को रूटीन बनाकर पौष्टिक आहार देने का दिया निर्देश

# कल्याण विभाग की टीम ने चंदवा सीएचसी व आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**


निरीक्षण करते समाज कल्याण विभाग की स्टेट टीम।

**चंदवा।** समाज कल्याण विभाग की स्टेट टीम ने मंगलवार को चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित एमटीसी व लुकुईया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। टीम में शामिल समाज कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव राजेश प्रजापति, सहायक निदेशक प्रीति रानी, यूनिसेफ के प्रीतेश नायक व अजय वर्मा सबसे पहले लुकुईया आंगनबाड़ी केंद्र पहुचे जहां उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण करने आई लाभार्थियों से मिलने वाली सुविधाओं व संचालित योजनाओं की जानकारी ली साथ ही केंद्र सही समय पर खुलता है या नही, समय पर टीकाकरण व आंगनबाड़ी में मिलने वाली आहार की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंच कर एमटीसी (कुपोषण) वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वार्ड में प्रतिनियुक्ति स्वास्थ्य कर्मियों से वार्ड में भर्ती कुपोषण बच्चो से सम्बंधित जनाकारी, मिलने वाले आहार, बच्चों के रख रखाव, बच्चो के माताओं के स्वास्थ्य आदि की जानकारी ली। सीएचसी के अधिकारियों बताया कि भर्ती कुपोषित बच्चों एवं माता को आयुष्मान भारत के तहत मिलने वाली राशि से भोजन दिया जाता है। वहीं मिलने वाले आहार से संबंधित रूटिंग कहां से खाना आता है इसके बारे में पूछा गया तो बताया कि सीएचसी के किचन में बना खाना ही मुहैया कराया जाता है। टीम में शामिल अधिकारियों ने कहा कि आयुष्मान भारत से 1920 रुपए प्रति दिन भोजन के लिए दिए जाने का प्रावधान है। इसलिए भोजन पौष्टिक एवं रूटिंग के अनुसार दें। इसके केंद्र में बच्चों के भर्ती करने और डिस्चार्ज करने की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। जिस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि 15 प्रतिशत ग्रोथ होने के बाद ही बच्चों को डिस्चार्ज किया जाता है। एमटीसी निरीक्षण के बाद टीम ने एमटीसी गोदाम का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, बीडीओ सह सीडीपीओ विजय कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी, पर्यवेक्षिका ज्योति बाला, नीरू झा, सीएचसी कर्मी मीरा केसरी समेत कई लोग मौजूद थे।

# सभी सरकारी संस्थानों में नियमित रूप से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करें: मुख्यमंत्री



**पटना (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्य सचिवालय स्थित सभा कक्ष में लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त सुझावों को लेकर समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी संस्थानों में नियमित रूप से विद्युत की आपूर्ति की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने देश में सबसे पहले बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना प्रारंभ की। सबके घर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाएगा तो बिजली के त्रुटिपूर्ण बिल की समस्या खत्म हो जाएगी। लोग अपनी खपत के अनुसार बिजली बिल का भुगतान करेंगे। ये लोगों के हित में है। हम सब के हित में लगातार काम करते रहते हैं। बचे हुए सभी घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम जल्द पूरा करें। इससे सभी को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का अभियान चलाया गया है। सभी सरकारी भवनों की छत पर सोलर प्लेट्स लगाए जाने का निर्णय लिया गया है ताकि उस भवन में बिजली की आवश्यकता की पूर्ति सौर ऊर्जा से हो जाए। जिन जगहों पर यह काम अभी बाकी है उस काम में तेजी लाएं। सीएम ने कहा कि सौर ऊर्जा असली ऊर्जा है। एक बार हम जहानाबाद जिले के एक गांव में गए थे, जहां पर ग्रामीणों ने बिजली की मांग की थी। हमने सौर ऊर्जा की बात कही तो उन्होंने कहा कि यह नकली बिजली है। हमको असली वाली बिजली चाहिए। जब ग्रामीणों को हमने सौर ऊर्जा के बारे में विस्तृत ढंग से समझाया तब वे माने कि सौर ऊर्जा ही असली ऊर्जा है। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन के ऊपर भी सोलर प्लेट लगाएं। शहरों में जो भी सरकारी/सार्वजनिक भवन बनाए जा रहे हैं, उसपर भी सोलर प्लेट लगाएं। सभी सरकारी संस्थानों में सोलर प्लेट (सौर ऊर्जा) लगाने के साथ लोगों को उनके घरों में भी सोलर प्लेट लगाने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय-2 के अंतर्गत सभी पंचायतों के सभी वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है, इस काम में तेजी लाएं। सोलर स्ट्रीट लाइट से रात में लोगों को काफी सहूलियत होगी और बिजली का दुरुपयोग नहीं होगा। आवागमन के स्थलों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर जहां और जरूरत हो वहां सोलर स्ट्रीट लाइट लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर नल का जल योजना का कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण ठीक ढंग से करें। अब इस योजना का कार्यान्वयन लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जा रहा है। हर घर नल का जल योजना के तहत सभी लोगों को शुद्ध पेयजल हमेशा उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें।

## स्पीड न्यूज

### शहीद जवान को किया गया श्रद्धा सुमन अर्पित

**गोड्डा।** मंगलवार को शहीद सुरेंद्र प्रसाद साह की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर सिकटिया स्थित पुलिस केंद्र, गोड्डा में कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिले के पुलिस कप्तान नाथू सिंह मीणा ने जाकर शहीद जवान को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और फर्ज और कर्तव्य में हुए शहीद जवान सुरेंद्र साह को पुलिस बल के जवानो को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही। जहां पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञातव्य है की सुंदर पहाड़ी प्रखंड के घने जंगलों में नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए थे।

### गबन में जामा के पंचायत सचिव को दो साल की सजा

**दुमका।** न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी विजय कुमार यादव की अदालत ने छह साल पुराने सरकारी राशि गबन में जामा की तपसी पंचायत के तत्कालीन पंचायत सचिव गोपाल राउत को दोषी करार देते हुए दो साल व दो लाख मुआवजा देने की सजा सुनाई। मुआवजा पीड़ित परिवार को देना होगा। वहीं साक्ष्य के अभाव में बिचौलिया पंकज यादव को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। सरकार की ओर से एपीपी खुशबूददीन अली ने पांच गवाह का बयान दर्ज कराया। जामा के तत्कालीन बीडीओ शिशिर कुमार ने 11 दिसंबर 17 को जामा थाना में आवेदन देकर गोपाल राउत समेत पांच पर सरकारी राशि गबन करने की शिकायत की थी। आवेदन में बताया कि 30 नवंबर 17 को शिकायत मिलने के बाद तपसी पंचायत में चल रही मनरेगा योजना का निरीक्षण किया। लाभुक रीता देवी को 8.64 लाख से तालाब निर्माण करने की स्वीकृति मिली थी। रीता ने बताया कि पंचायत सचिव के स्तर से योजना राशि का भुगतान किया गया। काम पूरा नहीं होने के बाद भी सचिव ने दो लाख की निकासी कर सारा पैसा गबन कर लिया। इसी प्रकार से बागझोपा के दुईला टुडू से बिना काम के 15 हजार का काम कर एक लाख और 1.20 लाख की निकासी कर ली। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की तो सारे आरोप सच साबित हुए।

### झारखंड स्टेट पुलिस ड्यूटी मीट में संथाल परगना रेंज की टीम ऑल ओवर चैंपियन बनी

**दुमका।** सूबे की राजधानी रांची में आयोजित 18वां झारखंड स्टेट पुलिस ड्यूटी मीट 2023 संथाल परगना रेंज की टीम ओवर ऑल चैंपियन घोषित हुई। पुलिस डियूटी मीट का आयोजन 4 से 7 अक्टूबर तक हुई। जिसमे जामताड़ा के साइबर डीएसपी मजरुल होदा के नेतृत्व में संथाल परगना रेंज की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर विजेता टीम घोषित हुई। विजेता का ट्रॉफी लेकर दुमका पहुचीं टीम लीडर ने संथाल परगना प्रक्षेत्र के डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल को ट्रॉफी सुपुर्द किया। इस बावत डीआईजी श्री मंडल ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। डीआईजी ने इसके लिए पूरी टीम को बधाई दी। डीआईजी ने बताया कि पुलिस डिपार्टमेंट के लिए यह काफी गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक साइंस, मेडिको लीगल, क्राइम इंवेस्टिंग लॉ एंड रूल, फिंगर प्रिंट, फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, डॉग स्क्वाड सहित कुल 10 स्पधाओं में टीम के बेहतर प्रदर्शन के आधार पर ओवर आल चैंपियन घोषित हुई।

## पुलिस ने हत्या कांड में संलिप्त पांच अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**भागलपुर(हि.स.)।** नवगछिया एसपी सुशांत सरोज ने मंगलवार को बताया कि बीते 24 जुलाई को गोपालपुर थाना क्षेत्र के हरनाथचक में जमीन कारोबारी पप्पू यादव हत्याकांड मामले में 05 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि जमीन कारोबारी पप्पू यादव पिता स्व बैजनाथ यादव हत्या मामले में में मृतक पप्पू यादव की पत्नी गुड़िया देवी के लिखित आवेदन के आधार पर गोपालपुर थाना में मामला दर्ज किया गया थ। इसमें 10 प्राथमिकी नामजद अभियुक्त एवं 04-05 अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी एवं मेनुअल अनुसंधान के आधार पर कांड में शामिल 05 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य बिन्दुओं पर भी गहन अनुसंधान जारी है। घटना का कारण पुरानी रंजिश है। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजकिशोर यादव, राजेश यादव, लालू कुमार, प्रिंस राज, और अर्जुन सिंह शामिल है। इस दौरान पुलिस ने दो मोटरसाईकिल और पांच मोबाईल बरामद किया है। छापामारी दल में नीरज कुमार, थानाध्यक्ष गोपालपुर, डीआईयू टीम नवगछिया और सशस्त्र बल शामिल थे। एसपी ने बताया कि नवगछिया थाना क्षेत्र के टॉल प्लाजा के पास से पुलिस अवर निरीक्षक मकबुल अहमद द्वारा एक टाटा टिआगो कार से 224.265 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है।

## चर्चित संवेदक राजीव रंजन हत्याकांड का मुख्य शूटर सहित पांच गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** जिले के चकिया में चर्चित संवेदक राजीव रंजन हत्याकांड के मुख्य शूटर सहित पांच अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पांचो की गिरफ्तारी एएसपी राज के नेतृत्व में तुरकौलिया थाना के बिजुलपुर गांव से हुई है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र को मिली सूचना के पश्चात गठित टीम ने गांव की घेराबंदी कर हत्या में शामिल सहित अपराधियों को घर में संरक्षण देने के आरोप में बिजुलपुर गांव निवासी धामू कुमार उर्फ अरमान पिता बालेश्वर ठाकुर को भी गिरफ्तार कर लिया। एएसपी ने मंगलवार को पत्रकारो को बताया कि जिले का टॉप टेन अपराधी एवं संवेदक हत्याकांड सहित कई अन्य हत्या में शामिल कुख्यात कुणाल सिंह का शार्गिद मुख्य शूटर पुष्कर सिंह अपने साथियों के साथ हथियार लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए तुरकौलिया थाना के बिजुलपुर गांव में एकत्रित हुए थे। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें एसएचओ तुरकौलिया अनिल कुमार, एसएचओ बंजरिया प्रभाकर पाठक, जिला आसूचना ईकाई के अखिलेश मिश्र, ज्वाला सिंह,मिथिलेश कुमार,पुअनि वेदा भारती, पुअनि ईश्वर बैठा, प्रशिक्षु पुअनि सुधीर कुमार, जिला सूचना इकाई के चिरंजीवी, लव कुमार सिंह एवं सशस्त्र बलों की टीम को उनके नेतृत्व में शामिल किया। तत्पश्चात पुलिस ने उक्त गांव की धेराबंदी करते हुए धामू कुमार के घर की तालाशी की गई।

## एसएसबी जवानों ने नशीली दवाईयों के साथ मां बेटी को किया गिरफ्तार



**अररिया (हि.स.)।** बथनाहा एसएसबी 56वीं वाहिनी मुख्यालय के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को बथनाहा टोल टैक्स के समीप नशीली दवाओं के साथ कारोबारी मां बेटी को घर दबोचा। दबोचे गए कारोबारी जोगबनी थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव निवासी नूरजहां खातून एवं पुत्री नजमा खातून है। दोनों के पास से भारी मात्रा में नशे के रूप में उपयोग आने वाले इंजेक्शन और टैबलेट बरामद किया गया। नशीली दवाईयों को भारतीय क्षेत्र से नेपाल के तरफ ले जा रहा था। जिसकी सूचना एसएसबी मुख्यालय बथनाहा को मिली थी। सूचना के पश्चात कमांडेंट सुरेंद्र विक्रम के निर्देश पर जवानों ने बथनाहा ओपी अंतगर्त बथनाहा जोगबनी मार्ग टोल टैक्स के पास जांच के क्रम में उक्त दोनों महिला को दवाओं के साथ घर दबोचा। दबोचे गए महिला नजमा खातून का ससुराल कटिहार जिला बताया गया है। दोनों महिला से पूछताछ के बाद आवश्यक कार्रवाई हेतु बथनाहा ओपी पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## संस्कृत सभी भाषाओं की जननी व सनातन धर्म जीवन की आधार शिला है : सुंदर कांत ठाकुर

**सहरसा।** जिले के कहरा प्रखंड स्थित श्री भागीरथ प्राथमिक सह माध्यमिक संस्कृत विद्यालय चैनपुर के प्रांगण में त्रिदिवसीय श्री दुर्गासप्तशती पाठ प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस मंगलवार को कार्यक्रम की शुरूआत की गई ।द्वितीय दिवस कार्यक्रम पंडित विनय कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर विद्यालय सचिव सुंदर कांत ठाकुर ने कहा की संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है ।इसे सनातन धर्म का जीवन का आधारशिला है। इसे वर्तमान समय में प्रचार वो प्रसार की अति आवश्यकता है। साथ ही विद्यालय सचिव श्री ठाकुर ने बताया कि संस्कृत भाषा की विकास की दृष्टिकोण से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के अलावा सभी प्रतिभागी को कल बुधवार को पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय प्रधानाध्यापक उमेश कुमार झा ने कहा की इस प्रतियोगिता आयोजन से नए पीढ़ी में सनातन संस्कृति और अपनी देव भाषा के प्रति जागरूक कर अपने अतीत और प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति से जुड़ने के एक मात्र साधन है ।इससे भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों को आस्था बढ़ेगी। विद्यालय परिवार के शारदा कांत झा,रंजीत कुमार झा,दिनेश प्रसाद साह, सोहन ठाकुर,शंभू ठाकुर,विमल झा, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे।

## सीडब्ल्यूसी ने बालक को उसके माता-पिता को सौंपा

**दुमका।** गांव का नाम पश्चिम बंगाल से मिलता-जुलता होने के कारण दुमका के सरैयाहाट थाना क्षेत्र से घर से भागा एक बालक के घर वापसी में चार माह का समय लग गया। दरअसल 24.05.23 को सरैयाहाट थाना क्षेत्र का 11 वर्षीय बालक को नहीं पढ़ने के कारण मां ने डांट दिया था। इससे नाराज होकर बालक ट्रेन में बैठकर भागलपुर चला गया। भागलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 से रेलवे चाइल्डलाइन ने इस बच्चे को पश्चिम बंगाल के मालदा जिला का बताते हुए भागलपुर के बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उसे वहां के बालगृह में आवासित कर दिया। बालगृह में काउनसेलिंग के दौरान बालक ने अपने घर का पता दुमका जिला का सरैयाहाट थाना क्षेत्र और अपने गांव के प्रधान का नाम भी बताया। इसके आधार पर सीडब्ल्यूसी ने दुमका के डीसीपीओ से बालक का सामाजिक जांच प्रतिवेदन मांगा। सामाजिक जांच प्रतिवेदन में बालक के दुमका जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र का निवासी होने के आधार पर 16.09.23 को इस बालक को दुमका सीडब्ल्यूसी को ट्रान्सफर करने का आदेश दिया। मंगलवार को भागलपुर से लाकर इस बालक को दुमका सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया गया। सीडब्ल्यूसी की सूचना पर बालक के माता-पिता आये और अपने बेटे की पहचान की।

## महिला को गोली मारकर घायल किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)।** बीती रात थाना क्षेत्र के रंजी पंचायत अंतर्गत बस्ता ग्राम में पक्कू मुर्मू नाम की 35 वर्षीय महिला को गांव के ही पड़ोसी 40 वर्षीय मुंशी हेंब्रम ने गोली मारकर घायल कर दिया। गोली मारने के बाद मुंशी हेंब्रम फरार हो गया। घायल महिला के पति चरण हांसदा और भतीजे द्वारा आनन फानन में हरि देवी रेफरल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुभाष चंद्र शर्मा ने घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए गोड्डा रेफर कर दिया। महिला के पति चरण हसदा ने बताया कि जमीन संबंधी विवाद के कारण गांव के बगलगीर मुंशी हेंब्रम ने उनकी पत्नी को जान से मारने की नियत से गोली मारकर घायल कर दिया।

बताया कि संयोगवश गोली पक्कू मुर्मू के बाएं बाह में लगी वरना बगल में सीने में गोली लगने से पक्कू मुर्मू की मृत्यु भी हो सकती थी। बताया की जमीन संबंधी विवाद का फैसला हो भी चुका था। इसके बावजूद भी मुंशी हेंब्रम ने इस घटना को अंजाम दिया। सदर अस्पताल गोड्डा में चिकित्सक द्वारा घायल महिला पप्पू मुर्मू के बांह से गोली निकाल गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रफीक आलम और सहायक विनोद शाह पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी ली। आरोपी मुंशी हेंब्रम की गिफ्तारी के लिए रात्रि में ही पुलिस बस्ता गांव गई फिर मंगलवार सुबह भी पुलिस बस्ता गांव गई और छानबीन किया। लेकिन आरोपी मुंशी हेंब्रम अब तक फरार बताया जा रहा है।

### शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा समेत अन्य पर्व मनाने को लेकर एसपी ने पूजा पंडाल सदस्यों संग किया बैठक

# ट्रैफिक व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर शहर में अतिरिक्त बल की होगी तैनाती

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** आने वाले दिनों में दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण महौल में मनाने को लेकर पूजा पंडाल समिति सदस्यों एवं शांति समिति सदस्यों के साथ मंगलवार को नगर थाना परिसर में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बैठक की। बैठक कर एसपी ने शहर के ट्रैफिक व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा किया ।एसपी खेरवार ने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू हो उसके लिए वन वे और नो एंट्री कब से कब तक हो, इस पर चर्चा हुई। सुरक्षा व्यवस्था में खास कर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त महिला आरक्षी एवं लाठी पार्टी जवान को स्थायी रूप से पूजा पंडालों और चौक-चौराहे सुरक्षा बलों की तैनाती की जायेगी ।पूजा पंडालों के सदस्यों से भी सलाह मांगी गई है। पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ।विशेष परिस्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल रूम में अतिरिक्त बलों की तैनाती हो। संबंधित थाना पुलिस के पहुंचने तक कंट्रोल रूम एवं वहां उपस्थित बल कार्रवाई करेंगे। वर्तमान में शहर के आठ चौक-चौराहे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है ।शोशल मीडिया एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर होगी। पूजा पंडाल के सदस्यों को भी असामाजिक तत्त्वों की हरकतों से पुलिस को तुरंत अवगत कराने का अपील किया।

## हंसडीहा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**हंसडीहा।** हंसडीहा थाना परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी जितेंद्र साहू के द्वारा की गई। बैठक में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ नवीन चन्द्र सिंह,अवर निरीक्षक सचिन मिश्रा सहायक अवर निरीक्षक बीएन सिंह, महंती मुर्मू सहित दुर्गापूजा समिति हंसडीहा, पगवारा, बनियारा नया, बनियारा पुराना, सिलठा ए के अलावा कुरमाहाट मंदिर के लोग उपस्थित हुए साथ विभिन्न पंचायत के कई जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने शांति पूर्वक दुर्गा पूजा का त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा की दुर्गा पूजा के दौरान सभी पंडालों में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी ।किसी भी परिस्थिति में अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है, यदि अफवाह की सूचना मिलती है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। किसी भी हाल में हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाले जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो। मंदिर जाने वालों मार्गो में सफाई अभियान चलाया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### आजीविका महिला संघ को बैंक लिंकेज के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करेगा

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के भगैया स्थित मानिकपुर आजीविका महिला संकुल स्तरीय संघ कार्यालय में मंगलवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी एवं भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त प्रयास से स्वयं सहायता समूहों के वित्तीय समावेश को और निरंतर संभल प्रदान करने के लिए बैंक लिंकेज कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक भगैया के शाखा प्रबंधक नौशाद आलम,क्षेत्रीय पदाधिकारी रोहित कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक फैजान तनवीर, वित्तीय समावेश के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पवन कुमार सिंह, संकुल समन्वयक दिवाकर मंडल आदि ने इस कार्यक्रम और नियमों के बारे में उपस्थित स्वयं सहायता समूह से जुड़ी सैकड़ो महिलाओं को विस्तार पूर्वक आवश्यक जानकारी दिया ।और कहा कि जिस प्रकार महिलाएं आज समूह से जुड़कर मात्र ?10 साप्ताहिक बचत राशि के माध्यम से धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है ।और इससे महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ गरीबी और बेरोजगारी भी दूर हो रही है। इससे और अधिक आगे बढ़ाने की आवश्यकता है ।बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला अपने परिवार बच्चों का भरण पोषण के साथ-साथ बच्चों को उच्च स्तर पर पढ़ाई लिखाई करने में भी अच्छा योगदान दे पा रही है। ऋण का आदान-प्रदान भी अच्छे ढंग से हो रहा है। इस अवसर पर समूह से जुड़ी कई अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ-साथ दर्शनों सदस्य ने भी बताया कि वे और अधिक बढ़-चढ़कर काम करेगी। ताकि महिला सशक्तिकरण को और अधिक बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में संकुल की पदाधिकारी विनीता देवी, सोनी देवी ,मीना देवी, चंदा कुमारी, नीलम देवी, सुमन कुमारी सहित लगभग 300 सखी मंडल की सदस्यों ने भाग लिया।

### सिक्किम में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित गोड्डा के मजदूरों को विधायक प्रदीप यादव ने आर्थिक सहायता प्रदान की



**गोड्डा।** सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीडीह में संध्या 6 बजे पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने सिक्किम राज्य में बाढ़ आपदा में डूब गए दो लापता मजदूर के परिजनों से अलग अलग मिल कर उन्हें सन्ताव्ना दिया और दु:ख व्यक्त किया और परिजनों को तत्काल नगद पाँच हजार करके आर्थिक सहायता दिया और आगे भी जहाँ तक हो सके अधिक से अधिक सहायता झारखंड सरकार से दिलाने का आश्वाषण दिया। साथ में गोड्डा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव के साथ इस मौके पर जिला प्रवक्ता अकबर अली,गोड्डा प्रखंड अध्यक्ष नवल साह कांग्रेस के सन्नी चौरसिया जमनी पहाड़पुर मुखिया प्रतिनिधि मंजूर अंसारी रानीडीह मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार घाट बंका मुखिया प्रतिनिधि अख्तर हुसैन , मुजम्मिल अंसारी मुबारक अंसारी ,गुलाम अंसारी एवं सेंकड़ों ग्रामिण उपस्थित रहे।

### झामुमो ने पंचायत कार्यकताओं के साथ बैठक की

**गोड्डा।** मंगलवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पथरगामा प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति की विस्तारित बैठक पथरगामा प्रखंड के गांधी ग्राम मे डॉक्टर कयूम अंसारी के आवास परिसर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजू हसदा ने किया ।मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष वासुदेव सोरेन एवं आमंत्रित अतिथि राजेश मंडल पूर्व जिला अध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य उपस्थित हुए। जिला समिति के द्वारा नियुक्त तीन पर्यवेक्षक सबल मंडल सांसद प्रतिनिधि राजमहल, विनोद मुर्मू केंद्रीय समिति सदस्य एवं इंद्रजीत पंडित केन्द्रीय समिति सदस्य भी उपस्थित हुवे। पथरगमा प्रखण्ड के कुल 19 पंचायत के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित होकर अपने अपने पंचायत के समस्या के साथ साथ संगठन के वर्तमान स्थिति एवं हेमंत सरकार की जनता विश्वास के प्रति विस्तार पूर्वक बताया। उपस्थित कार्यकर्ताओ की बातो को सुनने के उपस्थित सभी वरीय नेताओ से विचार विमर्श के बाद सभी पंचायतों पर पंचायत कमिटी गठन करने के लिए तिथिबार समय सुनिश्चित करते हुवे सभी पंचायतों के प्रखंड पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया ।फिर उपस्थित विरिष्ट नेताओ ने अपने अपने संबोधन में हेमंत सरकार की उपलब्धि को बताते हुवे आगामी लोक सभा,विधान सभा चुनाव की तैयारी एवं केंद्रीय समिति के द्वारा जिले के दो लाख सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए हर एक पंचायत से एक एक हजार सदस्य बनाने का टास्क दिया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष वासुदेव सोरेन,पूर्व जिला अध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य राजेश मंडल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष डा कयूम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि राजमहल सह पथरगामा प्रखंड पर्यवेक्षक सुबल मंडल, विनोद मुर्मू केंद्रीय समिति सदस्य, इंद्र जीत पंडित,महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता झा,शाहनाज खातून,जिला कार्यसमिति सदस्य श्यामल रामदास,वरिष्ठ नेता नकुल हेंब्रम,मुनि लाल हसदा मास्टर साहब,बसंतराय प्रखंड अध्यक्ष सुलतान अहमद,जिला अल्पसंख्यक मोर्चा सचिव इरफान आलम,मुजीबुर रहमान, इम्तियाज आलम,प्रह्लाद मंडल, युवा नेता सुधाकर मंडल,अशोक रविदास, सत्तन रविदास, पैरु रबीदास,वरिष्ठ नेता महेश मंडल, ओम प्रकाश ठाकुर,पंकज मांझी,लालजी मुर्मू,सुशील मुर्मू,दरोगा मुर्मू, नीलू दे,मुकेश यादव,अनुज यादव,कमल मुर्मु,अमर यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे। अंत में सभा समाप्ति की घोषणा प्रखंड सचिव विजय महतो ने किया।

### विश्व मानसिक दिवस पर मनोवैज्ञानिक विभाग में एसकेएमयू पर सेमिनार

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में मेंटल हेल्थ इज ए यूनिवर्सल ह्युमन राइट' पर आधारित विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सेमिनार का आयोजन मंगलवार को हुआ। सेमिनार का अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नोडल ऑफिसर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा देश में 95 फीसदी लोग न्यूरोटिक है । मनस्ताप के किसी- न- किसी रोग लक्षणों से गुजर रहे है । मानसिक स्वास्थ्य दिवस समय की आवश्यकता है । यह जागरूकता अभियान न केवल उजड़े मन को बसाने व अच्छे मन को सजाने का है। बल्कि मानसिक रोगों के रोकथाम व अंधविश्वासों को दूर कर वैज्ञानिक इलाज व पुनर्वास को बढ़ावा देना भी हैं । मानसिक रोग का मुख्य कारण तनाव हैं। जो नशा से लेकर मानसिक विकार तक का मार्ग प्रशस्त करता है । नींद नहीं आना व सामाजिक रूप से पलायन करना मानसिक रोग के प्रमुख लक्षणों में शुमार है ।

## पेज 1 का शेष

### कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो...

कार्डिनल का निधन 4 अक्टूबर 2023 को इलाज के दौरान मांडर के एक निजी अस्पताल में हो गया था। पार्थिव शरीर को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सेंट मेरिज कैथेड्रल में रखा गया है। दिन में 1:00 बजे उनका अंतिम संस्कार होगा। इसकी सारी तैयारी कर ली गयी है। **पैतृक जिला गुमला से आयेंगे लोग :** कार्डिनल टोप्पो की झारखंड में एक विशेष पहचान रही है। वे बेहद मिलनसार और मृदुभाषी थे। कार्डिनल के पैतृक जिले गुमला से बड़ी संख्या में लोग आयेंगे। उनका जन्म गुमला के चैनपुर में 1939 में हुआ था। वह अपने माता-पिता की आठवीं संतान थे। बचपन से ही उनका धर्म की ओर रुझान था। ईसाई समाज के लोगों का कहना है कि वे बेल्जियम के पुरोहित की जीवनशैली से प्रभावित थे। हर स्तर पर उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद स्विट्जरलैंड में बिशप फ्रांसिसकुस ने उनका पुरोहित अभिषेक कराया था।

स्पीड न्यूज

## कोलकाता में जाली नोटों के साथ दो गिरफ्तार

**कोलकाता।** एसटीएफ ने मंगलवार को नकली नोटों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 500 रुपये अंकित मूल्य के कुल 600 नकली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) बरामद किए गए। इस सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दो लोगों की पहचान रेजाउल करीम और जमीरुल के रूप में की गई है। दोनों पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के बैष्णब नगर इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक साजिश), 498बी और 498सी (नकली नोट रखना) के तहत मामला दर्ज किया है। कुछ समय पहले 24 सितंबर को, एसटीएफ ने मजीबुर रहमान उर्फ मोजहर नाम के व्यक्ति को 500 रुपये अंकित मूल्य के 300 नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था।

## भागवत ने पद्मनाभस्वामी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**तिरुवनंतपुरम।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को यहां प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आरएसएस प्रमुख सुबह छह बजकर 40 मिनट पर मंदिर पहुंचे जहां भगवान विष्णु की प्रतिमा अनंत शयनम यानी लेटी हुई मुद्रा में विराजमान है।

## शोपियां में मुठभेड़, लश्कर के दो आतंकवादी मारे गये

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने दावा किया कि लश्कर-ए-तैयबा के मारे गए दो आतंकवादियों में से एक इस साल की शुरुआत में बैंक सुरक्षा कर्मी संजय शर्मा की हत्या में शामिल था।

## मणिपुर के मोरेह में कर्फ्यू ढील हुई रद्द

**इंफाल।** मणिपुर में तेंगनौपाल जिला प्राधिकारियों ने भारत-म्यांमा सीमा पर स्थित मोरेह शहर में दैनिक कर्फ्यू में ढील रद्द कर दी है। तेंगनौपाल के जिला मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार द्वारा जारी एक आदेश में सोमवार को कहा गया कि दैनिक कर्फ्यू में आम लोगों को दवाओं और खाद्य सामग्री समेत आवश्यक सामान खरीदने के लिए सुबह छह बजे से शाम पांच बजे तक ढील दी गयी थी जिसे अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है क्योंकि लोगों के एकत्रित होने की आशंका है।

## पुलवामा में मदरसे की इमारत ध्वस्त

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सरकारी जमीन पर निर्मित एक मदरसे की इमारत को ध्वस्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस इमारत में, एक साल पहले सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये थे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए के अनुरोध पर पुलवामा जिले में चेवा कलां गांव स्थित इस इमारत को राजस्व अधिकारियों ने सोमवार रात को ध्वस्त कर दिया। मदरसा पिछले साल हुई मुठभेड़ के बाद से बंद था।

## गुजरात : सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत

**दाहोद/सुरेंद्रनगर।** गुजरात के दाहोद और सुरेंद्रनगर जिलों में मंगलवार सुबह दो सड़क दुर्घटनाओं में एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित 11 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए । दाहोद जिले में सुबह करीब साढ़े छह बजे गरबाडा-अलीराजपुर राजमार्ग पर एक ट्रक और ऑटो की टक्कर में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

# इजराइल के हमले में 1500 आतंकी ढेर

## इजराइली एयरफोर्स के फाइटर जेट ने हमास के 500 ठिकानों पर दागे रॉकेट

एजेंसी

**यरुशलम।** इजराइल पर हमास के हमले और फिर इजराइल की प्रतिक्रिया के बाद युद्ध भयावह रूप ले चुका है। इस युद्ध में दोनों ओर से जवाबी हमले जोरों से चल रहे हैं। इजराइल की सेना ने 1500 हमास आतंकियों को मारे जाने का दावा किया है। साथ ही कहा है कि हमास के आतंकियों को छिपने के लिए कहीं जगह नहीं मिल रही है। इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि हमास के आतंकियों के पास गाजा में छिपने के लिए कोई जगह नहीं है।

इजराइली वायु सेना हर चार घंटे में फिलिस्तीनी इलाके में हवाई हमले कर रही है। इजराइली सेना ने दक्षिण में बड़े पैमाने पर नियंत्रण हासिल कर लिया है और सीमा पर पूर्ण नियंत्रण भी बहाल हो गया है। सेना के प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने कहा कि इजरायली क्षेत्र में हमास आतंकवादियों के 1,500 शव मिले हैं और सोमवार रात से कोई भी हमास लड़ाका इजराइल में नहीं घुसा है। इजराइली एयरफोर्स के फाइटर जेट ने गाजा पट्टी पर हमास के 500 ठिकानों पर रॉकेट दागे हैं। हमास के हमले के बाद इजराइल की एयर स्ट्राइक में 687 फिलिस्तीनी मारे गए और 3 हजार से ज्यादा घायल हैं। इजरायली पीएम नेतन्याहू बोले- हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई अभी शुरू हुई है। लेबनान बॉर्डर पर तनाव बढ़ने पर इजराइली सेना ने टैंक तैनात किए हैं।

युद्ध में अब तक इजराइल के 900 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 30 से ज्यादा बंधक हैं। प्रवक्ता ने फलिस्तीनियों को गाजा हमलों से भागकर मिस्त्र जाने की सलाह दी है। गाजा में सात सौ नागरिकों की जान गई है। मरने वालों में 143 बच्चे भी शामिल हैं।



### निशाने पर गाजा पट्टी की संसद व नागरिक मंत्रालय

इजराइली सेना ने अब पीछे न हटने की घोषणा की है। अब इजराइल की सेना के निशाने पर गाजा की संसद और नागरिक मंत्रालय हैं। फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ अपने हमले में इजरायली सेना ने मंगलवार को घोषणा की कि उनका मुख्य निशाना गाजा की संसद और नागरिक मंत्रालय हैं। इजराइल ने तीन लाख आरक्षित सैनिकों को बुलाया है और गाजा पर नाकाबंदी लगा दी,जमीनी हमले की आशंका बढ़ गई है।

### हमास भी पीछे हटने के लिए तैयार नहीं

इस बीच हमास भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। हमास ने धमकी दी है कि जब भी इजरायल बिना किसी चेतावनी के किसी फिलिस्तीनी घर पर बमबारी करेगा, तो वह एक इजरायली बंदी को मार डालेगा। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा कि यह युद्ध यहूदी शासन के खिलाफ लोगों की लड़ने की क्षमता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए फिलिस्तीनी नागरिकों को बधाई दी जानी चाहिए।

## इजराइल को समर्थन देगा ब्रिटेन : सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इजराइल में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं से बात की है। इसके कुछ समय बाद सुनक उत्तरी लंदन के एक यहूदी उपासनागृह में आयोजित प्रार्थना में शामिल हुए और देश के यहूदी समुदाय को आश्वस्त किया कि वह उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। सुनक ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ अपने संयुक्त बयान में इजराइल के लिए दृढ़ता और एकजुटता के साथ समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने आतंकवाद के भयावह कृत्यों के लिए हमास की स्पष्ट तौर पर निंदा भी की।

# द्रमुक सांसद ए. राजा की 15 बेनामी संपत्तियां जब्त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने पूर्व केंद्रीय दूरसंचार मंत्री और द्रमुक सांसद ए. राजा के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत कथित तौर पर उनसे संबंधित लगभग 55 करोड़ रुपये मूल्य की 15 अचल बेनामी संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है।

ईडी ने बताया कि राजा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में पीएमएलए के तहत उनकी बेनामी कंपनी कोवई शेल्टर्स प्रमोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर अर्जित 15 अचल संपत्तियों को कब्जे में लिया है। ऐसा माननीय निर्णायक प्राधिकारी द्वारा अनंतिम कुर्की आदेश की पुष्टि के बाद किया गया। कोयंबटूर (तमिलनाडु) में लगभग 45 एकड़ भूमि की संपत्ति, पिछले साल दिसंबर में केंद्रीय एजेंसी द्वारा कुर्क की गई थी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के निर्णायक प्राधिकरण ने एक जून को इस आदेश को मंजूरी दे दी थी।

बेनामी संपत्तियां ऐसी संपत्तियां हैं, जिनमें वास्तविक लाभार्थी वह नहीं होता है, जिसके नाम पर संपत्ति खरीदी गई है। राजा (59) वर्तमान में नीलगिरी लोकसभा सीट से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद हैं।

**मनी लांड्रिंग मामले में पूर्व केंद्रीय दूर संचार मंत्री की 55 करोड़ की संपत्ति को इडी ने किया अटैच**



## तंजानिया में खुलेगा पहला आइआइटी

**नयी दिल्ली।** देश के बाहर आईआईटी का पहला कैंपस तंजानिया (जंजीबार) में स्थापित किया जा रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को बताया कि यह कैंपस इसी साल नवंबर शुरू में होने वाला है। तंजानिया में यह कैंपस आईआईटी मद्रास के सहयोग से स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के बाहर यह पहला आईआईटी संस्थान तंजानिया और अन्य अफ्रीकी देशों के छात्रों को विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी शिक्षा प्रदान करेगा। दोनों देशों और महाद्वीपों के बीच शैक्षिक सहयोग में एक मील का पत्थर साबित होगा। उच्च शिक्षा को सहयोगात्मक तरीके से दोनों देशों के युवाओं तक पहुंचाया जाना है।



### दक्षिण अफ्रीका में लगी गांधी की प्रतिमा

**जोहॉन्सबर्ग। महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में जहां रह कर वकालत शुरू की थी, उस स्थान पर उनकी प्रतिमा लगाई गयी है। जोहॉन्सबर्ग स्थित टॉलस्टॉय फार्म में महात्मा गांधी वर्ष 1910 से 1914 तक रहे थे। वकील के रूप में अपने करियर की शुरूआत भी महात्मा गांधी ने टॉलस्टॉय फार्म में रहते हुए ही की थी। अब वहीं महात्मा गांधी की आठ फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण किया गया है।**

## जनवरी से पुरी के जगन्नाथ मंदिर में लागू होगा ड्रेस कोड

**पुरी।** ओड़िशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए एक जनवरी से ड्रेस कोड लागू हो जाएगा। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के प्रमुख रंजन कुमार दास ने कहा कि मंदिर की गरिमा और पवित्रता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। दुर्भाग्यवश, कुछ लोग दूसरों लोगों की धार्मिक भावनाओं की परवाह किए बिना मंदिर में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को मंदिर में फटी जीन्स, बिना आस्तीन वाले वस्त्र और हाफ पैंट पहने देखा गया मानो ये लोग समुद्री तट या पार्क में घूम रहे हों। मंदिर में भगवान रहते हैं, मंदिर मनोरंजन का कोई स्थान नहीं है।


# जातिगत जनगणना देश का एक्स रे : राहुल

**ब्यौहारी (मध्य प्रदेश)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को जाति आधारित जनगणना को देश का एक्स-रे करार देते हुए कहा कि ओबीसी, दलितों और आदिवासियों की दशा को उजागर करेगा जो कि घायल हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी हो उनकी पार्टी केंद्र को इस कवायद को संपन्न कराने के लिए मजबूर करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर नहीं बोलने का भी आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि भाजपा शासित मध्य प्रदेश भाजपा और आरएसएस की प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि जाति अधारित जनगणना देश का एक्स-रे है। देश के आदिवासी, दलित, ओबीसी घायल हैं। आइए जांच करें, इससे तस्वीर साफ हो जाएगी। गांधी ने कहा कि देश में ओबीसी, दलित और आदिवासियों की स्थिति का सच जानने के लिए हम केंद्र सरकार को जाति आधारित जनगणना कराने के लिए मजबूर करेंगे। राजस्थान, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में हमारी सरकारों ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू का दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जाति आधारित जनगणना की बात इसलिए कर रही है क्योंकि अनुसूचित जाति, ओबीसी और आदिवासियों को उनका उचित अधिकार मिलना चाहिए। गांधी ने कहा कि सत्ता में आने के बाद मध्य प्रदेश में जाति आधारित जनगणना भी कराई जाएगी।

**कहा-ओबीसी, दलित और आदिवासियों की स्थिति जानने के लिए केंद्र सरकार को करेंगे मजबूर**



# सुष्मिता सेन की आर्या सीजन 3 का टीजर हुआ रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन की वेब सीरीज आर्या सीजन 3 का टीजर रिलीज हो चुका है और सीरीज तीन नवंबर को रिलीज होगी। इससे पहले, सीजन 1 और दो सफल सीजन के लिए अंतरराष्ट्रीय एमी पुरस्कार से पुरस्कृत की जा चुकी हैं। टीजर रिलीज होने से अब प्रशंसकों का इंतजार खत्म हो चुका है। यह सीरीज फिल्म निर्देशक राम माधवानी और सह-निर्देशित अमिता माधवनी द्वारा सह-निर्देशित राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित है।

सुष्मिता सेन ने कहा कि आर्या सरीन अब मेरे जीवन का बहुत अभिन्न हिस्सा बन गई है। सभी सीजन में उनके अनुभवों ने मेरे दिल को छू लिया है। आर्या सीजन 3 के लिए अपनी भूमिका में वापस आना सम्मान की बात है। इस सीजन में आर्या की गहन शक्ति का पता चलता है, क्योंकि वह अपने दुश्मनों पर हमला करती है और अपने प्रियजनों के लिए खतरों से जूझते हुए अपना खुद का एक साम्राज्य बनाना शुरू करती है। आर्या की कहानी एक ऐसी महिला का प्रमाण है जो जीवन की बाधाओं को चुनौती देती है और अपने करीबी लोगों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। आर्या सीजन 3 सिर्फ डिज्नी हॉटस्टार पर एक शो नहीं है। यह एक भावनात्मक यात्रा है जो मुझे प्यार और गर्व से भर देती है। आर्या के निर्माता राम माधवानी ने कहा कि पिछले दो सीजन में दर्शकों से हमें जो अपार प्यार मिला है, उसके बाद, हम आपके लिए आर्या का एक नया युग प्रस्तुत करते हैं। वह कोई कसर नहीं छोड़ती।

सीजन 3 आर्या रोमांचक यात्रा से दर्शकों को रोमांचित करेगा।

# कोयला उद्योग में प्रतिदिन 100 श्रमिकों की जा सकती है नौकरी

**नयी दिल्ली।** कोयला उद्योग में 2035 तक चार लाख से अधिक खनन संबंधी नौकरियां खत्म होने की आशंका है। यानी हर दिन करीब 100 श्रमिकों की नौकरी जा सकती है। चीन और भारत के इससे सबसे अधिक प्रभावित होने की आशंका है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई। ग्लोबल एनर्जी मॉनिटर द्वारा संकलित रिपोर्ट के अनुसार, इसकी प्रमुख वजह सस्ती पवन व ऊर्जा उत्पादन की ओर बाजार का बदलाव और कोयले के बाद अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के प्रबंधन के लिए योजना की कमी होगी। अमेरिका स्थित एक गैर सरकारी संगठन ग्लोबल एनर्जी मॉनिटर उभरते अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा परिदृश्य का विश्लेषण करता है। रिपोर्ट के अनुसार कोयला सुविधाओं के बंद होने की आशंका के कारण परिचालन खदानों में 9,90,200 कोयला-खनन नौकरियां समाप्त हो जाएंगी।

## आप विधायक अमानतुल्ला खान के ठिकानों पर छापा

**नयी दिल्ली।** इडी ने धन शोधन मामलों की जांच के तहत मंगलवार को ओखला के आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान के परिसरों पर तलाशी ली। आप विधायक को नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में दिल्ली एसीबी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने यह कार्रवाई आप सांसद संजय सिंह के आवास पर छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार करने और शराब नीति से जुड़े एक मामले में 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद की है।

# सांसद संजय सिंह की इडी रिमांड 13 अक्टूबर तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** अदालत ने मंगलवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के नेता एवं सांसद संजय सिंह की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। ईडी अब तीन और दिन सिंह से पूछताछ कर सकेगी। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा दायर एक आवेदन पर यह आदेश दिया। ईडी ने संजय सिंह पर जांच में सहयोग न करने का आरोप लगाते हुए उनकी हिरासत की अवधि पांच दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था। सिंह की हिरासत अवधि मंगलवार को समाप्त हो रही थी।



# सबसे अमीर भारतीय बने मुकेश अंबानी

एजेंसी

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी को पछाड़कर सबसे अमीर भारतीय बन गए हैं। 360 वन वेल्थ हुरुन इंडिया की भारतीय अमीरों की 2023 की सूची के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के 66 वर्षीय प्रमुख की संपत्तियां मामूली दो प्रतिशत बढ़कर 8.08 लाख करोड़ रुपये हो गई हैं, जबकि अडाणी की संपत्ति 57 प्रतिशत घटकर 4.74 लाख करोड़ रुपये रह गई है। हुरुन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने अडाणी की संपत्ति में गिरावट के लिए जनवरी में प्रकाशित हिंडनबर्ग रिपोर्ट को जिम्मेदार ठहराया है।

अमेरिकी वित्तीय शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग ने जनवरी में अडाणी समूह पर बही-खातों में गड़बड़ी तथा शेयरों के भाव में हेराफेरी के साथ विदेशी इकाइयों के अनुचित इस्तेमाल का आरोप लगाया था। इन आरोपों के बाद समूह की कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट आई थी। हालांकि, अडाणी समूह ने इन आरोपों को खारिज किया है। इस सूची में 138 शहरों के कुल 1,319 लोग शामिल हैं। टीका (वैक्सीन) बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के साइरस पूनावाला अब भी तीसरे सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं। उनकी संपत्तियां 36 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2.78 लाख करोड़ रुपये हो गई हैं। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शिव नाडर की संपत्ति में 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और वह 2.28 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियों के साथ चौथे स्थान पर बरकरार हैं। शीर्ष 10 में शामिल अधिकतर लोगों की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

गोपीचंद हिंदुजा अब पांचवें स्थान हैं, जबकि छठे स्थान पर दिलीप सांघवी, सातवें स्थान पर लक्ष्मी निवास मित्तल, नौवें स्थान पर कुमार मंगलम बिड़ला और दसवें स्थान पर नीरज बजाज हैं। हालांकि, डी-मार्ट के राधाकिशन दमानी की कुल संपत्तियां 18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.43 लाख करोड़ रुपये पर आ गईं। इससे वह तीन पायदान फिसलकर अमीरों की सूची में आठवें स्थान पर आ गए हैं।

जोहो की राधा वेम्बु ने फाल्गुनी नायर को पीछे छोड़ा है और वह सबसे अमीर भारतीय महिला बन गई हैं, जबकि जेप्टो की कैवल्य वोहरा इस सूची में सबसे कम उम्र की महिला हैं। वहीं 94 साल की उम्र में प्रिसिजन वायर्स इंडिया कंपनी के महेंद्र रतिलाल मेहता ने पहली बार इस सूची में जगह बनाई। हुरुन ने कहा कि भारत में पिछले साल हर तीन सप्ताह में दो नए अरबपति जुड़े और अब अरबपतियों की संख्या 259 हो गई है। यह 12 साल में 4.4 गुना वृद्धि है।



**हुरुन की सूची**

**▸▸ रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख की संपत्तियां दो प्रतिशत बढ़कर 8.08 लाख करोड़, अडाणी की संपत्ति 57 प्रतिशत घटकर 4.74 लाख करोड़ रुपये**

## सेंसेक्स 66,000 के पार, निफ्टी भी मजबूत

**मुंबई।** सकारात्मक वैश्विक रुझान के बीच मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजारों में वित्तीय, वाहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में लिवाली का जोर रहने से दोनों मानक सूचकांक करीब एक प्रतिशत तक चढ़ गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 566.97 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 66,079.36 पर बंद हुआ। सूचकांक 400 अंक की बढ़त के साथ खुला था और कारोबार के दौरान इसने 66,180.17 अंक के उच्च स्तर को भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 177.50 अंक यानी 0.91 प्रतिशत उछलकर 19,689.85 अंक पर बंद हुआ। इजराइल-हमास संघर्ष तेज होने के बावजूद अमेरिकी बॉन्ड के प्रतिफल में नरमी आने से ब्याज दर को लेकर संवेदनशील शेयरों में तेजी रही।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# युद्ध में हमास का साथ दे सकते हैं दुनिया के दूसरे आतंकी संगठन और देश

**नीरज कुमार दुबे**

**जहां** तक यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदमीर जेलेंस्की के बयान की बात है तो आपको बता दें कि उन्होंने अपने देश पर रूस के आक्रमण की तुलना हमास से की है। जेलेंस्की ने कहा है कि हमास के आतंकवादियों ने इजराइल में हमले किए जिसकी सजा दी जानी चाहिए।

इजराइल और हमास के बीच चल रहा युद्ध भीषण रूप लेता जा रहा है। इस बीच दुनिया के विभिन्न देश इजराइल के साथ खड़े हो रहे हैं तो अरब तथा इस्लामिक देश फिलस्तीन का साथ देते हुए दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि ईरान ने तो इस मुद्दे पर मुस्लिम देशों की एक बैठक भी बुला ली है। इस बीच, पहले से ही युद्ध लड़ रहे रूस और यूक्रेन की भी प्रतिक्रिया सामने आ गयी है। यूक्रेन इजराइल के समर्थन में खड़ा हो गया है तो रूस ने सधी हुई प्रतिक्रिया देते हुए मुद्दे के समाधान के लिए अलग फिलस्तीनी राज्य बनाने की वकालत की है।

इस बीच, रूस ने कहा है कि शांति के लिए सबसे विश्वसनीय समाधान फिलिस्तीनी राज्य बनाना है। मॉस्को ने यह भी कहा कि अकेले आतंकवाद से लड़ने से सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि एक फि लिस्तीनी राज्य बनाना चाहिए जो इजराइल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रहेगा। उन्होंने कहा कि संघर्ष को हल करने का यही सबसे विश्वसनीय रास्ता है। हम उन लोगों से सहमत नहीं हो सकते जो कहते हैं कि सुरक्षा केवल लड़ाई के माध्यम से सुनिश्चित की जा सकती है। इसके अलावा, अमेरिका द्वारा अपने सहयोगी इजराइल की मदद के लिए युद्धपोतों को भेजने पर टिप्पणी करते हुए क्रेमलिन ने कहा है कि इजराइल और हमास के बीच संघर्ष में किसी तीसरे पक्ष का प्रवेश उच्च जोखिम है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, इस संघर्ष में तीसरी ताकतों के शामिल होने का खतरा अधिक है। उन्होंने कहा, इस तनाव को कम करने और सैन्य समाधान से दूर जाने के लिए किसी तरह की वार्ता प्रक्रिया की ओर बढ़ने के लिए रास्ता खोजना बहुत महत्वपूर्ण है।

**इजराइल-हमास संघर्ष के ताजा हालात**

इजराइल ने हमास आतंकवादियों के हमले के जवाब में गाजा पट्टी में हमले तेज कर दिए और पूरी तरह से नाकाबंदी कर वहां खाद्य सामग्री, ईंधन और अन्य सामान की आपूर्ति रोक दी है। उधर हमास ने भी कहा है कि अगर बिना पूर्व चेतावनी के नागरिकों को निशाना बनाकर हमले किए जाते हैं, तो वह बंधक बनाए गए इजराइलियों को मौत के घाट उतार देगा। हम आपको बता दें कि इस युद्ध में दोनों पक्षों के करीब 2000 लोगों की मौत हो



चुकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि एक ओर जहां इजराइल हमास द्वारा दक्षिणी शहरों में किए गए हमलों में मारे गए लोगों के शव तलाश रहा है। वहीं, गाजा में लगातार जारी हवाई हमलों में इमारतों के जमींदोज होने के कारण हजारों निवासी अपने घरों को छोड़कर जा रहे हैं।

इस बीच, इजराइली सेना ने कहा है कि उसने दक्षिणी हिस्से पर फिर से कब्जा जमा लिया है, जहां हमास द्वारा घुसकर हमला करने के घटनाक्रम ने सेना और खुफिया तंत्र को चौंका दिया था। इजराइल ने और आक्रमण रोकने के लिए गाजा सीमा पर टैंक और ड्रोन तैनात किए हैं। गाजा के पास 12 से अधिक शहरों से हजारों इजराइलियों को निकाला गया है और सेना ने 3,00,000 अतिरिक्त सैनिकों को बुलाया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर दिए संबोधन में कहा, हमने हमास पर हमला करना अभी तो शुरू ही किया है। हम आने वाले दिनों में अपने दुश्मनों के साथ जो करेंगे, उसकी गूंज कई पीढ़ियों तक सुनाई देगी। हालांकि इजराइली सेना के सीमा के पास अतिरिक्त बलों को तैनात करने से एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि क्या वह छोटे से भूमध्यसागरीय तटीय क्षेत्र गाजा में जमीनी आक्रमण शुरू करेगी। हम आपको याद दिला दें कि इजराइली सेना ने आखिरी बार 2014 में जमीन पर आक्रमण किया था। इजराइली सेना ने बताया कि हमलों में देश में 900 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि गाजा में 680 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जिनमें सैंकड़ों हमास लड़ाके भी शामिल हैं।

नेतन्याहू ने बंधक संकट से निपटने और लापता लोगों की तलाश के लिए एक पूर्व सैन्य कमांडर को नियुक्त किया है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि गाजा पर इजराइली हवाई हमलों में 790 मकान जमींदोज हो गए हैं और 5,330 गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जल और साफ-सफाई से संबंधित तीन स्थानों पर हमले से 4,00,000 लोगों तक सेवाएं बाधित हो गई हैं।

उधर, इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश देते हुए कहा कि प्राधिकारी बिजली आपूर्ति बंद करेंगे और खाद्य सामग्री तथा ईंधन लेकर जाने वाले वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाएंगे। इजराइल की इस नाकाबंदी से गाजा पूरी तरह मिस्र पर निर्भर हो जाएगा, जिसकी राफा सीमा से माल ले जाने की क्षमता इजराइल की अन्य जांच चौकियों के मुकाबले कम है। मिस्र के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मिस्र रेड क्रीसेंट की ओर से दो टन से अधिक चिकित्सा सामग्री गाजा भेजी गई है। अधिकारी के मुताबिक, क्षेत्र में खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सामान की आपूर्ति के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

**आतंकी संगठन हमास का दावा**

इस बीच, आतंकवादी संगठन हमास के एक वरिष्ठ कमांडर ने कहा है कि इजराइल पर हमले के बारे में गाजा में केवल कुछ शीर्ष कमांडर ही जानते थे, लेकिन ह्यह्यअगर गाजा में विनाशकारी युद्ध जारी रहता हैह्लह्ल, तो ईरान और हिजबुल्ला जैसे सहयोगी इस लड़ाई में शामिल होंगे। हमास के निर्वासित नेतृत्व के एक सदस्य अली बराकेह ने ऐसे वक्त में अपने बेरूत कार्यालय से यह बयान दिया है, जब इजराइल ने गाजा पर भीषण बमबारी की और हमास शासित क्षेत्र की पूर्ण घेराबंदी का संकल्प लिया है। बराकेह ने कहा कि गाजा में हमास के करीब छह शीर्ष कमांडरों ने हमले की योजना बनाई थी और समूह के करीबी सहयोगियों को भी हमले के समय के बारे में पहले से कुछ नहीं बताया गया था। उसने उन खबरों को खारिज किया कि ईरान के सुरक्षा अधिकारियों ने हमले की योजना बनाने में मदद की या बेरूत में पिछले सप्ताह एक बैठक में हमले की मंजूरी दी। बराकेह ने कहा, केवल हमास के कुछ कमांडर हमले की योजना के बारे में जानते थे। उसने कहा कि हमास के केंद्रीय कमान या राजनीतिक ब्यूरो का कोई सदस्य पिछले साल लेबनान की राजधानी में नहीं था। बराकेह ने माना कि ईरान और लेबनान के आतंकवादी समूह हिजुबुल्ला ने पूर्व में हमास की मदद की है, लेकिन साथ ही कहा कि 2014 के गाजा युद्ध के बाद से हमास खुद अपने रॉकेट बना रहा है और लड़ाकों को प्रशिक्षण दे रहा है।

बराकेह ने उन अटकलों को भी खारिज किया कि इस हमले का मकसद सऊदी अरब को इजराइल से संबंध सामान्य बनाने के लिए राजी करने के अमेरिकी प्रयासों को बाधित करना है। उसने कहा कि इस हमले की योजना एक साल से अधिक समय पहले बनाई गई थी। बराकेह ने कहा कि इजराइल की घोर दक्षिणपंथी सरकार द्वारा पिछले एक साल में उठाए गए कदमों के बदले में यह हमला किया गया, जिसमें यरूशलम में विवादित पवित्र स्थलों के उकसावे वाले दौरे और इजराइल द्वारा बंधक बनाए गए फलस्तीनी कैदियों पर दबाव बढ़ाना शामिल है।

उसने यह भी कहा कि हमास का मानना है कि इजराइल ने उसके शीर्ष कमांडरों की हत्या की योजना बनाई थी। हमास कमांडर ने यह भी कहा कि आतंकवादी समूह ऑपरेशन अल-अक्सा स्टॉर्म से भी हैरान था और उसे उम्मीद थी कि इजराइल हमला रोकेगा या इसे सीमित करेगा। उसका यह दावा कि हमास ने केवल एक छोटे अभियान की योजना बनाई थी, इस तथ्य से गलत साबित होता है कि हमले में तकरीबन 1,000 लड़ाके शामिल हुए।

**क्या हमास की मदद करेंगे और आतंकवादी संगठन?**

रविवार को हिजबुल्ला ने एक विवादित इलाके में तीन इजराइली ठिकानों पर कई रॉकेट दागे और गोलाबारी की थी। सोमवार को फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादी समूह ने दावा किया कि उसने चार बंदूकधारियों को लेबनान सीमा के पार इजराइल में भेजा है। वर्षों से लेबनान में हमास के प्रतिनिधि रहे बराकेह ने कहा कि उसका समूह इजराइली जेलों में बंद सभी अरब लोगों और अमेरिका में कैद कुछ फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के लिए हमले में बंधक बनाए गए सैंकड़ों इजराइलियों का इस्तेमाल करेगा। उसने कोई संदर्भ दिए बगैर कहा, अमेरिकी जेलों में फलस्तीनी बंद हैं। हम उनकी रिहाई की मांग करेंगे।

# बेहतर देखभाल व शिक्षा से बचपन को संबल

**सीमांत डडवाल**

**बच्चे** का मानसिक-सामाजिक विकास करने के लिए उसके अभिभावक और आसपास के समाज का बड़ा योगदान होता है। आज खुद से यह पूछना कि मौजूदा विकासशील भारत में हमारे बच्चों के लिए वह समाज कहां है जहां उभरते मध्यम वर्ग के मूल मूल्य के रूप में महत्वाकांक्षा उसके बचपन की सुरक्षा व संभाल से मेल खाती है। वह गांव जहां बच्चों का बेहतर ढंग से पालन-पोषण व शिक्षण होता हैं। या फिर असल में उनके भविष्य पर कोई संकट है?

**बाल विकास में अपनों का साथ**

एक व्यक्ति के मस्तिष्क का 80 प्रतिशत हिस्सा 3 साल की उम्र में और 90 फीसदी हिस्सा 5 साल की उम्र में निर्मित हो जाता है। समय गुजरने के बाद जीवन में मस्तिष्क को अपने अनुरूप तैयार करना मुश्किल काम है। जबकि एक बच्चे के



जीवन में वयस्कों के साथ उसके रिश्ते उसके मस्तिष्क के विकास पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। संवेदनशील, भरोसेमंद वयस्कों के साथ प्रेमपूर्ण रिश्ते बच्चे के सहज विकास के लिए आवश्यक हैं। ये रिश्ते घर पर माता-पिता और परिवार से शुरू होते हैं वहीं इनमें शिक्षक और निकट परिवेश के लोग भी शामिल हैं। हालांकि, भारत में कामकाजी माता-पिता को अपनी पेशेवर ज़िम्मेदारियां निभाते हुए बच्चों की देखभाल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कामकाज में व्यस्त अभिभावक मुश्किलों से गुजरते हैं, विशेषकर माताएं।

**कामकाजी पेरेंट्स की चुनौतियां**

उदाहरण के तौर पर, एक युवा जोड़ा आईटी पेशेवर मेहर और अमनदीप, जो बेंगलुरु में कुछ साल काम करने के बाद, कोरोनाकाल में चंडीगढ़ लौट आया। इसके बाद उन्हें अपने बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण प्री-स्कूल ढूंढने में कठिनाई हुई। एक अन्य माता-पिता, लीला और अनिल देहरादून की कम आय वाली बस्ती में रहते हैं। लीला और अनिल दोनों को अपने बच्चों को छोड़कर काम पर जाना पड़ता है। आर्थिक समस्या के चलते वे अपने बच्चे को प्री-स्कूल की सुविधा भी नहीं दे पा रहे हैं। दोनों अपने 18 महीने के लड़के को अपनी 6 साल की बेटी, सुनीता के जिम्मे छोड़ देते हैं, जो अपने छोटे भाई की देखभाल करती है। सुनीता ने अभी तक स्कूल में दाखिला नहीं लिया है। बच्चों की देखभाल की ये चुनौतियां, भले ही विभिन्न परिवारों के लिए अलग-अलग हों लेकिन सभी माता-पिता को एकजुट करती हैं। हर माता-पिता के बच्चों को वह देखभाल मिले जिसके वे हकदार हैं यह यकीनी बनाने को पहुंच, गुणवत्ता, विश्वसनीयता, सुविधा और सामर्थ्य के पहलुओं को हल करना होगा।

**चाइल्ड केयर और शिक्षा नीति**

बच्चे की देखभाल और शिक्षा नीति जो प्रदाताओं के बीच गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बचपन देखभाल और सीखने तक पहुंच को सक्षम करने पर काम करती है, प्रत्येक राज्य के लिए जरूरी होनी चाहिए; लेकिन यह अधिकांश भारतीय राज्यों में मौजूद नहीं है। इस नीति को माता-पिता के लिए गुणवत्तापूर्ण चाइल्ड केयर विकल्पों की उपलब्धता और सामर्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करनी चाहिए, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि या भौगोलिक स्थिति कुछ भी हो।

# वो गुरु जिसने तराशा अमिताभ बच्चन को

**आर.के. सिन्हा**

**अमिताभ** बच्चन ने जब अपने फिल्मी करियर का श्रीगणेश किया तब 1970 के दशक का आरंभ हो रहा था। तब भारत में श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधनामंत्री थीं और अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन थे। वो आधी सदी पहले की दुनिया आज से हर मायने में अलग थी। पर इन पचास सालों में बहुत कुछ बदला, पर अमिताभ बच्चन अब भी करोडों सिने प्रेमियों की पसंद बने हुए हैं। उन्होंने इस दौरान ना जाने कितनी सुपर हिट फिल्में दीं, टीवी पर अपनी धाक जमाई और विज्ञापन संसार के शिखर पर रहे। कुछ समय तक राजनीति करने के बाद उसे इस तरह से छोड़ा कि फिर मुड़कर नहीं देखा। उन्हें भारतीय सिनेमा का सार्वकालिक महानतम अभिनेता माना जा सकता है।



अमिताभ ने अनेक पुरस्कार जीते हैं, जिनमें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और बारह फिल्म फेयर पुरस्कार सम्मिलित हैं। उनके नाम सर्वाधिक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फिल्म फेयर अवार्ड का रिकार्ड है। अभिनय के अलावा बच्चन ने पार्श्वगायक, फिल्म निमार्ता, टीवी प्रस्तोता के रूप में भी अपनी छाप छोड़ी है। वे लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में कई वर्षों से मेजबान की भूमिका भी निभाते आए हैं। इस शो में उनके द्वारा किया गया 'देवियों और सज्जनों' संबोधन बहुचर्चित रहा।

अमिताभ बच्चन की शख्सियत से आप प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। आज (11 अक्टूबर) को उनके जन्मदिन पर हम उस शख्स की बात करना चाहेंगे जिन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचाना और फिर गढ़ा भी। बेशक, वे भी इस मौके पर उन शख्सियतों को जरूर याद करेंगे जिनके मार्गदर्शन के चलते उन्होंने शिखर को छुआ। वे दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज (केएम कॉलेज) के अपने गुरु फ्रेंक ठाकुर दास को नहीं भूल सकते। वहां पर फ्रेंक ठाकुर दास सभागार मिलेगा। अमिताभ बच्चन 1962 में केएम कॉलेज में बीएससी के छात्र थे। तब तक उनका एक्टिंग या रंगमंच की तरफ कोई विशेष रुझान नहीं था। पर एक दिन फ्रेंक ठाकुर दास ने उन्हें अपने पास बुलाकर कहा कि वे कॉलेज की रंगमंच की गतिविधियों से जुड़ें।

यह बात अमिताभ बच्चन ने केएम कॉलेज के एक कार्यक्रम में खुद बताई थी। उसके बाद फ्रेंक ठाकुर दास ने उन्हें कॉलेज की ड्रामा सोसायटी की तरफ से होने वाले अंग्रेजी और हिन्दी के नाटकों से जोड़ा। उन्होंने ही अमिताभ बच्चन को अभिनय की तमाम बारीकियों से रूबरू भी करवाया। दिल्ली विश्वविद्यालय और केएम कॉलेज बिरादरी फ्रेंक ठाकुर दास को अपने संरक्षक और मार्गदर्शक के रूप में याद करती है। फ्रेंक ठाकुर दास केएम कॉलेज में पॉलिटिकल साइंस साइंस के प्रोफेसर थे। उन्हें रंगमंच की दुनिया की भी गहरी समझ थी। वे खुद भी रंगकर्मी थे। केएम कॉलेज में होने वाले नाटक, डिबेट और अन्य खास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते थे। अमिताभ बच्चन ने अभिनय और रंगमंच का पहला पाठ फ्रेंक ठाकुर दास से सीखा था। फ्रेंक ठाकुर दास पंजाबी ईसाई थे। उन्होंने अपने कॉलेज में ड्रामा सोसायटी की स्थापना की थी। वे केएम कॉलेज से लगभग चार दशकों तक जुड़े रहे। फ्रेंक ठाकुर दास अपनी कक्षाएं समाप्त करने के बाद अपने ड्रामा क्लब की गतिविधियों में व्यस्त हो जाते थे। सुबह से देरशाम तक छात्रों के बीच में रहा करते। फ्रेंक ठाकुर दास के कृतज्ञ छात्रों ने कुछ समय पहले उनके नाम पर बन रहे सभागार के निर्माण के लिए दिल खोलकर सहयोग दिया था। अमिताभ बच्चन ने खुद इस नेक काम के लिए 51 लाख रुपये की सहयोग राशि दी थी।


फ्रेंक ठाकुर दास के खास शार्गिदों में सतीश कौशिक, कुलभूषण खरबंदा, शक्ति कपूर, दिनेश ठाकुर जैसे बॉलीवुड के बड़े नाम भी रहे। ये सब भी केएम कॉलेज में ही थे। उन्होंने इन सबको भी अभिनय, निर्देशन, मंच सज्जा आदि की जानकारी दी। फ्रेंक ठाकुर दास की शख्सियत बहुआयामी थी। वे इंग्लिश के भी विद्वान। राजधानी में देश के बंटवारे के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी ने कैंप कॉलेज खोला था। वे वहां पॉलिटिकल साइंस और इंग्लिश पढ़ाते थे। कैंप कॉलेज इसलिए खोला गया था ताकि बंटवारे के कारण जिन शरणार्थी परिवारों के बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई थी, वे उधर दाखिला लेकर पढ़ाई पूरी कर लें। इधर अध्यापकों को सांकेतिक मानदेय ही मिलता था। पर फिर भी फ्रेंक ठाकुर दास इसमें पढ़ाते रहे। उन्हें पता था कि किन विषम परिस्थितियों में पंजाबी शरणार्थी जिंदगी बसर कर रहे हैं। उनके नाम पर केएम कॉलेज में हर साल एक डिबेट प्रतियोगता का भी आयोजन होता है।

बहरहाल, अमिताभ बच्चन की पूरी शख्सियत गरिमामय है। उसमें नकारात्मकता कतई नहीं है। ये गुण भी उन्होंने फ्रेंक ठाकुर दास से सीखा। फ्रेंक जी के पास किसी की निंदा रस लेने का वक्त नहीं था। वे दिन-रात अपने काम में लगे रहते थे। अमिताभ बच्चन भी 80 साल का होने पर भी अपने काम-काज में मस्त रहते हैं।

अमिताभ बच्चन ने अपनी उम्र के अनुकूल हर तरह के किरदारों को पर्दे पर निभाया और अपने अभिनय से जीवंत बनाया। उन्होंने बढ़ती उम्र को नजरअंदाज करते हुए छैल-छबीला नायक बने रहने की जिद वाली परंपरा से इतर राह पकड़ी और फिल्मी दुनिया के लेखकों और निर्देशकों ने उनके लिये लीक से हटकर उम्रदराज नायक वाले चरित्र भी गढ़े। इन चरित्रों के जरिए अमिताभ अभिनय कला के नये प्रतिमान

# शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में टीचर एजुकेटर्स डे मनाया जाए : डॉ. सचिन

**झारखण्ड** राज्य बीएड-एमएड प्राध्यापक संघ के सदस्यों ने आज 10 अक्टूबर 2023 को देश का पहला टीचर एजुकेटर्स डे ऑनलाइन मनाया। बीएड-एमएड संघ के सदस्यों ने पिछले रविवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया था कि शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस की जगह पर शिक्षक प्रशिक्षक दिवस अर्थात टीचर एजुकेटर्स डे मनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर बीएड-एमएड संघ के प्रदेश संयोजक सह महासचिव डॉ.सचिन कुमार ने अपने संबोधन में टीचर एजुकेटर्स डे की महत्ता को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रशिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए शिक्षक प्रशिक्षक होते है जो विशिष्ट योग्यता और विशिष्ट भूमिका के लिए जाने और पहचाने जाते है।




प्रशिक्षण संस्थानों का मुख्य उद्देश्य शिक्षण नही बल्कि प्रशिक्षण होता है और वहां नियुक्त प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु अध्यापक को शिक्षण कार्य में कुशलता और निपुणता हासिल करने के लिए शिक्षण के विभिन्न विधि, प्रविधि , तकनीक और कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य करते है इसलिए शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए अलग से 10 अक्टूबर को अब प्रतिवर्ष शिक्षक प्रशिक्षक दिवस अर्थात टीचर एजुकेटर्स डे मनाए जाने की शुरूआत आज भगवान बिरसा की पावन भूमि झारखण्ड की राजधानी रांची से की गई है।

टीचर एजुकेटर्स के लिए भी एक विशेष दिन की मांग वर्षो से होती आ रही थी जिस प्रकार इंजीनियर्स डे, डॉक्टर डे, नर्स डे, टीचर डे मना कर उनके योगदान के लिए सम्मान देने के साथ-साथ उन सभी प्रोफेशनल्स को संगठित करने ओर उनके कार्यों पर गर्व करने का यह दिन होता है उससे शिक्षक प्रशिक्षक वर्षों से वंचित होते रहे है। आज 10 अक्टूबर 2023 से शिक्षक प्रशिक्षक अर्थात टीचर एजुकेटर्स को भी सम्मानित और गर्व करने का मौका मिलना शुरू हो जायेगा।

आज से यह ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है जिसमे विशिष्ट योग्यता और विशिष्ट भूमिका वाले प्रशिक्षकों अर्थात राष्ट्र के निमार्ता शिक्षक को बनाने वाले प्रशिक्षकों के नाम करने का श्रेय भी झारखण्ड की इस पावन भूमि और झारखण्ड राज्य बीएड-एमएड प्राध्यापक संघ के सभी सदस्यों को जाता है जिनके सहयोग और समर्पण के बिना यह संभव नहीं था। मैं इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश और राष्ट्र के लाखो शिक्षक प्रशिक्षकों को टीचर एजुकेटर्स डे की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार अर्पित करता हूं। इस अवसर पर संघ के संरक्षक सह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रो.डॉ. तनवीर युनुस ने कहा कि झारखण्ड राज्य बीएड-एमएड प्राध्यापक संघ शिक्षक प्रशिक्षकों के बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत है और सरकार तक अपनी समस्यायों और मांगों को पहुंचाने में सफल हुआ हैं। लगभग बीस वर्षो के लगातार झारखण्ड में बीएड-एमएड कोर्स के प्रशिक्षक न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सामाजिक रूप से भी शोषित होते आ रहे हैं। इस अवसर पर कोल्हान विश्वविद्यालय के बीएड विभाग के प्राध्यापक डॉ. विशेश्वर यादव, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. शमशाद आलम और रांची विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सचिन कुमार को संघ की स्थापना करने के साथ- साथ विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित करने की घोषणा भी करता हूं। संघ के अध्यक्ष सह कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. मनोज कुमार ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज का दिन शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक दिन हो गया है क्योंकि देश ही नहीं बल्कि विश्व में यह पहला संगठन है जिसने शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए एक विशेष दिवस मनाने की एक सार्थक पहल की है। झारखण्ड के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य बनने के पश्चात न तो विश्वविद्यालय प्रशासन और न ही सरकार शिक्षक प्रशिक्षकों की समस्यायों के समाधान के लिए कोई प्रयास किया है। संघ के संयुक्त सचिव सह के.ओ. कॉलेज गुमला के बीएड विभाग के प्राध्यापक डॉ. रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि हमलोग सौभाग्यशाली है कि कम वेतन मिलने के बावजूद सभी विषयों के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने का कार्य करने का अवसर मिल रहा है। संघ के उपाध्यक्ष डॉ.बिशेश्वर यादव ने कहा कि संगठन में सभी शिक्षक प्रशिक्षकों को जोड़ने और कार्य में निरंतरता लाने से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।वही उपाध्यक्ष डॉ शमशाद आलम शिक्षक प्रशिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा है कि संघ के कार्यों को करने में अड़चने तो आती रहेगी लेकिन दोगुने उत्साह के साथ पुनः आगे बढ़ कर कार्य करने वाले ही लक्ष्य को प्राप्त करते हैं।

डोरंडा कॉलेज के प्राध्यापक मनोज कुमार ने शिक्षक प्रशिक्षक दिवस इस संगठन की पूरे राष्ट्र ही नहीं बल्कि विश्व को देन हैं जिससे प्रशिक्षकों को भी समाज में अपनी पहचान मिल सकेगी। कार्यक्रम का समापन संरक्षक प्रो.तनवीर युनुस की अनुमति से हुआ।